VPL

वर्ष 10 अंक 332
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, मंगलवार
9 सितंबर 2025
मूल्य: 4 रुपये

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर



nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in

DELHIN/ 2015 / 65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20

03 मानहानि मामला: मेधा पाटकर ने उच्चतम न्यायालय से अपनी... | 06 रूस-यूक्रेन युद्ध : शांति अभी दूर है?- ऋषभदेव शर्मा | 11 मोहम्मद सिराज आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए नामित हुए




" हर दिन एक नया सूरज है, एक नई शुरुआत है, इसे व्यर्थ न जाने दो। "



Saurabh Shivhare




# अगला उप राष्ट्रपति कौन, सांसद आज करेंगे फैसला

## एनडीए या इंडिया गठबंधन, उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में किसके पक्ष में है नंबर गेम

**नयी दिल्ली,** (भाषा) लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य मंगलवार को तय करेंगे कि सी. पी. राधाकृष्णन और बी. सुदर्शन रेड्डी में से देश का अगला उप राष्ट्रपति कौन होगा।

राधाकृष्णन, सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार हैं, जिनका सीधा मुकाबला विपक्ष के संयुक्त प्रत्याशी सुदर्शन रेड्डी से है।

उप राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान मंगलवार 9 सितंबर को सुबह 10 बजे शुरू होगा और शाम 5 बजे समाप्त होगा। मंगलवार देर शाम तक नतीजे घोषित होने की उम्मीद है। उप राष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी राज्यसभा महासचिव पी. सी. मोदी ने कहा है कि मतदान मंगलवार को संसद भवन के कमरा संख्या एफ-101, वसुधा में होगा।

देश के 17वें उप राष्ट्रपति चुनाव के लिए, निर्वाचक मंडल में राज्यसभा के 233 निर्वाचित सदस्य (वर्तमान में पांच सीटें रिक्त हैं), तथा 12 मनोनीत सदस्य और लोकसभा के 543 निर्वाचित सदस्य (वर्तमान में एक सीट रिक्त है) शामिल हैं।


निर्वाचक मंडल में कुल 788 सदस्य (वर्तमान में 781) हैं।

इस बार दोनों उम्मीदवार दक्षिण भारत से हैं। राधाकृष्णन तमिलनाडु से जबकि रेड्डी तेलंगाना से हैं।

संसद के हालिया मानसून सत्र के दौरान जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए उप राष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था, हालांकि उनका कार्यकाल दो साल बचा हुआ था। इनके इस्तीफे के कारण यह चुनाव हो रहा है।

विभिन्न दलों द्वारा दिए गए समर्थन को आधार बनाकर आंकड़ों के लिहाज से देखें तो राजग उम्मीदवार का पलड़ा भारी है। हालांकि विपक्ष के उम्मीदवार रेड्डी बार-बार यह कहकर अपनी दावेदारी को मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं कि लड़ाई वैचारिक है तथा यह मतदान सिर्फ उप राष्ट्रपति चुनने के लिए नहीं है, बल्कि भारत की भावना के लिए है।

चुनाव से एक दिन पहले, विपक्ष के सांसदों ने एकजुटकता प्रकट करते हुए बैठक की और 'मॉक' (प्रतीकात्मक) मतदान में हिस्सा लिया ताकि मंगलवार को मतदान के बाद उनका एक-एक वोट वैध करार हो। विपक्षी सांसदों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया



कि उनका वोट बर्बाद न हो, क्योंकि पिछली बार कुछ वोट अवैध घोषित कर दिए गए थे।

इस बीच, राजग ने भी चुनाव प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए अपने सांसदों की बैठक की। सदस्यों ने 'मॉक' मतदान में भी भाग लिया।

मतदान से एक दिन पहले ही, ओडिशा की प्रमुख विपक्षी पार्टी बीजू जनता दल (बीजद) ने फैसला किया कि उसके सांसद उप राष्ट्रपति चुनाव में मतदान नहीं करेंगे।

पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के नेतृत्व वाली पार्टी ने कहा कि उसने राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के नेतृत्व वाले राजग और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन दोनों से ''समान दूरी बनाए रखने'' की अपनी नीति के तहत यह निर्णय लिया है।

असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व वाली पार्टी एआईएमआईएम ने चुनाव में विपक्षी उम्मीदवार का समर्थन करने का फैसला किया है।

उप राष्ट्रपति पद के राजग उम्मीदवार राधाकृष्णन तमिलनाडु की एक प्रमुख ओबीसी जाति गौंडर से आते हैं और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की पृष्ठभूमि से हैं।

राधाकृष्णन को 2023 में झारखंड का राज्यपाल बनाया गया था और फिर जुलाई 2024 में महाराष्ट्र स्थानांतरित कर दिया गया था।

अपने पूर्ववर्ती धनखड़ के विपरीत, राधाकृष्णन ने राज्यपाल के रूप में विवादास्पद राजनीतिक मुद्दों पर सार्वजनिक रूप से टिप्पणी करने से काफी हद तक परहेज किया है।

धनखड़ भी 2022 में राजग के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में नामित होने से पहले उनकी तरह ही राज्यपाल थे।

वह 1998 में कोयंबटूर से पहली बार लोकसभा के लिए चुने गए और 1999 में वह फिर से इस सीट से लोकसभा के लिए चुने गए।

सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले दिनों एक बैठक में राधाकृष्णन की सादगी भरी जीवनशैली और विभिन्न पदों पर रहते हुए जनसेवा के प्रति उनके समर्पण की सराहना की थी और कहा था कि राधाकृष्णन को खेलों में काफी रुचि हो सकती है लेकिन वह राजनीति में खेल नहीं खेलते।

विपक्ष के संयुक्त उम्मीदवार रेड्डी उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश हैं और गोवा के लोकायुक्त रहे हैं। वह हैदराबाद स्थित अंतरराष्ट्रीय माध्यस्थम् एवं मध्यस्थता केंद्र के न्यासी बोर्ड के सदस्य भी हैं।

रेड्डी जुलाई 2011 में शीर्ष अदालत से सेवानिवृत्त हुए थे। उन्होंने एक फैसले में, नक्सलियों से लड़ने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा गठित सलवा जुडूम को असंवैधानिक घोषित कर दिया था। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में रेड्डी ने विदेश में बैंक खातों में अवैध रूप से रखे गए बेहिसाब धन को वापस लाने के लिए सभी कदम उठाने के वास्ते एक विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन का आदेश दिया था।

पिछले दिनों गृह मंत्री अमित शाह ने बतौर न्यायाधीश रेड्डी द्वारा सलवा जुडूम के मामले में दिए गए फैसले को लेकर उन पर निशाना साधा था।

शाह ने उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश पर नक्सलवाद का ''समर्थन'' करने का आरोप लगाया था। उन्होंने दावा किया था कि अगर सलवा जुडूम पर फैसला नहीं आता, तो वामपंथी उग्रवाद 2020 तक ही खत्म हो गया होता।

सलवा जुडूम के फैसले को लेकर अमित शाह द्वारा उन पर किए गए हमले पर रेड्डी ने कहा था कि यह उनका फैसला नहीं था, बल्कि उच्चतम न्यायालय का था तथा शाह को 40 पृष्ठों का फैसला जरूर पढ़ना चाहिए।

## उपराष्ट्रपति चुनाव में मतदान से दूर रहेगी बीआरएस

**हैदराबाद,** (भाषा) भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष के.टी. रामा राव ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी राज्य में यूरिया की कमी को लेकर तेलंगाना के किसानों की ''पीड़ा'' व्यक्त करने के लिए नौ सितंबर को होने वाले उपराष्ट्रपति चुनाव से दूर रहेगी।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और भाजपा दोनों ही (यूरिया की कमी के) मुद्दे को सुलझाने में ''विफल'' रही हैं। बीआरएस नेता ने कहा कि यूरिया की कमी इतनी अधिक है कि यूरिया के लिए कतारों में इंतजार करते समय किसानों के बीच झड़पें हो रही हैं।

रामा राव ने संवाददाताओं से कहा, ''हम मतदान से दूर रहेंगे। हम इसमें भाग नहीं लेंगे।'' उन्होंने कहा कि यदि उपराष्ट्रपति चुनाव में नोटा का विकल्प उपलब्ध होता तो बीआरएस इसका प्रयोग कर सकती थी। रामा राव के अनुसार, उनकी पार्टी को उपराष्ट्रपति चुनाव में दोनों उम्मीदवारों, राजग के सी.पी. राधाकृष्णन और विपक्ष के न्यायमूर्ति बी. सुदर्शन रेड्डी, से कोई आपत्ति नहीं है। उन्होंने हालांकि स्वीकार किया कि दोनों अच्छे उम्मीदवार हो सकते हैं, लेकिन कहा कि वे क्रमशः भाजपा और 'इंडिया' का प्रतिनिधित्व करते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### नेपाल सोशल मीडिया प्रतिबंध : युवा प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प में 14 लोगों की मौत

काठमांडू, (भाषा) नेपाल में सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाए जाने के विरोध में राजधानी काठमांडू और कुछ अन्य इलाकों में सोमवार को युवाओं ने हिंसक प्रदर्शन किया, जिसके दौरान कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। काठमांडू में हालात को नियंत्रित करने के लिए अधिकारियों को सेना को तैनात करना पड़ा। काठमांडू में 'जेन ज़ी' के बैनर तले स्कूली छात्रों समेत हजारों युवा संसद भवन के सामने इकट्ठा हुए और प्रतिबंध को तुरंत हटाने की मांग करते हुए सरकार विरोधी नारे लगाए। नेपाली मीडिया के अनुसार इस हिंसक प्रदर्शन में 14 लोगों की मौत हुई है। हालांकि, मौतों की आधिकारिक संख्या के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं है।

## जम्मू कश्मीर के कुलगाम में मुठभेड़ में दो आतंकवादी ढेर, दो जवान शहीद



श्रीनगर, (भाषा) जम्मू कश्मीर के कुलगाम जिले में सोमवार को मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए और दो सैनिक शहीद हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने गुडार वन क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद तलाश अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि तलाश अभियान के दौरान आतंकवादियों द्वारा सुरक्षा बलों पर गोलियां चलाए जाने के बाद मुठभेड़ शुरू हो गयी। सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''जम्मू कश्मीर पुलिस को खुफिया सूचना मिलने के बाद भारतीय सेना, पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने कुलगाम के गुडार जंगल में संयुक्त तलाश अभियान चलाया।''

पोस्ट में कहा गया कि सतर्क सैनिकों ने संदिग्ध गतिविधि देखी और आतंकवादियों को ललकारा, जिसपर आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, ''जिसके बाद दोनों ओर से भीषण गोलीबारी हुई और एक आतंकवादी मारा गया, वहीं एक जूनियर कमीशन अधिकारी घायल हो गया''। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मारे गए आतंकवादियों में से एक स्थानीय था, जबकि दूसरा विदेशी आतंकवादी था, जिसका कोड नाम 'रहमान भाई' था।

## आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबाले को एम्स-जोधपुर में भर्ती कराया गया

**जोधपुर/नयी दिल्ली,** (भाषा) राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के महासचिव दत्तात्रेय होसबाले को सोमवार को उच्च रक्तचाप के कारण अचानक बीमार पड़ने के बाद एम्स-जोधपुर में भर्ती कराया गया। अस्पताल के चिकित्सकों ने यह जानकारी दी।

चिकित्सकों की एक टीम आरएसएस के सरकार्यवाह होसबाले का इलाज कर रही है। एम्स जोधपुर के चिकित्सक के अनुसार, उनकी हालत बेहतर है और उन्हें निगरानी में रखा गया है। चिकित्सक ने कहा, ''दोपहर में होसबाले की तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें तुरंत एम्स लाया गया, जहां उनका रक्तचाप उच्च होने का पता चला।'' आरएसएस के राष्ट्रीय प्रचार एवं मीडिया विभाग के प्रमुख सुनील आंबेकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि होसबाले अब ठीक हैं और ''पूरी तरह से स्वस्थ'' हैं। उन्होंने कहा, ''थोड़ी बेचैनी महसूस होने के बाद एहतियात के तौर पर आज दोपहर में वह जोधपुर के एक अस्पताल गए थे। चिकित्सकों ने उन्हें पूरी तरह से स्वस्थ बताया है।''

## उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले विपक्ष ने दिखाई एकजुटता, किया 'मॉक' मतदान

नयी दिल्ली, (भाषा) विपक्ष के सांसदों ने उपराष्ट्रपति चुनाव से एक दिन पहले सोमवार को एकजुटकता प्रकट करते हुए बैठक की और 'मॉक' (प्रतीकात्मक) मतदान में हिस्सा लिया ताकि मंगलवार को मतदान के बाद उनका एक-एक वोट वैध करार हो।

विपक्षी नेताओं ने 'संविधान सदन' के केंद्रीय कक्ष में बैठक कर अपनी रणनीति पर चर्चा की। बैठक में कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के प्रमुख शरद पवार और कई अन्य दलों के सांसद शामिल हुए।

सूत्रों ने बताया कि विपक्ष ने यह फैसला भी किया कि उपराष्ट्रपति चुनाव में कांग्रेस सांसद सैयद नासिर हुसैन और मणिकम टैगोर तथा तृणमूल कांग्रेस की सांसद शताब्दी रॉय विपक्षी उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी के पोलिंग एजेंट होंगे तथा कांग्रेस सांसद शक्ति सिंह गोहिल एवं टैगोर मतगणना एजेंट होंगे। उन्होंने कहा कि विपक्षी सांसदों



को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि उनका वोट बर्बाद न हो, क्योंकि पिछली बार कुछ वोट अवैध घोषित कर दिए गए थे। संसद सदस्य उपराष्ट्रपति चुनाव में मतदान करने के लिए पार्टी व्हिप से बाध्य नहीं हैं तथा इसमें गुप्त मतदान प्रणाली होती है।

मतदान के लिए सांसदों को मतपत्र सौंपे जाएंगे, जिसमें चुनाव लड़ने वाले दो उम्मीदवारों के नाम होंगे और उन्हें अपनी पसंद के उम्मीदवार के नाम के सामने '1' अंक लिखकर अपनी प्राथमिकता अंकित करनी होगी।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे विपक्षी सांसदों के लिए संसदीय सौध में रात्रिभोज का आयोजन करने वाले थे, लेकिन इसे अब देश में बाढ़ की स्थिति के चलते रद्द कर दिया गया।

उपराष्ट्रपति चुनाव में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार सी पी राधाकृष्णन और विपक्ष के संयुक्त उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी के बीच सीधा मुकाबला है। इस बार दोनों उम्मीदवार दक्षिण भारत से हैं। राधाकृष्णन तमिलनाडु से हैं और रेड्डी तेलंगाना से हैं। चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी राज्यसभा महासचिव पी. सी. मोदी ने कहा है कि मतदान मंगलवार को संसद भवन के कमरा संख्या एफ-101, वसुधा में होगा। मतदान 9 सितंबर को सुबह 10 बजे शुरू होगा और शाम 5 बजे समाप्त होगा। राधाकृष्णन तमिलनाडु में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रहे हैं और वर्तमान में महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं, जबकि रेड्डी उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश हैं। रेड्डी जुलाई 2011 में शीर्ष अदालत से सेवानिवृत्त हुए थे। वह एक वरिष्ठ न्यायविद हैं। उन्होंने एक फैसले में, नक्सलियों से लड़ने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा गठित सलवा जुडूम को असंवैधानिक घोषित कर दिया था।

## दिल्ली: गोद लेने के फर्जी कागजात के आधार पर बच्चे बेचने के आरोप में डॉक्टर समेत 10 गिरफ्तार

**नयी दिल्ली,** (भाषा) गोद लेने के फर्जी कागजात का इस्तेमाल कर माता-पिता द्वारा अनचाहे शिशुओं को निःसंतान दंपतियों को 1.8 लाख रुपये से 7.5 लाख रुपये के बीच बेचे जाने के आरोप में गिरफ्तार किए गए 10 लोगों में एक डॉक्टर भी शामिल है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के विभिन्न स्थानों से एक वर्ष से कम आयु के छह शिशुओं को बचाया गया।

गिरफ्तार लोगों में मुख्य आरोपी सुंदर (35) भी शामिल है, जो कथित तौर पर बिचौलिए का काम करता था। पुलिस के अनुसार, सुंदर चिकित्सा प्रतिनिधि (एमआर) के रूप में काम करता था और बच्चों के माता-पिता तथा संभावित खरीदारों के बीच समन्वय स्थापित करता था।

अन्य आरोपियों में एक डॉक्टर भी शामिल है, जिसकी पहचान कमलेश कुमार (33) के रूप में हुई है और वह आगरा जिले के फतेहाबाद कस्बे में स्थित केके अस्पताल का मालिक है। पुलिसकर्मियों ने कमलेश को पकड़ लिया, जो मरीज़ बनकर उसके क्लिनिक में गए थे। इस मामले में दो बहनें कृष्णा (28) और प्रीति (30) भी आरोपी हैं। कृष्णा बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड सर्जरी (बीएएमएस) पाठ्यक्रम की अंतिम वर्ष की छात्रा है और प्रीति बीएएमएस की डिग्री पूरी कर चुकी है। उनकी मां नर्स का काम करती है और दोनों बहनों पर अनचाहे बच्चों को जन्म देने में भी शामिल होने का आरोप है।

पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पूर्वी) हेमंत तिवारी ने बताया कि मामला 22 अगस्त को तब सामने आया जब ईंट भट्टे पर काम करने वाले उत्तर प्रदेश के बांदा निवासी सुरेश ने शिकायत दर्ज कराई कि उसका सबसे छोटा बेटा देर रात आईएसबीटी सराय काले खां से लापता हो गया है।

अपनी पत्नी और चार बच्चों के



साथ बहरोड़ जा रहा सुरेश आराम करने के लिए आईएसबीटी पर रुका था। उसने बताया कि जब परिवार प्लेटफॉर्म नंबर दो पर सो रहा था तो रात करीब 11 बजे उन्हें पता चला कि उनका छह महीने का बच्चा गायब है।

सनलाइट कॉलोनी थाने में अपहरण और तस्करी से संबंधित भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं के साथ-साथ किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया।

टीम ने आईएसबीटी की सीसीटीवी फुटेज खंगाली और संदिग्धों को बस स्टैंड से बच्चे को ले जाते हुए देखा। अधिकारी ने कहा, ''सीसीटीवी में दो लोग संदिग्ध हालत में एक बच्चे को ले जाते हुए दिखाई दे रहे थे। हालांकि, आईएसबीटी से बाहर निकलने के बाद हमें कोई सुराग नहीं मिला। हमने उस दौरान इलाके में सक्रिय मोबाइल नंबर को खंगाला और ऐसे चार-पांच नंबर पर ध्यान केंद्रित किया।''

तकनीकी निगरानी और खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस उत्तर प्रदेश के फतेहाबाद के पिनाहट पहुंची, जहां संदिग्धों में से एक को गिरफ्तार कर लिया गया जिसकी पहचान वीरभान (30) के रूप में हुई।

पूछताछ के दौरान, वीरभान ने कथित तौर पर खुलासा किया कि उसने अपने ससुर कालीचरण (45) के साथ मिलकर रामबरन नाम के एक व्यक्ति के इशारे पर बच्चे का अपहरण किया था, जिसने उन्हें लगभग पांच से छह महीने के बच्चे के बदले पैसे देने का वादा किया था। इसके बाद, आरोपी बच्चे को केके अस्पताल ले गया, जहां डॉ. कमलेश कथित तौर पर तस्करी की इस कड़ी में एक अहम कड़ी था। पुलिस ने बताया कि डॉक्टर ने तीनों को इस अपराध के लिए 50-50 हज़ार रुपये दिए थे। इसके बाद पुलिस मरीज बनकर अस्पताल परिसर में घुस गई, जहां एक पुलिसकर्मी ने हृदय रोगी होने का नाटक किया, जबकि दो अन्य ने तीमारदार बनकर डॉक्टर से इलाज करने का आग्रह किया।

## दिल्ली 'कलश' चोरी मामला : उप्र के हापुड़ से एक व्यक्ति गिरफ्तार, कलश बरामद

नयी दिल्ली, (भाषा) पुलिस ने उत्तर प्रदेश के हापुड़ से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से सोने का कलश बरामद कर लिया है, जो यहां लालकिले के पास आयोजित एक धार्मिक समारोह के दौरान चोरी हो गया था। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

लालकिले के निकट 15 अगस्त पार्क में तीन सितंबर को जैन धार्मिक समारोह से 760 ग्राम सोने और 150 ग्राम हीरे, माणिक और पन्ने से जड़ा लगभग एक करोड़ रुपये मूल्य का यह 'कलश' चोरी हो गया था। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच उत्तरी जिला पुलिस और अपराध शाखा की एक टीम संयुक्त रूप से कर रही है। इसने कहा कि सुराग के आधार पर एक टीम हापुड़ भेजी गई और आरोपी भूषण वर्मा को पकड़कर हिरासत में ले लिया गया। इस संबंध में एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''उसकी निशानदेही पर चोरी हुआ कलश भी बरामद कर लिया गया।''



उन्होंने बताया कि आरोपी को पूछताछ के लिए दिल्ली लाया जा रहा है।

पुलिस ने बताया कि वर्मा की पृष्ठभूमि, उसके साथियों और चोरी के पीछे के मकसद की जांच की जा रही है।

सिविल लाइंस निवासी व्यवसायी सुधीर जैन ने इस मामले में शिकायत दर्ज कराई थी। जिस कार्यक्रम से कलश चोरी हुआ, वह 28 अगस्त को शुरू हुआ था और नौ सितंबर को समाप्त होगा। जैन ने पुलिस को बताया कि वह अनुष्ठान के लिए हर दिन 'कलश' अपने साथ लाते थे। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने कलश उस समय चुराया जब लोग लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के स्वागत में व्यस्त थे।

इसने पहले बताया था कि संदिग्ध कई दिन से कार्यक्रम स्थल पर लगातार आ रहा था और टोह ले रहा था। पुलिस ने बताया था कि उसने पारंपरिक कपड़े पहने और आयोजकों के साथ घुल मिलकर मंच पर बैठ गया, जहां 'कलश' रखा गया था। सूत्रों ने कहा कि आरोपी ने वहां से कुछ अन्य महत्वपूर्ण सामान भी उठाया था और उसने चोरी की सोची-समझी योजना बनाई थी।

# GST 2.0 के बदलाव से गत्ता उद्योग पर आर्थिक दबाव बढ़ा, व्यापार मंडल ने पीएम मोदी से मदद मांगी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**नई दिल्ली।** फेडरेशन ऑफ आल इंडिया व्यापार मंडल (FAM) ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को लिखे पत्र के माध्यम से गत्ता उद्योग पर बढ़ते आर्थिक दबाव की ओर ध्यान दिलाया है। फेडरेशन का कहना है कि GST 2.0 के नए बदलावों के कारण गत्ता उद्योग को अतिरिक्त बोझ का सामना करना पड़ रहा है।

पत्र में बताया गया है कि पहले क्राफ्ट पेपर खरीदने पर 12% GST लगता था और उसे गत्ता बनाकर बेचने पर भी 12% GST देना होता था। नए बदलावों के तहत अब क्राफ्ट पेपर खरीदने पर 18% GST लगेगा जबकि गत्ता बनाकर बेचने पर 5% GST की दर लागू होगी। इससे गत्ता उद्योग पर कुल 13% अतिरिक्त GST का बोझ बढ़ गया है।फेडरेशन के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष व मध्य प्रदेश के प्रभारी मनोज गुप्ता ने पत्र में स्पष्ट किया कि पहले ही पेपर की बढ़ती कीमतें उद्योग की मजबूरी बढ़ा रही हैं और अब यह अतिरिक्त GST गत्ता फैक्ट्री संचालकों के लिए आर्थिक रूप से असहनीय बन गया है। उनका कहना है कि ऐसे हालात में कई गत्ता फैक्ट्री आर्थिक रूप से डिफाल्टर होने की स्थिति में पहुँच सकती हैं।

पत्र में प्रधानमंत्री से आग्रह किया गया है कि वे इस संदर्भ में FAM के माध्यम से गत्ता उद्योग के व्यापारियों की पीड़ा को समझें और आवश्यक कदम उठाकर उद्योग को राहत प्रदान करें। फेडरेशन का मानना है कि यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो गत्ता उद्योग में उत्पादन और व्यापार प्रभावित होंगे, जिससे रोजगार और आर्थिक संतुलन भी दांव पर लग सकता है।

इस मामले में FAM का जोर है कि GST दरों के बदलाव से उद्योग पर सीधे वित्तीय असर पड़ रहा है और तत्काल सुधार की आवश्यकता है। व्यापार मंडल ने आशा व्यक्त की है कि सरकार गत्ता उद्योग की समस्याओं को गंभीरता से लेकर समुचित समाधान प्रदान करेगी।

## एयरबीएनबी ने बीते वर्ष 1.11 लाख नौकरियां सृजित करने में की मदद

**मुंबई, (भाषा)** यात्रियों को रहने और मकान मालिकों को मकान साझा कराने की सुविधा देने वाले वैश्विक मंच एयरबीएनबी ने सोमवार को कहा कि उसने 2024 में भारत में लगभग 1.11 लाख नौकरियां सृजित करने में मदद की और लगभग 2,400 करोड़ रुपये के वेतन का योगदान दिया। यह देश की पर्यटन और होटल अर्थव्यवस्था में इसकी बढ़ती भूमिका को दर्शाता है। एयरबीएनबी के भारत में आर्थिक प्रभाव (मई 2025) रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में, भारत में एयरबीएनबी के मेहमानों का खर्च 11,200 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जिसमें आवास और गैर-आवास दोनों खर्च शामिल हैं। ऑक्सफोर्ड इकॉनमिक्स द्वारा तैयार यह रिपोर्ट, वर्ष 2024 के लिए वैश्विक स्तर पर मकान साझा करने की सुविधा देने वाले मंच के आंकड़ों पर आधारित है।इसके अलावा, रिपोर्ट से पता चलता है कि 2024 में, भारत में एयरबीएनबी मेहमानों में घरेलू यात्रियों की संख्या लगभग 91 प्रतिशत रही।

### महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह की तैयारियां प्रारंभ

## 22 सितंबर को निकलेगी भव्य शोभायात्रा और होगा मुख्य समारोह




नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

गोंदिया। अग्रकुल प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन जयंती इस वर्ष भी श्री अग्रसेन भवन, गोंदिया मे श्री अग्रसेन स्मारक समिति के तत्वावधान में धूमधाम से मनाई जाएगी।संस्था सचिव आशीष अग्रवाल ने बताया कि 18 सितंबर से प्रारंभ हो रहे चार दिवसीय कार्यक्रमों की तैयारियां जोरों पर हैं। 22 सितंबर को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसके पश्चात आयोजित मुख्य समारोह में समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान एवं मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रावीण्यता पदक प्रदान किए जाएंगे।जयंती समारोह के मुख्य अतिथियों में मुंबई से उद्योगपति श्री संजयजी भागीरथमलजी अग्रवाल, आदिलाबाद से समाजसेवी श्री बजरंगलालजी गुलाबचंदजी अग्रवाल, श्री पवनकुमारजी रामकिशनजी अग्रवाल तथा गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में यंगेस्ट सीए के रूप में दर्ज कराने वाली मुरैना की सीए नंदिनी नरेशचंद्रजी अग्रवाल शामिल रहेंगे।समिति अध्यक्ष निलेश अग्रवाल के नेतृत्व में महिला समिति अध्यक्षा स्वाति गोयल, युवा समिति अध्यक्ष पार्थ अग्रवाल, युवती समिति अध्यक्षा मुस्कान अग्रवाल एवं समस्त कार्यकारिणी समाज बंधुओ के साथ तैयारियों मे सक्रिय है।

## गंगा तट पर गूँजे सुर: सुर-सरिता ने हरिद्वार की शाम को बनाया अविस्मरणीय





नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**हरिद्वार।** गंगा के पावन तट पर स्थित आतिथ्यम होटल कल शाम सुरों और संगीत से झूम उठा, जब वहाँ "सुर-सरिता" नामक भव्य संगीत समारोह का आयोजन किया गया। इस संगीतमय संध्या का आयोजन आदरणीय डॉ. सरिता अग्रवाल द्वारा किया गया, जिन्होंने अपने सूक्ष्म प्रबंधन और समर्पण से इसे यादगार बना दिया।कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से आए प्रतिभाशाली गायकों ने अपनी-अपनी अनूठी शैली और सुरों से उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कभी मधुर रागों ने भावनाओं को झकझोर दिया, तो कभी जोशीले सुरों ने वातावरण में उल्लास भर दिया। पूरा माहौल संगीत की लहरों से सराबोर होकर श्रद्धा, आनंद और एकता की भावना से भर गया।दर्शकों की उत्साहपूर्ण तालियाँ और प्रशंसा इस कार्यक्रम की सफलता का प्रमाण बनीं। सभी ने आयोजन की अनुकरणीय व्यवस्था और सहज वातावरण की सराहना की। इस आयोजन ने न केवल संगीत की विविधता का उत्सव मनाया, बल्कि भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को भी सशक्त ढंग से प्रस्तुत किया।डॉ. सरिता अग्रवाल ने कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों और दर्शकों का आभार व्यक्त किया और कहा कि संगीत केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि सद्भाव और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का माध्यम है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे और यादगार आयोजनों का वादा किया, ताकि हरिद्वार में कला और संस्कृति की यह सरिता निरंतर बहती रहे।



श्री राम बाला जी धाम में नतमस्तक होते हुए आरएसएस के डॉ. राजीव कुमार (अखिल भारतीय विचार विभाग प्रमुख, स्वदेशी जागरण मंच) अपने साथियों संग आशीर्वाद प्राप्त करते हुए, इस अवसर पर जगद्गुरु स्वामी असंगानंद महाराज जी ने उन्हें सम्मानित किया।

## निशि रस्तोगी: व्यवसाय और सशक्तिकरण की ग्लोबल आइकॉन






नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

लखनऊ की बेटी निशि रस्तोगी [अधिरा बल्लभ] ने अपने जीवन और कार्य से यह सिद्ध कर दिया है कि कला, उद्यमिता और समाज सेवा का संगम किसी भी व्यक्ति को वैश्विक पहचान दिला सकता है। बचपन से ही नृत्य में गहरी रुचि रखने वाली निशि ने भरतनाट्यम की प्रारंभिक शिक्षा अपनी माँ से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने कुमारी लक्ष्मी श्रीवास्तव, गुरु प्रेम चंद और यतेन्द्र चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में अपने कौशल को निखारा। इसके अलावा इंदुमति रामन, स्व. सरोजा वैद्यनाथन और पद्मविभूषण सोनल मानसिंह जैसे गुरुओं से प्रशिक्षण लेकर उन्होंने भरतनाट्यम की बारीकियों को गहराई से आत्मसात किया।शैक्षिक रूप से भी निशि ने मास कम्युनिकेशन में मास्टर डिग्री हासिल की और इसके बाद उन्होंने Dore Oofy Solutions Pvt. Ltd. की स्थापना की। उनके ब्रांड Oofy Packaging Drinking Water ने व्यवसायिक सफलता के नए आयाम स्थापित किए। लेखक के रूप में भी निशि सक्रिय हैं; उनकी किताब "शुक्रिया ज़िंदगी" पाठकों के बीच लोकप्रिय रही, जबकि उनकी दूसरी किताब "आदि अनंत शिव" जल्द प्रकाशित होने वाली है। कोविड-19 महामारी के दौरान निशि ने लखनऊ लौटकर जरूरतमंदों तक भोजन, राशन और दवाइयाँ पहुँचाने में अहम भूमिका निभाई, जिससे उनके मानवतावादी दृष्टिकोण का प्रमाण मिला।कला के क्षेत्र में निशि ने बॉलीवुड फिल्म "मिस तनकपुर हाज़िर हो" में कोरियोग्राफ़र के रूप में काम किया और कई टीवी शो तथा Flame of India Dance Show में प्रस्तुति दी। वे झूमे नाचे गाए (ETV U.P.), Talent of Bollywood, Marvellous Face of India Beauty Queen Contest और Rising Star Dance Reality Show जैसी प्रतियोगिताओं में जूरी भी रही हैं।उनकी उपलब्धियाँ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सराही गई हैं। मलेशिया, सिंगापुर और इंडोनेशिया से उन्हें Golden Phoenix Award, Pacific Queen of Diamond Award, Aquamarine Queen of Diamond Award और World Peace Certificate जैसे अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुके हैं। वहीं, भारत में उन्हें भारत गौरव अवॉर्ड, नटराज रत्न अवॉर्ड, महिला गौरव अवॉर्ड, राष्ट्रीय नृत्य भूषण अवॉर्ड और भारत कला भूषण अवॉर्ड सहित 30+ पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है।निशि रस्तोगी केवल कला या व्यवसाय तक सीमित नहीं हैं; उनकी सुंदरता, करिश्मा और आत्मविश्वास उन्हें प्रेरणा की जीवंत मिसाल बनाते हैं। उनका संदेश है, "सपनों को साकार करने के लिए मेहनत ही नहीं, बल्कि जुनून और विश्वास भी ज़रूरी है।" निशि आज युवाओं और महिलाओं के लिए सशक्तिकरण और प्रेरणा का प्रतीक हैं, जिनकी कला, उद्यमिता और समाज सेवा उन्हें एक ग्लोबल आइकॉन बनाती है।

## पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की मदद को आगे आए अक्षय कुमार, दिए 5 करोड़ रुपये – बोले यह दान नहीं, सेवा है



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

बॉलीवुड के सुपरस्टार अक्षय कुमार अपनी शानदार अदाकारी के साथ-साथ उदारता और समाजसेवा के लिए भी जाने जाते हैं। जब भी कोई आपदा आती है, वे हमेशा जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे खड़े दिखाई देते हैं। इस बार भी उन्होंने पंजाब में आई भीषण बाढ़ के बीच राहत कार्यों के लिए हाथ बढ़ाया है। अक्षय कुमार ने बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए 5 करोड़ रुपये दिए हैं।पंजाब इन दिनों अपने इतिहास की सबसे विनाशकारी बाढ़ से जूझ रहा है। लगातार बारिश और बांध टूटने से हजारों परिवार प्रभावित हुए हैं। ऐसे कठिन समय में अक्षय कुमार ने मदद का हाथ बढ़ाया और इसे दान न मानकर सेवा बताया।

उन्होंने कहा, "मैं किसी को दान देने वाला कौन होता हूं? जब मुझे मदद का अवसर मिलता है तो यह मेरे लिए सौभाग्य की बात होती है। यह मेरा कर्तव्य है, मेरी सेवा है, और समाज के प्रति मेरा छोटा सा योगदान है।" अक्षय कुमार ने साथ ही भगवान से प्रार्थना की कि पंजाब जल्द ही इस आपदा से बाहर निकले और लोग दोबारा अपनी जिंदगी को नई शुरुआत दे सकें।

उनके इस कदम की लोग जमकर सराहना कर रहे हैं।गौरतलब है कि इस संकट की घड़ी में न सिर्फ अक्षय कुमार बल्कि रणदीप हुड्डा, कपिल शर्मा, पंजाबी गायक दिलजीत दोसांझ, एमी विर्क, अर्जुन ढिल्लों और सुनंदा शर्मा जैसे कई कलाकार भी मदद के लिए आगे आए हैं।

प्रशासन और सेना जहां राहत व बचाव कार्यों में जुटी है, वहीं कलाकारों की यह पहल बाढ़ प्रभावितों के लिए उम्मीद की किरण साबित हो रही है।

### परमार्थ सेवा समिति का गणेश विसर्जन पर वड़ा-पाव वितरण

## कैबिनेट मंत्री पीयूष गोयल और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी इस मौके पर रहे मौजूद

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो




**मुंबई।** गणेश विसर्जन के अवसर पर परमार्थ सेवा समिति, मुंबई ने सामाजिक सेवा और भक्ति का अद्वितीय संगम प्रस्तुत किया। समिति ने संस्था के चेयरमैन लक्ष्मीनारायण बियानी के मार्गदर्शन में ऑपेरा हाउस, मालाड और ठाणे के रेतीबंदर में वड़ा-पाव और बिस्कुट का विशाल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। परमार्थ यह सेवा लगातार पिछले 12 वर्षों से निभा रही है और इस बार भी गणेश भक्तों की सेवा में समिति ने 60 हजार से अधिक वड़ा-पाव और 20 हजार बिस्कुट पैकेट वितरित किए।ऑपेरा हाउस, दक्षिण मुंबई में वड़ा-पाव वितरण का शुभारंभ प्रमिला मनमोहन गोयनका ने किया, जबकि मालाड में उद्घाटन राजाराम हुरकट (माहेश्वरी) ने किया। इस अवसर पर परमार्थ के अध्यक्ष मनमोहन गोयनका, ट्रस्टी डॉ. गोपाल बियानी, डॉ. उत्तम जैन, संतोष सोमानी, आनंद प्रकाश गुप्ता और प्रमुख उद्योगपति पवन पोद्दार, सुरेश पंसारी, बालकिशन अग्रवाल सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि मलाड केंद्र पर केंद्रीय कैबिनेट मंत्री पीयूष गोयल और बीजेपी नेता विनोद शेलार विशेष रूप से पहुंचे और गणेश भक्तों के साथ सेवा कार्य का हिस्सा बने। वहीं, रेतीबंदर (ठाणे) में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, ठाणे पुलिस कमिश्नर आईपीएस धुमरे, सांसद नरेश म्हस्के और टीएमसी एवं पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे।

स्थानीय नगरसेवकों ने भी सहयोग किया। इस सेवा कार्य में मलाड समिति के पंडाल में पवन पुरोहित, पवन लाठ और सचिन रूंगटा सक्रिय रहे, जबकि ठाणे में मनोज राठी, कैलाश तापड़िया, राजेंद्र तापड़िया और अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा।समिति के आनंद प्रकाश गुप्ता ने बताया कि परमार्थ आने वाले महीनों में भी समाजहित के कार्य जारी रखेगी।

सितंबर में अंधेरी स्टेशन पर मेगा रक्तदान शिविर और अक्टूबर में दीपावली के अवसर पर जरूरतमंद परिवारों के लिए खाद्य सामग्री वितरण व दीपावली स्नेह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।इस आयोजन ने न केवल गणेश भक्तों के उत्साह को बढ़ाया बल्कि सामाजिक सेवा और जनकल्याण का उत्कृष्ट उदाहरण भी पेश किया।

### कोटा विश्वविद्यालय शतरंज प्रतियोगिता-2025

## आस्था सक्सेना और ओम प्रकाश सुथार ने किया बाजी पर कब्जा



**कोटा** विश्वविद्यालय के तत्वावधान में सोमवार को अंतर-महाविद्यालय महिला एवं पुरुष शतरंज प्रतियोगिता-२०२५ का आयोजन माँ भारती पी.जी. महाविद्यालय में किया गया। प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी बेहतरीन चालों से न केवल अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, बल्कि नए सितारे भी उभरकर सामने आए।कार्यक्रम में कोटा विश्वविद्यालय के खेल विशेषज्ञ डॉ. धीरेंद्र सक्सेना, डॉ. सौरभ दलेला, विनयराज सिंह तथा निर्णायक अविनाश उपस्थित रहे। आयोजन का संचालन महाविद्यालय निदेशक दिनेश विजय, प्राचार्य डॉ. श्वेता सक्सेना, आयोजक सचिव गजेंद्र नामा और शारीरिक शिक्षक देवेन्द्र शर्मा ने किया।प्रतियोगिता में महिला वर्ग में आस्था सक्सेना ने प्रथम स्थान प्राप्त कर जीत दर्ज की, जबकि कशिश दुसेजा द्वितीय और खुश्मिता गोचर तृतीय स्थान पर रहीं। पुरुष वर्ग में ओम प्रकाश सुथार ने शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान हासिल किया। ध्रुवल मालव द्वितीय और विनीत नागर तृतीय स्थान पर रहे।विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय निदेशक दिनेश विजय ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि छात्रों की मेहनत और लगन भविष्य में उन्हें नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। प्रतियोगिता ने साबित किया कि शतरंज केवल खेल ही नहीं, बल्कि बौद्धिक क्षमता और रणनीति का भी अद्भुत संगम है।

## 'कलेक्शन फ्री इंडिया' के सदस्य बने ब्रह्मपाल कपसिया

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**ग्रेटर नोएडा:** करप्शन फ्री इंडिया संगठन की कासना स्थित कार्यालय पर कोर कमेटी का विस्तार करते हुए ब्रह्मपाल कपासिया को कोर कमेटी में प्रमुख सदस्य के रूप में सदस्यता दी गई। बैठक में संगठन के द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ किए गए आंदोलन की समीक्षा बैठक एवं संगठन को मजबूत करने हेतु संगठन के जिला उपाध्यक्ष कुलवीर भाटी के नेतृत्व में आगामी योजनाएं बनाई गई। करप्शन फ्री इंडिया संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय एवं मास्टर दिनेश नागर ने बताया कि संगठन के द्वारा अगस्त क्रांति के अवसर पर गौतम बुद्ध नगर के सरकारी दफ्तरों में बढ़ते हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन किया जिसकी समीक्षा बैठक की गई। उन्होंने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए बुलंदशहर के किशनपुर गांव निवासी ब्रह्मपाल कपासिया को संगठन की कोर कमेटी का प्रमुख सदस्य नियुक्त किया गया। चौधरी प्रवीण भारतीय ने बताया कि सितंबर एवं अक्टूबर माह में संगठन गौतम बुद्ध नगर के प्रत्येक ब्लॉक तहसील नगर पंचायत एवं नगर पालिका स्तर पर सदस्यता अभियान चलाकर संगठन को मजबूत किया जाएगा। वहीं नवनिर्वाचित कोर कमेटी के प्रमुख सदस्य ब्रह्मपाल कपासिया ने कहा कि जो जिम्मेदारी संगठन ने मुझे दी है मैं उसे ईमानदारी एवं निष्ठा पूर्वक निभाऊंगा संगठन की विचारधारा को आगे बढ़ाऊंगा। इस दौरान- मा.दिनेश नागर, बलराज हूंण, प्रेमराज भाटी, प्रेम प्रधान, कुलबीर भाटी, गौरव भाटी, नीरज भाटी सुशील प्रधान, पिंटू मास्टर, दुलीचंद नागर, तेजवीर चौहान, मुकेश कसाना, विजय प्रधान, आकाश नागर, नवीन भाटी, रविन्द्र, पवन यादव, जितेंद्र कुमार, जयचंद चौहान, नितिन कुमार, सतवीर भाटी, लव यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## वास्तुकार प्रमोद जैन डिज़ाइनस्केप पुरस्कार 2025 से सम्मानित

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**जयपुर।** जोधपुर स्थित मारवाड़ अंतर्राष्ट्रीय केंद्र (एमआईसी) को सरकारी और नागरिक भवन श्रेणी में डिज़ाइनस्केप पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार वास्तुकार प्रमोद जैन और उनके कार्यालय मेसर्स प्रमोद जैन एंड एसोसिएट्स को 11 सितंबर 2025 को मुंबई के सहारा स्टार होटल में द इकोनॉमिक टाइम्स द्वारा आयोजित समारोह में प्रदान किया जाएगा।राष्ट्रीय निर्णायक मंडल ने एमआईसी को एक समकालीन वास्तुशिल्प चमत्कार बताते हुए इसकी जोधपुरी सांस्कृतिक विरासत के साथ उत्कृष्ट मेल की सराहना की। सूरसागर बलुआ पत्थर और पारंपरिक निर्माण तकनीकों का उपयोग करके यह केंद्र आधुनिक तकनीक और नवाचार को स्थानीय स्थापत्य शैली में एकीकृत करता है। एमआईसी में राजस्थान का सबसे बड़ा ऑडिटोरियम है, जिसमें 1,350 लोगों के बैठने की व्यवस्था है। अग्रभाग में भव्य प्रवेश द्वार, स्तरित छतें, पत्थर के स्तंभ और जालियों जैसी पारंपरिक सजावट शामिल हैं। इस केंद्र का उद्घाटन 25 सितंबर 2023 को हुआ था और यह शहर का प्रमुख सांस्कृतिक और व्यावसायिक स्थल बन गया है।एमआईसी नृत्य, संगीत, चित्रकला, हस्तशिल्प, अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों और कॉर्पोरेट कार्यक्रमों के लिए आदर्श स्थल है। प्रमोद जैन की यह परियोजना आधुनिक वास्तुकला और सांस्कृतिक विरासत का उत्कृष्ट मिश्रण प्रस्तुत करती है। डिज़ाइनस्केप पुरस्कार 2025 से इस भवन को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है।यह पुरस्कार जोधपुर की स्थापत्य कला और सांस्कृतिक धरोहर को मान्यता देने के साथ-साथ प्रमोद जैन की वास्तुकला में नवाचार और उत्कृष्टता को भी सराहता है।

# मानहानि मामला: मेधा पाटकर ने उच्चतम न्यायालय से अपनी याचिका वापस ली




नयी दिल्ली, (भाषा) नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता मेधा पाटकर ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय से अपनी वह याचिका वापस ले ली, जिसमें दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना के खिलाफ दायर 25 साल पुराने मानहानि मामले में और भी गवाहों से पूछताछ से इनकार करने संबंधी आदेश के खिलाफ याचिका दायर की गई थी।

न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने शुरूआत में कहा था कि इस मामले को बंद कर देना चाहिए।

पीठ उच्च न्यायालय के उस निर्देश को दी गई चुनौती के संबंध में कोई राहत देने के लिए तैयार नहीं थी, जिसमें पाटकर को सक्सेना के खिलाफ मानहानि की शिकायत के समर्थन में किसी और गवाह से पूछताछ करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया गया था।

पीठ के मिजाज को भांपते हुए, पाटकर के वकील ने याचिका वापस लेने का फैसला किया।

उच्च न्यायालय ने पहले मामले में किसी भी नये गवाह को अनुमति न देने संबंधी आदेश को बरकरार रखा था। उच्च न्यायालय ने मामले में किसी भी नये गवाह को अनुमति देने से यह कहते हुए इनकार कर दिया था कि यह केवल विलंब करने की तरकीब है, जिसका उद्देश्य दशकों से चल रहे मामले को और लंबा खींचना है और जहां उनके किसी भी गवाह ने उनके आरोपों को साबित नहीं किया है।

सक्सेना के वकील, वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह और अधिवक्ता गजिंदर कुमार एवं किरण जय ने पीठ को सूचित किया कि मामले की सुनवाई कर रही अदालत में चल रहा मामला अपने अनुसार चलता रहेगा।

सक्सेना और पाटकर ने एक-दूसरे के खिलाफ आपराधिक मानहानि के मुकदमे दायर किए थे।

पाटकर के खिलाफ सक्सेना द्वारा दर्ज मामले में, शीर्ष अदालत ने 11 अगस्त को उनकी (पाटकर की) दोषसिद्धि की पुष्टि की थी।

पीठ ने कहा कि वह इस मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश में हस्तक्षेप करने को इच्छुक नहीं है, जिसमें पाटकर को ''अच्छे आचरण की परिवीक्षा'' पर रिहा किया गया था, लेकिन उन्हें हर तीन साल में एक बार अदालत में पेश होना अनिवार्य किया गया था। पीठ ने कहा, ''हालांकि, याचिकाकर्ता के वकील की दलीलों को ध्यान में रखते हुए, लगाये गए दंड को रद्द किया जाता है और हम यह भी स्पष्ट करते हैं कि परिवीक्षा आदेश लागू नहीं होगा।''

उच्च न्यायालय ने 29 जुलाई को पाटकर (70) की दोषसिद्धि और सजा को बरकरार रखा था। सक्सेना ने यह मामला 25 साल पहले दायर किया था, जब वह गुजरात में एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) के प्रमुख थे। पाटकर ने इस मामले में मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा सुनाई गई दोषसिद्धि को बरकरार रखने संबंधी 2 अप्रैल के सत्र अदालत के आदेश को चुनौती दी थी।

## दिल्ली में मंगलवार को आंधी-तूफान और बारिश की संभावना

नयी दिल्ली, (भाषा) राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को अधिकतम तापमान 35.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से 2.1 डिग्री सेल्सियस अधिक है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी।

आईएमडी ने बताया कि दिल्ली में न्यूनतम तापमान 23.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से 1.7 डिग्री सेल्सियस कम है। आईएमडी ने राजधानी में मंगलवार को गरज के साथ बारिश की संभावना जताई है तथा अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 35 और 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है।

दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में सोमवार को मौसम की स्थिति काफी हद तक शुष्क रही और पिछले 24 घंटे में बारिश नहीं हुई। राजधानी में दिन के दौरान सापेक्षिक आर्द्रता का स्तर 87 प्रतिशत से 57 प्रतिशत के बीच दर्ज किया गया।

# न्यायालय ने बंगाल में कर्मचारियों को डीए देने संबंधी आदेश के खिलाफ अपील पर फैसला सुरक्षित रखा



नयी दिल्ली, (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा कलकत्ता उच्च न्यायालय के 2022 के महंगाई भत्ता (डीए) आदेश के खिलाफ दायर अपील सहित अन्य याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में राज्य सरकार से कहा था कि वह अपने कर्मचारियों को जुलाई 2009 से महंगाई भत्ते का बकाया जारी करे।

न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने फैसला सुरक्षित रखने से पहले राज्य सरकार की ओर से अभिषेक सिंघवी और हुजेफा अहमदी सहित वरिष्ठ अधिवक्ताओं तथा कर्मचारियों के परिसंघ एवं अन्य की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता पी एस पटवालिया तथा अन्य की दलीलें सुनीं। उच्च न्यायालय ने 20 मई, 2022 को राज्य प्रशासनिक न्यायाधिकरण (एसएटी) के एक आदेश को बरकरार रखा था और तृणमूल कांग्रेस सरकार को जुलाई 2009 से महंगाई भत्ते का बकाया जारी करने का निर्देश दिया, जब राज्य में वेतन और भत्ते का संशोधन (आरओपीए) तीन महीने के भीतर लागू हुआ था। इसने कहा था कि राज्य सरकार द्वारा अपने कर्मचारियों को अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक औसत की पद्धति का उपयोग करके गणना की जाने वाली दर पर महंगाई भत्ते का भुगतान न कर पाने के संबंध में वित्तीय असमर्थता का रुख स्वीकार्य नहीं है।

शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ राज्य सरकार द्वारा दायर अपील सहित चार याचिकाओं पर सुनवाई की।

निर्णय के लिए उठाए गए प्रमुख मुद्दों में से एक यह भी है कि क्या ''महंगाई भत्ता प्राप्त करने का अधिकार एक मौलिक अधिकार है'' या नहीं। न्यायमूर्ति करोल ने आदेश सुरक्षित रखते हुए पक्षकारों के वकीलों से दो सप्ताह के भीतर ''व्यापक लिखित अभ्यावेदन'' दाखिल करने को कहा।शीर्ष अदालत ने 16 मई को एक अंतरिम आदेश में राज्य सरकार को अगले तीन महीनों के भीतर अपने कर्मचारियों को बकाया महंगाई भत्ते का 25 प्रतिशत भुगतान करने को कहा था।

# अनुचित तरीकों के इस्तेमाल पर न्यायालय ने आरोपी से कहा: आप पूरी परीक्षा व्यवस्था को बर्बाद कर रहे हैं



नयी दिल्ली, (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने एक आरोपी को फटकार लगाते हुए सोमवार को कहा कि वह ''पूरी सार्वजनिक परीक्षा व्यवस्था को बर्बाद कर रहा है।'' व्यक्ति पर आरोप है कि उसने दिसंबर 2024 में उत्तर प्रदेश में आयोजित केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी) में अपने स्थान पर किसी और व्यक्ति को बैठाया।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने यह भी कहा कि ''मुन्ना भाई अंदर रहना चाहिए''। पीठ का इशारा परोक्ष तौर पर बॉलीवुड फिल्म ''मुन्ना भाई एमबीबीएस'' की ओर ओर था।

वर्ष 2003 की इस फिल्म में अभिनेता संजय दत्त ने मुन्ना भाई का किरदार निभाया था, जो मेडिकल परीक्षा में अपने स्थान पर किसी और व्यक्ति को बैठाता है। पीठ ने कहा, ''आप सार्वजनिक परीक्षाओं की पूरी प्रणाली को नष्ट कर रहे हैं। ऐसे लोगों के कारण कई अभ्यर्थी नुकसान उठाते हैं।''

याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि इस मामले में तीन लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया गया था और उनमें से दो को जमानत मिल गई है। उन्होंने कहा कि कथित 'पेपर सॉल्वर' (सवाल हल करने वाले) को भी जमानत मिल गई है, जो याचिकाकर्ता की जगह परीक्षा में बैठा था।

पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया और याचिकाकर्ता को जमानत नहीं देने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर जवाब मांगा। पीठ ने मामले की सुनवाई चार सप्ताह के लिए टाल दी।

शिकायतकर्ता और अन्य लोगों के खिलाफ कथित अपराधों के लिए स्कूल के प्रिंसिपल द्वारा दायर शिकायत के आधार पर बीएनएस और उत्तर प्रदेश लोक परीक्षा (अनुचित साधनों का रोकथाम) अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया था। इसमें आरोप लगाया गया था कि स्कूल में परीक्षा 15 दिसंबर 2024 को आयोजित की गई थी और एक संदिग्ध अभ्यर्थी के बारे में जानकारी मिली थी।

पुनः जांच करने पर पता चला कि उसका बायोमेट्रिक डेटा मेल नहीं खा रहा और यह भी पता चला कि याचिकाकर्ता संदीप सिंह पटेल की जगह एक अन्य व्यक्ति फर्जी प्रवेश पत्र का इस्तेमाल करके परीक्षा दे रहा था।

याचिकाकर्ता ने उच्च न्यायालय में दावा किया था कि उसे इस मामले में झूठा फंसाया गया है और परीक्षा के दिन वह चिकित्सकीय रूप से अनफिट था और अस्पताल में भर्ती था। याचिकाकर्ता ने उच्च न्यायालय में यह भी दावा किया था कि उसे इस बात की जानकारी नहीं थी कि उसकी जगह कोई दूसरा व्यक्ति परीक्षा में बैठा है।

## दोहरा हत्याकांड, चार लोग पकड़े गए

नयी दिल्ली, (भाषा) उत्तर-पूर्वी दिल्ली के प्रताप नगर में दो दोस्तों की हत्या करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि पांच सितंबर को प्रताप नगर के सी-ब्लॉक में सुधीर उर्फ बंटी (35) और राधे प्रजापति (30) को अज्ञात हमलावरों ने गोली मार दी थी, जिसके बाद जीटीबी अस्पताल में इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, ''आरोपियों की पहचान चेतन्य तोमर उर्फ ताशु तोमर (18), प्रदीप भाटी (22), पवन भाटी उर्फ डग्गा (24) और प्रमोद (25) के रूप में हुई है। प्रदीप, पवन और प्रमोद उत्तर प्रदेश के अनूप विहार निवासी हैं, जबकि तोमर हर्ष विहार का रहने वाला है।''

अधिकारी ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1) (हत्या) और 3(5) (साझा मंशा) तथा शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और मामले की जांच के लिए कई टीम गठित की गई हैं।

# नौ यूनियन ने रेलवे बोर्ड से सिग्नल विभाग में संविदा भर्ती को खत्म करने का आग्रह किया



नयी दिल्ली, (भाषा) सुरक्षा एवं संरक्षा से जुड़े वर्ग के कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले रेलवे के नौ यूनियन ने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) से उस परिपत्र को निरस्त करने का अनुरोध किया है, जिसमें चार रेलवे जोन के सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग में पर्यवेक्षकों, फील्ड अभियंताओं और तकनीशियनों की प्रायोगिक तौर पर दो साल के लिए संविदा पर नियुक्ति करने की अनुमति दी गई है।

रेलवे बोर्ड ने छह मई को चार रेलवे जोन (पूर्वोत्तर सीमांत, पूर्वी तटीय, दक्षिण-पश्चिमी और पश्चिमी) के महाप्रबंधकों को एक परिपत्र जारी किया, जिसमें उनसे सिग्नलिंग और दूरसंचार कर्मचारियों की सहायता के लिए दो-वर्षीय पायलट परियोजना के तहत इन कर्मचारियों को अनुबंध के आधार पर नियुक्त करने के लिए कहा गया है।

बोर्ड ने अनुबंध के आधार पर नियुक्ति को उचित ठहराते हुए कहा कि रेलवे नेटवर्क के व्यापक विस्तार और आधुनिक सिग्नलिंग प्रणाली के कार्यान्वयन के लिए इसके रखरखाव को बेहतर करना जरूरी हो गया है। हालांकि, विभिन्न यूनियन ने इस कदम का विरोध किया है और महत्वपूर्ण सुरक्षा प्रणालियों के रखरखाव में संविदा कर्मचारियों की प्रतिबद्धता और तोड़फोड़ की संभावित आशंकाओं पर संदेह व्यक्त किया है।

बोर्ड के सीईओ को संबोधित पत्र में कहा गया है, ''एस एंड टी विभाग भारतीय रेलवे का एक महत्वपूर्ण सुरक्षा विभाग है, जिसमें जटिल इंटरलॉक तंत्र और उन्नत इलेक्ट्रॉनिक प्रणालियां हैं।'' इसमें तर्क दिया गया है कि इस विभाग में पर्यवेक्षकों/फील्ड अभियंताओं और तकनीशियनों को अनुबंध के आधार पर नियुक्त करना ट्रेन संचालन और यात्रियों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह से असुरक्षित है।

पत्र में कहा गया है, ''सिग्नल और दूरसंचार विभागों के जटिल और उन्नत इंटरलॉकिंग के लिए विभिन्न 'सिग्नल और दूरसंचार प्रशिक्षण केंद्र' (एसटीटीसी) और 'भारतीय रेलवे सिग्नल इंजीनियरिंग एवं दूरसंचार संस्थान' (आईआरआईएसईटी) में एक से डेढ़ साल के उच्च और गहन प्रशिक्षण की आवश्यकता है।''

अपने तर्क के समर्थन में उन्होंने दक्षिणी सर्कल के रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) की एक सिफारिश का हवाला दिया, जिन्होंने 11 फरवरी, 2025 को चेन्नई रेलवे डिवीजन के कवारैपेट्टई स्टेशन पर मैसूरु-दरभंगा बागमती एक्सप्रेस और एक खड़ी मालगाड़ी के बीच हुई टक्कर की जांच रिपोर्ट में इसी तरह की चिंता व्यक्त की थी।

रिपोर्ट में, सीआरएस ने कहा कि महत्वपूर्ण सुरक्षा सुविधाओं और प्रणालियों के रखरखाव और संचालन के लिए संविदा कर्मचारियों की नियुक्ति और उन्हें इन क्षेत्रों में कौशल विकसित करने का अवसर प्रदान करने की प्राथमिकता के रूप में समीक्षा की जानी चाहिए और इसे अल्पावधि में न्यूनतम और दीर्घावधि में शून्य पर लाया जाना चाहिए।

विभिन्न यूनियन ने दावा किया कि बोर्ड का परिपत्र सीआरएस की सिफारिशों का उल्लंघन करता है। उनके पत्र में कहा गया है, ''उपरोक्त तथ्यों के मद्देनजर, एस एंड टी विभाग के कर्मचारियों को संविदा के आधार पर नियुक्त करने का कदम सुरक्षा के साथ समझौता होगा।''

# आजीवन कारावास की सजा काट रहे आतंकी की रिहाई याचिका खारिज




नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली उच्च न्यायालय ने चार विदेशी नागरिकों के अपहरण की आतंकी साजिश में शामिल होने के दोषी ठहराए गए एक व्यक्ति की जल्द रिहाई की याचिका खारिज कर दी है। यह साजिश सरकार पर दबाव डालने और जेल में बंद आतंकवादियों को रिहा कराने के लिए रची गई थी।

अदालत ने कहा कि आतंकी का अपराध 'बहुत गंभीर' था और यह देश की सुरक्षा के लिए खतरा था। उच्च न्यायालय ने कहा कि आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे नासिर मोहम्मद सोदोजी उर्फ आफताब अहमद की याचिका को खारिज करने के 30 जून 2023 के सेंटेंस रिव्यू बोर्ड (एसआरबी) के फैसले में कोई गलती नहीं है। अहमद ने यह दलील देते हुए जेल से जल्दी रिहाई की याचिका दायर की है कि वह 26 साल से अधिक समय से जेल में बंद है।

उच्च न्यायालय ने कहा कि लंबे समय तक जेल में रहना एक महत्वपूर्ण कारक है और समीक्षा करने वाले अधिकारी को इस पर विचार करना चाहिए, लेकिन अगर मूल अपराध का उद्देश्य देश को अस्थिर करना और नागरिकों तथा विदेशी पर्यटकों में भय फैलाना था, तो यह समाज के व्यापक हितों से ऊपर नहीं हो सकता। सोदोजी को 2002 में भारतीय दंड संहिता, आतंकवाद और विघटनकारी गतिविधियों (रोकथाम) अधिनियम और विदेशी अधिनियम के प्रावधानों के तहत दोषी ठहराया गया था। यह अपराध प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन हरकत-उल-अंसार के नाम पर किया गया था। उसे मौत की सजा सुनाई गई थी, जिसे उच्चतम न्यायालय ने 2003 में उम्रकैद में बदल दिया था।

# सीबीआई ने भिवानी में शिक्षिका की मौत के मामले की जांच संभाली, प्राथमिकी दर्ज




नयी दिल्ली, आठ सितंबर (भाषा) केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पिछले महीने हरियाणा के भिवानी में मृत पाई गई 18 वर्षीय शिक्षिका के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली है और राज्य पुलिस से जांच का जिम्मा अपने हाथ में ले लिया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि केंद्रीय एजेंसी ने भारतीय न्याय संहिता के तहत गैरकानूनी तरीके से बंधक बनाने और हत्या से संबंधित धाराओं (पीड़ित परिवार की याचिका पर राज्य पुलिस द्वारा बाद में जोड़ी गई धाराएं) के अंतर्गत राज्य पुलिस की प्राथमिकी को फिर से दर्ज किया है।

'प्लेस्कूल' की शिक्षिका मनीषा का शव 13 अगस्त को भिवानी जिले के सिंघानी गांव के एक खेत में मिला था। वह 11 अगस्त से लापता थी, जब वह पास के एक नर्सिंग कॉलेज में भर्ती के बारे में पूछताछ करने के लिए स्कूल से निकली थी।

मनीषा की मौत से भारी आक्रोश फैल गया। प्रदर्शन करते हुए लोगों ने जिले में सड़कें जाम कर दीं। मनीषा के परिवार और कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने मामले में सीबीआई से जांच कराए जाने की मांग की।

यह मामला हरियाणा विधानसभा के मानसून सत्र में भी उठाया गया था। बाद में, राज्य सरकार ने मामले की जांच सीबीआई से कराने का फैसला किया। केंद्र ने यह मामला चार सितंबर को सीबीआई को सौंप दिया था।

मौत के मामले में एक कथित सुसाइड नोट के सामने आने से जांच में नया मोड़ आ गया।

पुलिस ने दावा किया था कि जांच से पता चला कि युवती ने जहर खाकर आत्महत्या की। हालांकि, उसके पिता ने इस निष्कर्ष को खारिज कर दिया और न्याय की मांग करते हुए शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया।

उन्होंने कहा था, ''प्रशासन कह रहा है कि मेरी बेटी ने आत्महत्या की है, लेकिन मैं कह सकता हूं कि वह कभी आत्महत्या नहीं कर सकती। मुझे न्याय चाहिए।''

शिक्षिका के शव को तीसरी बार पोस्टमॉर्टम के लिए नयी दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भेजा गया। इससे पहले, भिवानी सिविल अस्पताल और रोहतक के पीजीआईएमएस अस्पताल में पोस्टमॉर्टम हो चुका था।

भिवानी के पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार ने पूर्व में कहा था कि शिक्षिका के शव के पास एक बैग में कथित आत्महत्या से पहले लिखा गया एक पत्र मिला। इस बैग में उसका आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज भी थे। उन्होंने कहा था कि शिक्षिका द्वारा कीटनाशक खरीदने के सबूत भी मिले हैं।

# क्लैट-पीजी के अंकों के आधार पर वकीलों की भर्ती करने पर फिर से विचार करेगा एनएचएआई




नयी दिल्ली, (भाषा) भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने सोमवार को दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया कि वह कानूनी सलाहकारों की भर्ती के लिए सामान्य विधि प्रवेश परीक्षा (क्लैट)-स्नातकोत्तर के अंकों को आधार बनाने के अपने फैसले पर दोबारा विचार कर सकता है।

मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ को एनएचएआई ने यह भी बताया कि आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 10 सितंबर से बढ़ाकर 25 सितंबर कर दी गई है।

ये दलीलें एनएचएआई की उस अधिसूचना को चुनौती देने वाली याचिका में दी गईं, जिसमें कानूनी सलाहकारों की भर्ती के लिए क्लैट-स्नातकोत्तर के अंकों को आधार बनाया गया था।

एनएचएआई के वकील की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई 18 सितंबर को तय की।

अधिवक्ता शानू बघेल की ओर से दायर याचिका के अनुसार, क्लैट-पीजी-2022 में किसी उम्मीदवार के अंकों को सरकारी नौकरी के लिए आधार नहीं बनाया जा सकता है, क्योंकि यह परीक्षा केवल एलएलबी डिग्री धारक उम्मीदवारों की मेधा का मूल्यांकन करने के लिए आयोजित की जाती है, ताकि वे विधि स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त कर सकें।

याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गई कि 11 अगस्त की अधिसूचना के तहत चयन का उद्देश्य विधि स्नातकोत्तर की डिग्री लेना नहीं था, बल्कि कानूनी पेशेवर के रूप में सेवाएं प्रदान करना था।




## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नौएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर, 201308 (उ.प्र.)
Toll Free No. 18001808296 वेबसाइटः www.yamunaexpresswayauthority.com

पत्रांकः वाई.ई.ए./भूलेख/30/2025 दिनांकः 02.09.2025

**सार्वजनिक सूचना**

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा ग्राम रामपुर खादर के सैक्टर– 24ए व ग्राम वीरमपुर के सैक्टर– 9 के अन्तर्गत आने वाली भूमि का सुनियोजित विकास हेतु सम्बन्धित कृषकों द्वारा दी गयी सहमति की दर रू. 3808/– प्रति वर्गमी. से प्राधिकरण द्वारा शासनादेश संख्या– 314/77–3–163एम, दिनांक 23.02.2016 में तय प्रक्रियानुसार निम्नानुसार क्रय किया जाना प्रस्तावित हैः–

| क्र. सं. | सैक्टर/ग्राम का नाम | खाता संख्या | खसरा संख्या | खसरे का कुल क्षेत्रफल (है. में) | खातेदार का नाम व पता | तहसील से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर काश्तकार का हिस्सा | काश्तकार का विक्रय हेतु क्षेत्रफल (है. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सैक्टर–24ए (रामपुर खादर) | 45 | 38म 46म 38म | 0.7590 | सत्यप्रकाश गुप्ता पुत्र स्व० वेद प्रकाश गुप्ता, नि० सी–34, प्रीत विहार, नई दिल्ली–92 | 1/2 भाग | 0.3795 |
| 2 | सैक्टर–24ए (रामपुर खादर) | 45 | 38म 46म 38म | 0.7590 | चन्द्रभान शर्मा पुत्र नरेश चन्द्र शर्मा नि० ब्लॉक ए–39, प्रियदर्शनी विहार, लक्ष्मीनगर, नई दिल्ली–92 | 1/2 भाग | 0.3795 |
| 3 | सैक्टर–24ए (रामपुर खादर) | 65 | 40 41 47 | 0.2000 0.2010 1.4170 | जिले सिंह पुत्र महरचन्द, नि० हल्दौना। | 1/5 भाग 1/5 भाग में से | 0.0400 0.0402 0.1148 |
| 4 | सैक्टर–24ए (रामपुर खादर) | 173 | 57 | 1.0780 | चन्द्रा देवी पत्नी रघुवीर व सूरजपाल व शेर सिंह पुत्रगण रघुवीर, नि रामपुर खादर। | 3/12 भाग | 0.2694 |
| 5 | सैक्टर–24ए (रामपुर खादर) | 173 | 57 | 1.0780 | शिवकुमार पुत्र रघुवीर, नि० रामपुर खादर। | 1/12 भाग | 0.0898 |
| 6 | सैक्टर–9 (वीरमपुर) | 379 363 361 | 76 69मि 119 | 1.2650 0.0450 1.0750 | योगेश गर्ग पुत्र राजेन्द्र प्रसाद गर्ग, नि० मौ० सरयनैन सिंह कस्बा जेवर पर० व तह० जेवर, जिला–गौतमबुद्धनगर। | 1265/12650 भाग सम्पूर्ण भाग 422/10750 भाग | 0.1265 0.0450 0.0422 |
| 7 | सैक्टर–9 (वीरमपुर) | 254 | 65 | 2.6770 | रतन सिंह पुत्र चतर सिंह, नि० ग्राम चकवीरमपुर, पर० व तह० जेवर, जिला– गौतमबुद्धनगर। | 1/8 भाग | 0.3346 |
| 8 | सैक्टर–9 (वीरमपुर) | 34 | 53 | 0.7480 | रीना पत्नी सुरेन्द्र कुमार, नि० म०न० 60 नजदीक नर्सिंग होम ज्योति नगर शाहदरा उत्तर पूर्वी दिल्ली। | 843/7480 भाग | 0.0843 |
| 9 | सैक्टर–9 (वीरमपुर) | 317 | 506मि | 0.2400 | रामदयाल भारतीय पुत्र तालेवर सिंह भारतीय व सुनीता उर्फ सावित्री भारतीय पत्नी रामदयाल भारतीय, नि० क्वार्टर नं० 1, जेल लाइन शिवपुरी मध्य प्रदेश। | 843/2400 भाग | 0.0843 |
| 10 | सैक्टर–9 (वीरमपुर) | 251 | 472 | 0.8730 | महेश कुमार पुत्र चतर सिंह, नि० ग्राम वीरमपुर, पर० व तह० जेवर, जिला–गौतमबुद्धनगर। | 843/8730 भाग | 0.0843 |
| 11 | सैक्टर–9 (वीरमपुर) | 250 | 470 | 0.9980 | कुसुम पत्नी श्रीपाल व अंगुरी देवी पत्नी मोहर सिंह, नि० गुलिस्ता कॉलोनी कस्बा रबूपुरा, पर० व० तह० जेवर, जिला–गौतमबुद्धनगर। | 820/9980 भाग | 0.0820 |
| 12 | सैक्टर–9 (वीरमपुर) | 223 | 480 | 1.7870 | रमेश कुमार कालरा पुत्र रूपचन्द, नि० वी 101 सूरजमल बिहार, दिल्ली। | 1/25 भाग | 0.0715 |
| 13 | सैक्टर–9 (वीरमपुर) | 250 251 | 470 472 | 0.9980 0.8730 | सीमा पत्नी निरंजन सिंह, नि० म० नं० डी 1/19 गली नं0 27 हर्ष विहार, निकट पहलवान वाली गली, दिल्ली। | 273/9980 भाग 374/8730 भाग | 0.0273 0.0374 |
| 14 | सैक्टर–9 (वीरमपुर) | 250 251 | 470 472 | 0.9980 0.8730 | बीना रानी पत्नी रमेशचन्द, नि० ग्राम वीरमपुर पर० व तह० जेवर, जिला–गौतमबुद्धनगर हाल नि० म० नं० एक्स 257 गली नं0 6 ब्रहमपुरी कढीमेडु दिल्ली। | 633/9980 भाग 984/8730 भाग | 0.0633 0.0984 |
| 15 | सैक्टर–9 (वीरमपुर) | 377 | 396 | 4.3660 | ब्रहमजीत सिंह पुत्र रामप्रसाद सिंह, नि० ग्राम वीरमपुर, पर० व तह० जेवर, जिला–गौतमबुद्धनगर। | 793/43660 | 0.0793 |

उपरोक्त भूमि क्रय किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह लिखित रूप में 15 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरी को अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

**विशेष कार्याधिकारी/डिप्टी कलेक्टर**
**यमुना एक्सप्रेसवे औद्यो. वि. प्राधिकरण**

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत मास्टर प्लॉन के अतिरिक्त प्लॉटिंग / हाउसिंग / कॉलोनी या किसी भी प्रकार का अन्य निर्माण पूरी तरह से अवैध है। सामान्यजन इस प्रकार की खरीदफरोख्त से पूर्णतः सचेत रहें तथा कॉलोनाइजर के भ्रामक विज्ञापनों से बचें। अधिक जानकारी के लिए प्राधिकरण की वेबसाइट www.yamunaexpresswayauthority.com देखें।

# आखिर किसकी शह पर चल रहा है रेजिडेंशियल एरिये में मानकों की धज्जियां उड़ाता अस्पताल

नेशनल एक्सप्रेस




बरेली। खबरों की सुर्खियों के माध्यम से शहर में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही लगातार उजागर हो रही है, इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग के कानों पर जून नहीं रेंगती,

ताजा मामला रेजिडेंशियल कॉलोनी के बीचों-बीच संचालित हो रहा फैयाज केयर हॉस्पिटल न सिर्फ नियमों की धज्जियाँ उड़ा रहा है, बल्कि स्थानीय निवासियों की सुरक्षा, स्वच्छता और जीवनशैली पर भी खतरा बन चुका है स्थानीय निवासियों और किसान संगठनों की ओर से स्वास्थ्य विभाग को की गई शिकायत में अस्पताल पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं कि यह अस्पताल पूर्णतः मानकों के विपरीत संचालित हो रहा है। रेजिडेंशियल एरिया में अवैध संचालन झ फैयाज केयर हॉस्पिटल आवासीय क्षेत्र में बिना किसी स्पष्ट अनुमति के संचालित किया जा रहा है, जो नगर नियोजन और स्वास्थ्य मानकों का सीधा उल्लंघन है।अस्पताल के बाहर अवैध रूप से गाड़ियों की पार्किंग की जाती है, जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ता है। शिकायत में कहा गया है की अस्पताल से निकलने वाले बायोमेडिकल वेस्ट को खुले में और सड़क पर फेंका जा रहा है, जिससे गंभीर संक्रमित रोग स्वास्थ्य और पर्यावरणीय खतरे उत्पन्न हो रहे हैं। अस्पताल में न फायर सेफ्टी की कोई व्यवस्था है, न प्रदूषण नियंत्रण के कोई उपकरण लगे हैं। यह सीधे तौर पर आपदा की संभावना को जन्म देता है।अस्पताल की गंदगी को नालियों में बहाया जा रहा है। जिससे कॉलोनी के वातावरण में दुर्गंध फैल रही है और संक्रमण फैलने की आशंका भी बनी हुई है।

**प्रशासन की चुप्पी पर उठ रहे सवाल:** स्थानीय लोगों और संगठनों की बार-बार शिकायतों के बावजूद अभी तक स्वास्थ्य विभाग या नगर निगम की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। सवाल उठता है कि आखिर क्यों नियमों को ताक पर रखकर इस अस्पताल को खुली छूट दी जा रही है?

**क्या बोले सामाजिक कार्यकर्ता शाहबाज अली**

सामाजिक कार्यकर्ता शाहबाज अली ने कहा झ फ़ैयाज केयर हॉस्पिटल स्वास्थ्य विभाग की नाक के नीचे अवैध रूप से चल रहा है। यह अस्पताल न केवल मानकों का उल्लंघन कर रहा है, बल्कि स्थानीय जनता की जान को भी खतरे में डाल रहा है। हम प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग करते हैं।अस्पताल की तत्काल जांच कर बंद किया जाए, जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए, स्थानीय निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए, बायोमेडिकल वेस्ट के निष्पादन की वैज्ञानिक व्यवस्था हो, रेजिडेंशियल एरिया में ऐसे अवैध अस्पतालों पर पूर्ण प्रतिबंध लगे।

# ड्रोन कैमरा प्रतिबंध से प्रभावित हो रहा फोटोग्राफरों का व्यवसाय

- ड्रोन कैमरा प्रतिबंध हटाने की मांग, फोटोग्राफरों ने सौंपा ज्ञापन

नेशनल एक्सप्रेस



बरेली। उत्तर प्रदेश फोटोग्राफर एसोसिएशन के सदस्य सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे और सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा।

फोटोग्राफरों ने कहा कि उनका मुख्य कार्य विवाह एवं अन्य सामाजिक आयोजनों में फोटोग्राफी करना है, और आधुनिक समय में ड्रोन कैमरा इसका अहम हिस्सा बन चुका है।

उन्होंने बताया कि हाल ही में ड्रोन के संचालन पर लगाए गए प्रतिबंध से हजारों फोटोग्राफरों की आजीविका प्रभावित हो रही है। ग्राहकों की मांग पूरी नहीं हो पा रही है और फोटोग्राफरों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। संगठन की मांग है कि पंजीकृत फोटोग्राफरों को विवाह समारोह, मैरिज हॉल और निजी आयोजनों में निर्धारित नियमों व सुरक्षा मानकों के तहत ड्रोन कैमरे के उपयोग की अनुमति दी जाए। साथ ही सरकार ड्रोन संचालन के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश और अनुमति की प्रक्रिया तय करे।

यहां आपको यह भी बताते चलें जनपद में कुछ समय पूर्व कांवड़ यात्रा के समय ड्रोन चोर की अफवाह से जनता में भय का माहौल व्याप्त हो गया था। जिसको संज्ञान में लेते हुए प्रशासन द्वारा ड्रोन के प्रयोग पर पाबंदी लगा दी गई थी। तथा प्रशासन द्वारा गाइडलाइन जारी की गई थी कि यदि किसी के पास ड्रोन है, ड्रोन का इस्तेमाल कर रहा है तो इसकी सूचना उसे प्रशासन को सौंपनी होगी और जनपद में ड्रोन उड़ने पर पाबंदी लगा दी गई जो कैमरा मैन के व्यवसाय पर जीविका के साधन को प्रभावित कर रही है।

# आंवला खाटू श्याम के दर्शन को आए युवक का रेलवे ट्रैक पर मिला शव

नेशनल एक्सप्रेस

बरेली/बहराइच। जिला बहराइच के थाना मटेरा क्षेत्र के गांव मगरिया निवासी 30 वर्षीय संत गुरु 5 सितंबर को रिश्तेदारों संग बस से आंवला स्थित मनोना धाम दर्शन के लिए आए थे। दर्शन के दौरान वह लापता हो गए। परिजनों ने काफी तलाश की लेकिन वह नहीं मिले।

रविवार को आंवला से गुजरने वाली रेलवे लाइन पर एक युवक का शव मिलने की सूचना पुलिस को मिली। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान संत गुरु के रूप में की।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के अनुसार संत गुरु की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी।

# अप्रोच रोड के गड्ढे में गिरी बाइक, पूर्व फौजी लापता

नेशनल एक्सप्रेस

बरेली। मीरगंज क्षेत्र में गोरा लोकनाथपुर पुल के पास बना खतरनाक गड्ढा एक बड़ा हादसा लेकर आया। शनिवार रात गुलड़िया निवासी पूर्व फौजी प्रेमपाल सिंह बाइक समेत इसी गहरे गड्ढे में जा गिरे।

उनकी बाइक, मोबाइल और चप्पल बरामद हुए हैं, लेकिन पूर्व फौजी का अब तक कोई सुराग नहीं लग पाया है।

जानकारी के मुताबिक प्रेमपाल सिंह खुर्द गांव में एक जन्मदिन समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। अंधेरे में अप्रोच रोड पर बने गड्ढे को न देख पाने के कारण बाइक अनियंत्रित हो गई और वह उसमें गिर पड़े।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। गोताखोरों की मदद से तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। कोतवाली प्रभारी प्रयागराज सिंह ने बताया कि आवश्यकता पड़ने पर एसडीआरएफ टीम को भी बुलाया जाएगा।

स्थानीय ग्रामीणों ने विभाग की लापरवाही पर रोष जताया। उनका कहना है कि इस अप्रोच रोड की मरम्मत के लिए कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया। पानी भरने से गड्ढा और गहरा होता गया, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरहद पर देश की रक्षा करने वाला एक सिपाही अपने ही गांव की बदहाल व्यवस्था का शिकार हो गया।

फिलहाल पुलिस और गोताखोर लगातार तलाश में जुटे हैं, लेकिन पूर्व फौजी का कोई सुराग नहीं मिल सका है।

# बरेली में कवियों की आवाज काव्य मंच का शुभारंभ

नेशनल एक्सप्रेस



बरेली। साहित्यकीर्ति फाउंडेशन द्वारा आयोजित ह्यकवियों की आवाजह्व नामक काव्य मंच का भव्य शुभारंभ शनिवार को हुआ। कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलन एवं उद्घाटन झारखंड के महामहिम राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार (मुख्य अतिथि) ने किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्य भूषण कमलेश मौर्य ह्यमृदुह्व ने की, संचालन रोहित राकेश और संयोजन यशकीर्ति गंगवार ने संभाला। इस अवसर पर राज्यपाल ने कवि कमलेश मौर्य मृदु, कवि रोहित राकेश, यशकीर्ति गंगवार और धीरेन्द्र आर्य को सम्मानित किया। संस्था के संस्थापक धीरेन्द्र आर्य , वरिष्ठ कवि कमल सक्सेना , वरिष्ठ कवि मनोज मुन्तजिर, वरिष्ठ कवि विश्वजीत निर्भय एवं शहीद भगत सिंह टीम के अध्यक्ष कुलदीप आर्य भी मंच पर मौजूद रहे। सभी कवि एवं कवयित्रियों को मुख्य अतिथि डॉ. अरुण कुमार सक्सेना (राज्यमंत्री, उत्तर प्रदेश), विशिष्ट अतिथि डॉ. विनोद पागरानी एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी ने सम्मानित किया। साहित्यकीर्ति फाउंडेशन निःशुल्क अपनी राशि लगाकर कवि सम्मेलन कराती रहेगी। मंच का उद्देश्य कवियों की आवाज का उद्देश्य नए कवि एवं कवयित्रियों को एक उत्कृष्ट मंच उपलब्ध कराना है, जहां वे स्वतंत्र रूप से अपने विचार व्यक्त कर सकें और प्रगतिशील साहित्य की ओर बढ़ सकें। आयोजकों का कहना है कि यह मंच नई पीढ़ी को कवि सम्मेलनों की परंपरा, भारतीय संस्कृति, संस्कार और गौरवशाली इतिहास से जोड़ने का कार्य करेगा। समय समय पर संस्था सभी प्रदेशों , जिलों एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी कवि सम्मेलन कराती रहेगी । इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न प्रदेशों एवं जिलों से आए कवि एवं कवयित्रियों ने उत्कृष्ट से उत्कृष्ट काव्य पाठ करके सभी श्रोताओं का दिल जीत लिया।

# वित्तीय समावेशन अभियान के तहत पंजाब एंड सिंध बैंक ने लगाए शिविर

- शिविर का उपदेश: भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे वित्तीय समावेश को बढ़ावा देना

नेशनल एक्सप्रेस

बरेली। पंजाब एंड सिंध बैंक, प्रधान कार्यालय नई दिल्ली के महाप्रबंधक गोपाल कृष्ण ने सोमवार को बरेली अंचल का दौरा किया।

उनके इस दौरे का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे वित्तीय समावेशन परिपूर्णता अभियान को बढ़ावा देना रहा ।इस अभियान के तहत सामाजिक सुरक्षा योजनाओं–प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना और प्रधानमंत्री जन धन योजना–की जानकारी पात्र नागरिकों तक पहुंचाई जा रही है। यह अभियान 1 जुलाई से शुरू होकर 30 सितंबर तक चलेगा।

सोमवार को निर्णय लिया गया कि इन योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु बैंक की परसाखेड़ा, गुलेरिया राजकुल निशा और महानगर शाखाओं में विशेष शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में महाप्रबंधक गोपाल कृष्ण ग्राहकों को योजनाओं की जानकारी देंगे।

इस अवसर पर बरेली आंचलिक कार्यालय के आंचलिक प्रबंधक किरण शंकर, मुख्य प्रबंधक प्रेम प्रकाश तथा अमित मोहन अस्थाना भी मौजूद रहेंगे।

# आईटी कंपनी छोड़ साइबर ठगी में की महारथ हासिल, हजारों लोगों को लगाया चूना

- आईटी कंपनी छोड़ बनाया फर्जी आधार सॉफ्टवेयर,एसटीएफ के हत्थे चढ़ा आरोपी

नेशनल एक्सप्रेस



बरेली। आधार कार्ड बनाने का फर्जी सॉफ्टवेयर बेचकर हजारों लोगों को चूना लगाने वाले साइबर ठग को एसटीएफ ने बरेली से दबोच लिया। आरोपी खुद को आईटी एक्सपर्ट बताकर लोगों को झांसे में लेता और महज 1000 से 1500 रुपये में नकली सॉफ्टवेयर बेचता था। खास बात यह है कि आरोपी ने यह फर्जी सॉफ्टवेयर उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल और गुजरात समेत कई राज्यों में करीब 2000 से अधिक लोगों को बेच डाला।

एसटीएफ की बरेली यूनिट ने शनिवार रात सुभाषनगर पुलिया से जंक्शन रोड पर घेराबंदी कर ठग को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी की पहचान प्रेमनगर के राजेंद्र नगर निवासी जयवीर गंगवार पुत्र मेवाराम के रूप में हुई है। गिरफ्तारी के दौरान एसटीएफ ने आरोपी के पास से एक लैपटॉप, मोबाइल, दो फर्जी आधार कार्ड और चार एटीएम/डेबिट कार्ड बरामद किए।

पूछताछ में जयवीर ने बताया कि वह कंप्यूटर साइंस से बीटेक करने के बाद नोएडा की एक आईटी कंपनी में नौकरी करता था। यहीं से उसे फर्जी सॉफ्टवेयर बनाने का आइडिया आया। नौकरी छोड़कर उसने घर पर ही आधार बनाने का नकली सॉफ्टवेयर तैयार कर लिया। इसके बाद वह फेसबुक और व्हाट्सएप ग्रुप्स पर विज्ञापन डालकर लोगों से संपर्क करता था। जब कोई ग्राहक तैयार हो जाता तो जयवीर एनीडेस्क के जरिए उनके कंप्यूटर में सॉफ्टवेयर इंस्टॉल करता और आईडी-पासवर्ड देकर भरोसा जीत लेता। लेकिन जब यह सॉफ्टवेयर काम नहीं करता तो वह नए-नए बहाने बनाकर और पैसे मांगता और आखिर में मोबाइल बंद कर देता। एसटीएफ अधिकारियों के मुताबिक आरोपी पिछले दो साल से इस धंधे में सक्रिय था और अब तक 2000 से ज्यादा लोगों से ठगी कर चुका है। पकड़े गए जयवीर गंगवार के खिलाफ थाना सुभाषनगर में धोखाधड़ी समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ के अपमान पर शिवसेना ने सौंपा ज्ञापन

नेशनल एक्सप्रेस/बरेली। शिवसेना (एकनाथ शिंदे) बरेली पश्चिमी के जिला प्रमुख दीपक पाठक सोमवार को कार्यकताओं के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे और राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ के अपमान के विरोध में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि हाल ही में जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर स्थित हजरतबल दरगाह परिसर में भारत के गौरवशाली राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ की स्थापना की गई थी, किंतु कुछ असामाजिक तत्वों ने इस पवित्र प्रतीक को तोड़कर उसका अपमान किया। यह कृत्य राष्ट्रीय सम्मान अधिनियम, 1971 एवं भारतीय दंड संहिता की प्रासंगिक धाराओं का उल्लंघन है, जिस पर कठोरतम दंड दिया जाना चाहिए।

# अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय में कार्यक्रम

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



अमरोहा। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान में अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर ह्लह्लसाक्षरता वृद्धि में डिजिटल एजुकेशन का महत्वह्लह्ल विषयक संगोष्ठी एवं ह्लह्लसाक्षरता जागरूकता पखवाड़ा-2025ह्लह्ल का शुभारम्भ हुआ।

संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि ने कहा कि शिक्षा शेरनी का दूध है, जो पियेगा वही दहाड़ेगा। उन्होंने बताया कि विकसित भारत-2047 का सपना शिक्षा के माध्यम से ही साकार होगा। प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने नई शिक्षा नीति-2020 को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि शिक्षित भारत-विकसित भारत ही विश्वगुरु भारत का आधार बनेगा। कुलपति प्रो. कृष्णकान्त दवे ने डिजिटल लर्निंग को साक्षरता वृद्धि का प्रमुख साधन बताया।

इस अवसर पर 15 शिक्षकों के नेतृत्व में 150 छात्र-छात्राओं की टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जो मेरठ, मुरादाबाद समेत पश्चिमी यूपी के विभिन्न संस्थानों में नुक्कड़ नाटक, पोस्टर मेकिंग व संगोष्ठियों के माध्यम से साक्षरता का संदेश देंगे ।कार्यक्रम में कुलसचिव प्रो. पीयूष पाण्डेय, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. मनीष शर्मा, डॉ. ज्योति सिंह, डॉ. मंजरी राणा, डॉ. प्रताप सिंह व मीडिया प्रभारी विश्वास राणा मौजूद रहे।

# किसानों ने डीएम से लगाई गुहार, समस्याओं के समाधान को सौंपा ज्ञापन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



अमरोहा। किसान समस्याओं को लेकर भाकियू शंकर के बैनर तले किसानों ने सोमवार को जोरदार प्रदर्शन किया। अधिकारियों के न पहुंचने पर किसान जोया मार्ग पर धरने पर बैठ गए, जिससे प्रशासन में हड़कंप मच गया। बाद में डीएम समेत कई विभागीय अधिकारी मौके पर पहुंचे और वार्ता कर समाधान का आश्वासन दिया। किसानों ने मांग की कि गंगा क्षेत्र में बाढ़ से बर्बाद हुई फसलों का सर्वे कराकर मुआवजा दिया जाए, गन्ना मूल्य 518 रुपये प्रति क्विंटल घोषित हो तथा भुगतान न करने वाली मिलों के क्रय केंद्र काटे जाएं। साथ ही मध्य गंगा नहर फेज-2 में तेजी से पानी छोड़ा जाए। ग्रामीण परिवहन व्यवस्था सुधार, अवैध डग्गामारी पर रोक, चकबंदी घोटालों की जांच, स्मार्ट मीटर लगाने, फसल खरीद की अलग योजना, हर तिमाही किसान बैठक, छुट्टा पशुओं व जंगली जानवरों से सुरक्षा जैसी मांगें भी उठाई गईं। किसानों ने चेतावनी दी कि जल्द समाधान न हुआ तो आंदोलन तेज किया जाएगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### युवकों की मारपीट से हुआ घायल पहुंचा, अस्पताल



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/चंदौसी। सोमवार को शाम करीब 5 बजे नगर के मोहल्ला नोनवाला निवासी रामा ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह नगर की एक बैंक में हैड कैशियर के पद पर तैनात है। जब वह बैंक से ड्यूटी करके घर आ रहा था। वहीं उसे जानकारी मिली कि उसके छोटे भाई कृष्णा सक्सेना के साथ घर के पास ही आठ से दस युवक मारपीट कर रहे हैं। जब वह अपने घर के लोगों के साथ मौके पर पहुंचा तो वहीं घटलेश्वर गेट के आठ से दस युवक लोहे की रॉड से उनके छोटे भाई के साथ मारपीट कर रहे थे। जब उसे बचाने का प्रयास किया, तो दबंगों ने हैड कै?शियर सहित उनकी मां पर भी लोहे की रॉड से हमला कर दिया। मारपीट में पीड़ित, उसके छोटे भाई और मां को गंभीर चोटें आई। इस दौरान सभी युवक जान से मारने की धमकी देकर चले गए।

### भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का सार है श्रीमद्भागवत : प्रेरणा ज्योति दीदी



नेशनल एक्सप्रेस/अमरोहा। मधुरम बैंकट हॉल में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा के दूसरे दिन कथा वाचिका श्रीमती प्रेरणा ज्योति दीदी ने राजा परीक्षित–शुकदेव संवाद, शुकदेव जन्म सहित कई प्रसंग सुनाए। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का सार है। कथा सुनकर श्रद्धालु भाव–विभोर हो गए और भजनों पर जमकर झूमे। कथा श्रवण के दौरान बड़ी संख्या में महिला–पुरुष उपस्थित रहे। इस मौके पर प्रवीण आर्य, पन्ना लाल, निमिष गुप्ता, रेनू गुप्ता, शिवांगी गुप्ता, नीरज गुप्ता, रोहित शर्मा, प्रदीप गुप्ता, अमरनाथ गुप्ता, आदेश गुप्ता, मनुकमल गुप्ता, कांता सैनी आदि मौजूद रहे।

# गांव पलथा मिठनपुर में हो रहे नाला निर्माण को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश



## नाला निर्माण में घटिया सामग्री का आरोप

## जल्द ही नाला निर्माण का होगा मौका मोआना पीडब्ल्यूडी विभाग के जेई प्रेमचंद ने लिया संज्ञान

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

चंदौसी-गांव पलथा मिठनपुर में हो रहे पीडब्ल्यूडी के तहत नाला निर्माण को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है जहां ग्रामीणों ने गांव के पानी की निकासी के लिए सुविधाजनक बनाने हेतु प्रयास किए थे तो वही हो रहे नाला निर्माण में घटिया सामग्री लगाने का आरोप लगाया है । सोमवार शाम 4:00 के करीब गांव पलथा मिठनपुर विकासखंड बनिया खेड़ा के अंतर्गत पीडब्ल्यूडी विभाग से हो रहे सीसी नाला निर्माण को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पीडब्ल्यूडी विभाग से हो रहे नाला निर्माण में घटिया सामग्री लगाई जा रही है जिससे 24 घंटे बीत जाने के बाद भी सीसी बनी नाली की दीवार है टूट रही है वहीं आरसी सीमेंट सामग्री बनने पर रेत की मात्रा अधिक एवं सीमेंट की मात्रा कम लगाने की जानकारी दी है हालांकि इस मामले की जानकारी पीडब्ल्यूडी विभाग के जेई प्रेमचंद से ली गई तो उन्होंने बताया कि मामले की जानकारी मिली है जल्द ही मौका मुआयना करके समस्या का निस्तारण करने का प्रयास किया जाएगा

# गणेश मंदिर की पुण्य स्मृति में मेहदी प्रतियोगिता का आयोजन



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

चंदौसी । मिनी वृंदावन नगरी चंदौसी में गणेश जन्मोत्सव पर आयोजित होने वाले मेला गणेश चौथ के 65वें महोत्सव के दौरान स्व० उमा गुप्ता धर्मपत्नी डॉ० गिरिराज किशोर गुप्ता 'गणेश मंदिर' की पुण्य स्मृति में मेहँदी प्रतियोगिता मेला ग्राउंड स्थित जीके सिल्वर स्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित हुई, जिसमें नगर के विभिन्न विद्यालयों से 203 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। 18 वर्ष से कम उम्र की सभी प्रतिभागियों ने सुन्दर-सुन्दर मेहँदी अपने हाथों पर लगाकर अपनी अदभुत कला का प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा नेत्री मंजू दिलेर एवं रेलवे ट्रेनिंग कॉलेज प्राचार्या अंजू सिंह ने फीता काटकर किया। जिन्होंने सभी छात्राओं का कला क्षेत्र में सराहनीय प्रदर्शन को लेकर उत्साहवर्धन किया। निर्णायक मंडल में डॉ दुर्गा टंडन और अलीशा चौधरी रही। यह प्रतियोगिता विद्यालय प्रबन्धक योजना गुप्ता के दिशा-निर्देशन में सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर एस एम डिग्री कॉलेज से कीर्ति, द्वितीय स्थान पर एस एम डिग्री कॉलेज से निधि, तृतीय स्थान पर लीजा सिंह बीएमजी डिग्री कॉलेज, चतुर्थ स्थान पर एस एम डिग्री कॉलेज से पिंकी एवं पंचम स्थान पर रामप्यारी कन्या इंटर कॉलेज से सोनी विजयी रही। सभी प्रतिभागियों को मेला परिषद से ललित किशोर गुप्ता, सुधीर गुप्ता, रविन्द्र कुमार रूपी, मनोज गुप्ता मीनू, डॉ० राजीव गुप्ता, मेजर शशिकांत गुप्ता, सतेन्द्र मामा, एड० लोकेन्द्र शर्मा, प्रजीत कुमार लालू, संजय गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, शुभम अग्रवाल, प्रफुल्ल कुमार आदि ने पुरुस्कृत किया। इस दौरान अंजू गुप्ता, संध्या गुप्ता, सीमा गुप्ता, विनीता गुप्ता, नीतू गुप्ता, गुंजन गुप्ता, भावना गुप्ता, युक्ति गुप्ता, रूसा सोलंकी, विधि गुप्ता, प्रियांशी गुप्ता, पूनम अरोरा, नूतन चौधरी, विनेश वार्ष्णेय, दुर्गा वार्ष्णेय, डॉ वन्दना सक्सेना, कल्पना गुप्ता सहित समस्त विद्यालय स्टाफ, श्री भूपाल विनायक गणेश मन्दिर ट्रस्ट एवं श्री गणेश मेला परिषद के पदाधिकारी व सहयोगी मौजूद रहे।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों व शिक्षकों को किया सम्मानित

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता





संभल।बहजोई कलेक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी डॉक्टर राजेंद्र पैंसिया की अध्यक्षता में परिषदीय विद्यालयों में निपुण लक्ष्य हेतु नवाचार, विद्यालयों में भौतिक परिवेश को बाल मैत्रिक के अवस्थापना सुविधाओं से संतृप्त तथा ऑपरेशन कायाकल्प, नामांकन में वृद्धि, उपस्थिति में ठहराव के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं शिक्षकों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।सर्वप्रथम छात्राओं के द्वारा जिलाधिकारी का तिलक लगाकर सभागार में स्वागत किया गया। इसके उपरांत जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी का जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा पुष्प देकर स्वागत किया गया। विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति की गई।जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी को अधिकारियों एवं अध्यापकों ने संक्षिप्त परिचय देते हुए अपने द्वारा किए जाने वाले कार्य के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी उन्होंने कहा कि कार्य को कैसे अच्छी प्रगति पर ले जाया जाए उसके विषय में विस्तार पूर्वक समस्त सदन को बताया।जिलाधिकारी ने समस्त विद्यालयों के कार्य एवं समस्या के विषय पर चर्चा की एवं संबंधित को आवश्यक निर्देशित किया उन्होंने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा की समस्या का संज्ञान लेते हुए यथाशीघ्र निस्तारण करना सुनिश्चित करें।जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों एवं शिक्षकों को एक पुस्तक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।जिलाधिकारी ने अपने उद्बोधन में समस्त अधिकारियों एवं शिक्षकों को राष्ट्रीय साक्षरता दिवस की शुभकामनाएं दी। जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षकों की जो समस्याएं हैं उनका ध्यान में रखते हुए निस्तारण किया जाएगा उन्होंने कहा कि अध्यापक बच्चे अपने संस्कार किसके नामक पुस्तक का अध्ययन करें जिससे बच्चों में अच्छे संस्कार उत्पन्न हो सके उन्होंने कहा कि जनपद में एक पुष्प एवं एक पुस्तक अभियान चलाया जा रहा है।जिलाधिकारी ने लाइब्रेरी एवं ग्रंथों के विषय में विस्तार पूर्वक चर्चा की उन्होंने कहा कि ग्रंथों का अधिक से अधिक अध्ययन करना चाहिए उन्होंने कहा कि एक पुष्प एक पुस्तक अभियान को संज्ञान में लेते हुए घर बने पुस्तकालय के विषय में भी चर्चा की जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षक को हमेशा पढ़ते रहना चाहिए संसार में सबसे बड़ी सेवा शिक्षक की है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा, समस्त विकासखंड अधिकारी सहित समस्त संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मो. अमजद ने जीता सुरक्षेत्र गायन प्रतियोगिता सीजन-9 का खिताब



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

चंदौसी। मिनी वृंदावन नगरी चंदौसी में गणेश जन्मोत्सव पर आयोजित होने वाले मेला गणेश चौथ के 65वें महोत्सव के दौरान दी एंटरटेनमेंट ग्रुप द्वारा मेला ग्राउंड स्थित श्री भूपाल रंगमंच पर सुरक्षेत्र सीजन-9 गायन प्रतियोगिता आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक वैभव गोयल ने बताया देर रात तक चली इस प्रतियोगिता में 26 प्रतिभागियों ने दो टीम के रूप में हिस्सा लिया।प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मोहम्मद अमजद, द्वितीय स्थान पर शिवानी दीक्षित तथा तृतीय स्थान पर अनन्य पांडे विजयी हुए। सभी प्रतिभागियों को श्री गोवर्धन राधेश्याम सेवा समिति बहजोई द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में वैभव गोयल, सर्वेश चीनी, मोहित शर्मा, आयुष, विशाल, चंदू श्रीवास्तव, माही गुप्ता, शोभा गुप्ता सहित श्री भूपाल विनायक गणेश मंदिर ट्रस्ट एवं श्री गणेश मेला परिषद के पदाधिकारी व सहयोगी मौजूद रहे।-

## संक्षिप्त समाचार

### आगामी बाल्मीकि जयंती को लेकर बैठक का आयोजन



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता /चंदौसी। सोमवार को मोहल्ला सीकरी गेट महर्षि वाल्मीकि प्रकट उत्सव समिति शोभा यात्रा कार्यालय पर निवर्तमान अध्यक्ष 2024 सेठ जयकमल के अवहान पर व सम्मानित शिवकुमार पूर्व सफाई नायक की अध्यक्षता में वाल्मीकि समाज की सार्वजनिक सभा हुई जिसका उद्देश्य 7 अक्टूबर 2025 को शरद पूर्णिमा के दिन शोभा यात्रा के नए अध्यक्ष, और महामंत्री का चुनाव सर्व सहमति किया जाना था जिसका संचालन राजू अनजान ने किया और शोभा यात्रा को भव्य तरीके से निकाले जाने पर सभी ने अपने अपने विचार व्यक्त किये व सर्व सहमति से श्री कैलाश चंद चटवाल जी को शोभायात्रा 2025 का अध्यक्ष व युवा शक्ति के रूप में उभर रहें अजय कुमार राजवर को महामंत्री मनोनीत किया गया जिससे सभी में खुशी की लहर दौड़ गयी और सभी ने फूलमालाएं पहनाकर बधाइयाँ दी। दोनों ने शोभा यात्रा को धूमधाम से निकाले जाने के लिए सभी को अश्वस्त किया ।बैठक में प्रमोद वाल्मीकि, मदनपाल, अजय चौहान, संजय राजौरी, राजकुमार रेलवे,अरविंद एडवोकेट,नवल किशोर चौहान,विजय बेचैन,अनिल राधे गुड्डू, विशाल वाल्मीकि,विक्रम, रिंकू चौहान, राहुल वाल्मीकि, अर्पित, सुरेश चंद नेताजी,बॉबी, अनिल, विशाल, सरजू बाबू,मनोज कुमार भारती,राजकुमार, प्रिंस,मनोज मंत्री, पंकज, अमर राजवर, सुमित, रितेश, रोहित, ऋतिक, बंधन,अनुज अनजान,सुरजीत आदि उपस्थित रहें।

### चोरों ने कब्रिस्तान की दीवार तोड़ी, 40 किलो सरिया और एंगल चुराया, पुलिस जांच में जुटी

नेशनल एक्सप्रेस मुनीश शर्मा/सम्भल। जिले के थाना असमोली क्षेत्र में चोरों ने कब्रिस्तान की दीवार को निशाना बनाया। बीती रात अज्ञात चोरों ने कब्रिस्तान की पक्की बाउंड्री की डीपीसी को तोड़कर करीब 50 किलो सरिया और गांव के पूरब मोहल्ले स्थित कब्रिस्तान की चारों ओर बनी बाउंड्री को चोरों ने नुकसान पहुंचाया। उन्होंने 15 से 20 मीटर लंबी डीपीसी को तोड़कर उसमें लगे सरिया और एंगल निकाल लिए। कब्रिस्तान में कोई निर्माण कार्य नहीं चल रहा था। चोरों ने पहले से खड़ी दीवार से ही सामान निकाला। सुबह जब ग्रामीण कब्रिस्तान पहुंचे तो उन्होंने दीवार का बड़ा हिस्सा टूटा हुआ पाया। नजदीक से जांच करने पर पता चला कि सरिया और एंगल गायब हैं। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया और थाने में शिकायत दर्ज कराई।ग्रामीणों का कहना है कि कब्रिस्तान जैसे पवित्र स्थल पर हुई चोरी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली है। इससे पहले भी गांव में चोरी की घटनाएं हुई हैं। लेकिन इस तरह का मामला पहली बार सामने आया है। थाना असमोली पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपियों को जल्द पकड़ने और कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



### विधायक पुत्र ने एसडीएम के साथ सुनाई जन समस्या

नेशनल एक्सप्रेस कपिल वार्ष्णेय /गुन्नौर। विधायक राम खिलाड़ी यादव के पुत्र अखिलेश यादव ने सोमवार को एसडीएम अवधेश कुमार से मुलाकात कर क्षेत्र की जनसमस्याओं को उनके सामने रखा। मुलाकात के दौरान अखिलेश यादव ने बताया कि गुन्नौर तहसील क्षेत्र में लोग राशन कार्ड को लेकर लंबे समय से परेशान हैं। वहीं, बाढ़ पीड़ितों को अब तक राहत राशि नहीं मिल पाई है। इसके साथ ही वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन और विकलांग पेंशन भी पात्र लोगों तक नहीं पहुंच रही है। कई लोगों ने समाज कल्याण विभाग में वर्षों पहले आवेदन किया था, लेकिन उन्हें आज तक लाभ नहीं मिला। उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्र में अनियमित बिजली आपूर्ति, अतिक्रमण और भूमि संबंधी विवादों की समस्या भी गंभीर बनी हुई है। इन समस्याओं से आम जनता लगातार जूझ रही है और इनके त्वरित समाधान की आवश्यकता है। इस पर एसडीएम अवधेश कुमार ने आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं का शीघ्र निस्तारण कराया जाएगा और जनता की हर समस्या के समाधान के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है।



### गुन्नौर क्षेत्र में चार लोगों ने फांसी लगाकर दी जान, इलाके में सनसनी

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/गुन्नौर। गुन्नौर क्षेत्र में बीते 24 घंटे के भीतर चार अलग-अलग लोगों द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटनाओं से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। कहीं सामाजिक बदनामी, तो कहीं पारिवारिक कलह और तनाव इन दर्दनाक मौतों की वजह बनी। गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव फत्तेहपुर में 30 वर्षीय जयप्रकाश पुत्र प्रेम सिंह का शव ईख के खेत में शहतूत के पेड़ से लटका मिला। तीन दिन पहले गांव की एक महिला ने उसके खिलाफ छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कराया था। तभी से वह लापता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं हैदराबाद गांव में 60 वर्षीय ऋषिपाल पुत्र राम सिंह ने खेत में पाखड़ के पेड़ पर फांसी लगाकर जान दे दी। बताया जा रहा है कि वह लंबे समय से पारिवारिक तनाव से जूझ रहा था। परिजनों ने बिना सूचना दिए ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। मखदुमपुर गांव में विवाहिता शैलेश पुत्री जगवीर निवासी गढ़िया पत्नी मनोज ने रविवार देर रात दुपट्टे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उसका विवाह करीब नौ माह पहले हुआ था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इधर, जुनावई थाना क्षेत्र के मैढ़ोली गांव में रामविलास पुत्र नत्थू सिंह ने रविवार दोपहर घर के भीतर ही फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। बताया गया कि वह पारिवारिक कलह से परेशान था। परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। लगातार आत्महत्याओं की इन घटनाओं ने पूरे इलाके में दहशत और चिंता का माहौल पैदा कर दिया है।

# नव चयनित 1112 कनिष्ठ सहायकों एवं 22 एक्सरे टेक्नीशियनों को नियुक्ति पत्र किए वितरित

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



संभल । बहजोई कलक्ट्रेट सभागार में सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ लोक भवन ऑडिटोरियम में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत नव चयनित 1112 कनिष्ठ सहायकों एवं 22 एक्सरे टेक्नीशियनों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत नव चयनित कनिष्ठ सहायकों एवं एक्सरे टेक्नीशियनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी एवं विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अनामिका यादव एवं पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार राजू यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष श हरेन्द्र सिंह रिंकू ,जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक,अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पंकज विश्नोई एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं सुधीर मल्होत्रा, मा. मंत्री जी के प्रतिनिधि विकास वार्ष्णेय, विजय यादव एवं डीपीएम संजीव राठोर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों तथा नव चयनित कनिष्ठ सहायकों द्वारा देखा एवं सुना गया। कलक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि गणों का एक पुष्प एवं पुस्तक देकर स्वागत किया गया।

कलक्ट्रेट सभागार में मुख्य अतिथि मंत्री एवं विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्षक तथा पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर ,भाजपा जिलाध्यक्ष , जिलाधिकारी ,मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जनपद में नव चयनित 5 कनिष्ठ सहायकों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया। मुख्य विकास अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि एक समर्थ विकसित उत्तर प्रदेश हमें मिलकर बनाना है। जिस पद पर आपका चयन हुआ है उनके दायित्वों का ईमानदारी से निर्वाहन करें।

पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर ने अपने संबोधन में कहा कि हमारी सरकार बहुत ही अच्छा कार्य कर रही है। पहले व्यक्ति सरकारी अस्पतालों में इलाज नहीं कराना चाहता था पर हमारी सरकार द्वारा स्वास्थ्य विभाग पर विशेष ध्यान दिया तथा सभी आवश्यक सुविधाओं का स्थापित किया आज व्यक्ति सरकारी अस्पतालों में बेहतर इलाज करा रहा है। हम सबको सेवा भाव से कार्य करना चाहिए।

भाजपा के जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू ने अपने संबोधन में कहा कि जनपद में जिलाधिकारी के नेतृत्व में बेसिक शिक्षा में सुधार हुआ है ,इसी प्रकार स्वास्थ्य सेवाओं में भी सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमें लोगों की यह धारणा बदलनी होगी कि सरकारी अस्पतालों में उचित इलाज नहीं होता है। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों में हमारी सरकार में बेहतर इलाज हो रहा है । उन्होंने नव चयनित कनिष्ठ सहायकों से कहा कि आप लोग सेवा भाव से कार्य करें तथा लोगों की सरकारी अस्पतालों में इलाज के लिए भी जागरूक करें।उन्होंने कहा कि कोरोना काल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बेहतर कार्य किया गया था।

जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अनामिका यादव ने सर्वप्रथम नव चयनितों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमारा देश विश्व में सबसे युवाओं वाला देश है। युवाओं की ऊर्जा को सही दिशा देने का कार्य हमारे मा. मुख्यमंत्री जी कर रहे हैं। शिक्षा एवं स्वास्थ्य के इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा की स्वास्थ्य सेवा हर व्यक्ति तक पहुँचे तब ही दीनदयाल उपाध्याय जी के स्वप्न को पूरा किया जा सकता है। मा. माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी ने अपने संबोधन में कहा कि जिस उमंग, उत्साह एवं सुख की अनुभूति आज नव चयनितों को हो रही है उस प्रकार का उत्साह एवं उमंग आगे भी बना रहना चाहिए । आप में प्रतिभा है इसलिए आपका चयन हुआ है। आपके प्रति लोगों का विश्वास बना रहे आप सेवा भाव से कार्य करें। मा. मंत्री जी द्वारा नव चयनित कनिष्ठ सहायकों को शुभकामनाएं एवं बधाई भी दी गयी। जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया द्वारा कार्यक्रम में आये मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का धन्यवाद दिया। जिलाधिकारी ने नव चयनितों से कहा कि जिस प्रकार आप सभी की पारदर्शिता के साथ भर्ती हुई है, आजीवन उसी पारदर्शिता एवं जनसेवा के साथ कार्य करें।

# कलश यात्रा निकाल कर कथा का किया शुभारंभ

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



चंदौसी । सोमवार नाम का भजन करके ही भगवान की प्राप्ति सम्भव है। अक्षरों की मूर्ति के रूप में भगवान श्रीमद्भागवत में विराजमान हैं।₹ कथा व्यास पूज्य अतुल कृष्ण भारद्वाज महाराज अन्नपूर्णा उत्सव मंडप बहजोई रोड' चंदौसी कथा व्यास पूज्य अतुल कृष्ण भारद्वाज महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा की सरल, सरस एवं अविरल भक्ति-रस से युक्त व्याख्या कराते हुए ज्ञान, वैराग्य और अध्यात्म के समन्वित स्वरूप का रसपान कराया। महर्षि वेदव्यास जी द्वारा रचित इस अमूल्य ग्रंथ की व्याख्या से श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो गए। कथा व्यास ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा हमारी जीवन-पद्धति की सभी समस्याओं का निदान है। इसके श्रवण से हम अपने जीवन को उचित मार्ग पर ले जाकर सार्थक प्रबंधन कर सकते हैं।गोकर्ण प्रसंग पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि कथा को हृदय से सुनकर, मनन कर तथा जीवन में ग्रहण करने से ही हम इस भवसागर से पार हो सकते हैं। व्यास ने कहा कि ज्ञानरूपी दीपक प्रत्येक व्यक्ति में विद्यमान है, परंतु उसका प्रखर विकास भागवत कथा के श्रवण से ही सम्भव है। इस ज्ञानदीपक को ही व्यक्ति अपने जीवन में अखण्ड प्रज्जवलित रख सकता है। इस कलियुग के झंझावात उस ज्ञान रूपी दीपक को बुझाने की पूरी कोशिश करते रहते हैं, लेकिन कलियुग में प्रभु का नाम ही पर्याप्त है। प्रभु के नाम का भजन कर-के ही भक्त प्रह्लाद, बालक ध्रुव, मीराबाई, संत रविदास, कबीरदास, चैतन्य महाप्रभु आदि इस भवसागर से पार हो गए। आज नाम-महिमा के कारण ही लाखों अंग्रेज वैष्णव बन गए। विश्व के प्रसिद्ध फि ल्म निमार्ता स्टीफन स्पीलबर्ग, प्रसिद्ध अभिनेत्री जूलिया रॉबर्ट्स, लंदन के उद्योगपति फोर्ड इत्यादि सभी ने हिन्दू धर्म स्वीकार कर वैष्णव संप्रदाय अपनाया। आगे कथा व्यास ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण से अन्तिम समय में उद्धव ने प्रश्न किया प्रभु ! आप इस संसार से जा रहे हैं, तो हम भक्तगण आपका दर्शन कब, किस रूप में और कहाँ प्राप्त कर सकते हैं? भगवान श्रीकृष्ण ने उत्तर दियाह्लमेरा दर्शन मेरे नाम, मेरे धाम और मेरे ग्रंथों में कर सकते हो। जैसे आप सोने, चाँदी, लकड़ी और मिट्टी की मूर्तियों में दर्शन करते हैं, उसी प्रकार अक्षरों के रूप में मैं अपने ग्रंथ ह्यश्रीमद्भागवतह्ल और ह्यश्रीरामचरितमानसह्ल में सदा विराजमान रहूँगा, जो आज विश्व में सर्वाधिक पठन-पाठन और कथा के रूप में विद्यमान हैं इस अवसर पर अजय शर्मा मिलन शर्मा, विनय अग्रवाल, रजनी अग्रवाल, अजय शर्मा, विनोद शर्मा, विनय अग्रवाल, सौरभ कांत शर्मा

द्वारा किया गया कार्यक्रम में आदित्य शर्मा, रामोतार शर्मा, दिनेश अग्रवाल, पवन अग्रवाल, अमित गुप्ता, अनिल गोयल, लवली कुमार, गुलशन अरोरा राकेश पाठक आदि उपस्थित रहे।

### चन्दौसी स्टार कॉम्पीटिशन सीजन-2 प्रतियोगिता का आयोजन हुआ

नेशनल एक्सप्रेस/चंदौसी।मिनी वृंदावन नगरी चंदौसी में गणेश जन्मोत्सव पर आयोजित होने वाले मेला गणेश चौथ के 65वें महोत्सव के दौरान डीएफआई डांस स्टूडियो द्वारा मेला ग्राउंड स्थित भूपाल रंगमंच पर चन्दौसी स्टार कॉम्पीटिशन सीजन-2 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घघाटन मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेत्री श्रीमती मंजू दिलेर, समाजसेवी संगीता भार्गव तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में चन्दौसी पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय एवं बहजोई पालिकाध्यक्ष राजेश शंकर राजू ने फीता काटकर किया।इस प्रतियोगिता में डांस के लिए तीन वर्ग- जूनियर, सब सीनियर व सीनियर वर्ग से कुल 65 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। निर्णायक मंडल में मुम्बई से अभिषेक शर्मा, मुरादाबाद से नीलू सिन्हा तथा चन्दौसी से विचित्रा गुप्ता रही। कार्यक्रम का संचालन कुणाल ठाकुर एवं सर्वेश चीनी ने संयुक्त रूप से किया।

# विश्व फिजियोथैरेपी-डे पर वैश्य एकता मंच द्वारा सम्मान समारोह



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

चंदौसी । विश्व फिजियोथैरेपी डे के अवसर पर वैश्य एकता मंच, चंदौसी-संभल द्वारा नगर के समस्त हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर्स का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मंच के पदाधिकारियों व सदस्यों ने नगर में स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान दे रहे डॉक्टर्स को पटका पहनाकर एवं सम्मान पत्र भेंट कर उनका सम्मान किया।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि चिकित्सक समाज का आधार स्तंभ हैं, और फिजियोथैरेपी एवं हड्डी रोग विशेषज्ञों की भूमिका आज के समय में अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उनके द्वारा दी जाने वाली सेवाएँ न केवल मरीजों को स्वस्थ जीवन प्रदान करती हैं बल्कि समाज को मजबूत और जागरूक भी बनाती हैं।इस अवसर पर वैश्य एकता मंच के युवा साथियों—लवित वार्ष्णेय, आकाश वार्ष्णेय, दीपेश सेठ,तुषार वार्ष्णेय, दिशान्त वार्ष्णेय एवं अभिनव वार्ष्णेय, अंशुल अग्रवाल—की विशेष उपस्थिति और सक्रिय भूमिका रही।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मंच के पदाधिकारी एवं नगरवासी मौजूद रहे।

# गोष्ठी एवं शिक्षक दिवस का आयोजन



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता /चंदौसी। सोमवार को लायंस क्लब चंदौसी विशाल मण्डल द्वारा एक गोष्ठी एवं शिक्षक दिवस का आयोजन वृंदा रेस्टोरेंट में अध्यक्ष लायन एल.एन.वार्ष्णेय की अध्यक्षता में किया गया जिसमें प्रोफेसर डॉ एस.के.अग्रवाल (रिटायर्ड प्रवक्ता) एस.एम.डिग्री कॉलेज और मति सुषमा उपाध्याय (प्रिंसिपल नानक चंद्र इंटर कॉलेज) को सम्मानित किया गया। तत्पश्चात स्वरुचि भोजन के बाद गोष्ठी की समाप्ति की घोषणा की गई।

# कहासुनी में खूनी संघर्ष, युवक की मौत, परिजनों में कोहराम

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता





चंदौसी। बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव अकरौली में बच्चों के बीच हुई मामूली कहासुनी ने रविवार की रात बड़ा रूप ले लिया। विवाद इतना बढ़ा कि देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गया। इस संघर्ष में एक युवक की मौत हो गई जबकि कई लोग घायल हो गए। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल है।

**खेलते समय हुई कहासुनी:** जानकारी के मुताबिक 07 सितंबर 2025 की शाम करीब सात बजे गांव में खेलते समय चरण सिंह के पुत्र शिवा और भूरे पुत्र सियाराम के पुत्र विशाल के बीच कहा-सुनी हो गई थी। मामूली-सी बात को लेकर शुरू हुई नोकझोंक ने रात होते-होते बड़ा झगड़ा खड़ा कर दिया।

**देर रात घर में घुसकर हमला:** बताया जा रहा है कि रात करीब 9 बजे भूरे, उसकी पत्नी ओमवती और पुत्र विशाल अचानक चरण सिंह के घर में घुस आए। भूरे के हाथ में छुरा और ओमवती के हाथ में डंडा था। तीनों ने मिलकर चरण सिंह पर हमला बोल दिया।

**बचाने आए परिजनों पर हमला:** चरण सिंह की चीख-पुकार सुनकर शिकायतकर्ता, उनका पुत्र रूप कुमार और भाई छविराम पुत्र करण सिंह मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव करने लगे। तभी गुस्से में भरे भूरे ने अपने हाथ में लिए छुरे से जानलेवा हमला करते हुए रूप कुमार के पेट में घोंप दिया। इस बीच ओमवती और विशाल ने भी शिकायतकर्ता के साथ मारपीट की।

**अस्पताल ले जाते समय मौत:** घटना की सूचना डायल 112 को दी गई। सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को चंदौसी के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। वहां रूप कुमार की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे मुरादाबाद रेफर कर दिया। मगर रास्ते में ही रूप कुमार ने दम तोड़ दिया। मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया।

### गांव में तनाव, पुलिस सतर्क

घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। मृतक का शव घर पर रखा गया है। परिजन आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और तहरीर के आधार पर भूरा , ओमवती व एक नाबालिग के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## संपादकीय

# अभिव्यक्ति की आज़ादी

भारत का लोकतंत्र अपनी विविधताओं और खुलेपन के कारण दुनिया में अद्वितीय माना जाता है। यहाँ हर नागरिक को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार है, लेकिन जब वही स्वतंत्रता अराजकता, अपमान और मर्यादाओं के उल्लंघन में बदल जाए, तो लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर कर देती है। हाल ही में पश्चिम बंगाल विधानसभा में जो दृश्य सामने आए, वे न केवल संविधान की गरिमा को चोट पहुँचाने वाले थे बल्कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर भी गहरे सवाल खड़े करते हैं।सदन को हमेशा चर्चा, बहस और नीति निर्माण का केंद्र माना गया है। लेकिन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को 'चोर', 'डकैत' और 'अत्याचारी' कहकर संबोधित किया, वह भारतीय राजनीति के गिरते स्तर की मिसाल है। मुख्यमंत्री के पद पर बैठा व्यक्ति जब देश के सर्वोच्च निर्वाचित प्रतिनिधि को इस तरह अपमानित करे, तो यह केवल व्यक्तिगत आरोप नहीं होता, बल्कि पूरे लोकतांत्रिक ढांचे का अपमान होता है।ममता बनर्जी की यह शैली नई नहीं है। जब वे लोकसभा सांसद थीं, तब भी उन्होंने कई बार सदन में हंगामा किया था। एक बार तो उन्होंने स्पीकर सोमनाथ चटर्जी पर विधेयक के कागज़ फाड़कर उछाल दिए थे। उस समय उनका गुस्सा बांग्लादेशी घुसपैठियों के मुद्दे पर था। आज वही मुद्दा उनके सामने है, लेकिन रुख बदल चुका है। मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने घुसपैठियों की अवधारणा को नकारते हुए नए शब्द गढ़ लिए— 'बांग्लाभाषी' और 'प्रवासी बंगाली'। अब वे केंद्र सरकार पर आरोप लगाती हैं कि बंगालियों के साथ अन्याय किया जा रहा है।लोकतंत्र में आलोचना की गुंजाइश हमेशा बनी रहती है, लेकिन आलोचना और अभद्रता में फर्क होता है। 'वोट चोर' जैसे आरोप चुनावी राजनीति के हिस्से हो सकते हैं, लेकिन प्रधानमंत्री को सदन के भीतर चोर और डकैत कहना, न केवल मर्यादा भंग करता है, बल्कि राजनीतिक असहमति को व्यक्तिगत शत्रुता में बदल देता है। दुखद यह है कि इस तरह की हरकतों पर संवैधानिक या कानूनी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई होती दिखाई नहीं देती।आगामी 2026 में बंगाल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। उससे पहले 10 सितंबर को चुनाव आयोग देशभर में मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण की प्रक्रिया शुरू करने जा रहा है। स्वाभाविक है कि बंगाल में भी यह प्रक्रिया चलेगी। सवाल उठता है कि क्या ममता बनर्जी और उनकी पार्टी इस संवैधानिक कवायद को भी चुनावी राजनीति का बहाना बनाकर प्रधानमंत्री या चुनाव आयोग को अपमानित करेगी? क्या मतदाता सूची सुधार को लेकर बंगाल में फिर से हिंसक प्रदर्शन और अराजकता होगी?विधानसभा में जो दृश्य सामने आए, वे किसी भी लोकतांत्रिक देश के लिए शर्मनाक हैं। हाथापाई, धक्का-मुक्की और विपक्ष के नेताओं को मार्शलों द्वारा बाहर निकालना, यह सब उस संस्था की गरिमा को चोट पहुँचाता है, जिसे जनता की आवाज़ कहा जाता है। भाजपा के मुख्य सचेतक शंकर घोष को अस्पताल पहुँचाना पड़ा और विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी को सदन से बाहर कर दिया गया। यह नज़ारा केवल बंगाल तक सीमित नहीं है। संसद और अन्य राज्यों की विधानसभाओं में भी ऐसा वातावरण बार-बार देखने को मिल रहा है।यह भी विडंबना है कि स्पीकर और सभापति, जो संविधान की मर्यादा के रक्षक माने जाते हैं, वे भी कई बार अपनी राजनीतिक निष्ठा से प्रभावित होकर पक्षपाती निर्णय लेते हैं। निलंबन जैसे कदम अब विवेक और तटस्थता के प्रतीक नहीं रहे। इससे जनता का भरोसा भी डगमगाता है।असल सवाल यह है कि क्या लोकतंत्र का मतलब केवल गाली-गलौज, शोर-शराबा और अराजकता है? यदि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अपने आरोप तथ्यों के साथ शांतिपूर्वक रखतीं और सदन में संयमित चर्चा होती, तो यह एक गंभीर राष्ट्रीय मुद्दा बन सकता था। लेकिन उन्होंने जो शब्द इस्तेमाल किए, उससे उनका राजनीतिक संदेश दब गया और व्यक्तिगत छीछालेदर ही रह गई।घुसपैठियों का मुद्दा निस्संदेह गंभीर है। यह सिर्फ बंगाल का नहीं, बल्कि पूरे देश की सुरक्षा, संस्कृति और संसाधनों से जुड़ा सवाल है।

# प्रकृति की नाराजगी को समझना होगा



ललित गर्ग



> यदि हमने संतुलन नहीं सीखा, तो यह विनाशकारी दृश्य आने वाले वर्षों में और भयावह होंगे। लेकिन यदि हमने चेतावनी को अवसर माना, तो प्रकृति फिर से मां की तरह हमें संभाल लेगी। जीवनदायी पानी जब अपने विकराल रूप में सामने आता है तो उसका प्रकोप कितना घातक और विनाशकारी हो सकता है, यह इस वर्ष की मूसलाधार मानसूनी बारिश एवं बादल फटने की घटनाओं ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया है।

प्रकृति अपनी उदारता में जितनी समृद्ध है, अपनी प्रतिशोधी प्रवृत्ति में उतनी ही कठोर है। जब तक मनुष्य उसके साथ तालमेल में रहता है, तब तक वह जीवन को वरदान देती है, जल, जंगल और जमीन के रूप में। लेकिन जैसे ही मनुष्य अपनी स्वार्थपूर्ण महत्वाकांक्षाओं और तथाकथित आधुनिक विकास की अंधी दौड़ में प्रकृति की उपेक्षा करने लगता है, यही प्रकृति विनाश का रूप धारण कर लेती है। आज पूरे भारत में जो बाढ़, जल प्रलय और मौसम के अनियंत्रित बदलाव के दृश्य दिखाई दे रहे हैं, वे केवल प्राकृतिक आपदा नहीं हैं, बल्कि हमारी गलतियों का सीधा परिणाम हैं। प्रकृति के इस रौद्र रूप के पीछे महज संयोग या 'कुदरत की नाराज़गी' को जिम्मेदार ठहराना पर्याप्त नहीं है। यह आपदाएं सीधे-सीधे जलवायु परिवर्तन, वनों की अंधाधुंध कटाई और अनियंत्रित विकास मॉडल का परिणाम हैं।

पहाड़ों का पारिस्थितिकी तंत्र अत्यंत संवेदनशील होता है, लेकिन नीतिनिर्माताओं ने पहाड़ों के विकास को मैदानी मॉडल पर ढालने की कोशिश की। बड़े-बड़े होटल, अव्यवस्थित सड़कें, बांध, खनन और निर्माण ने पहाड़ों की नाजुक संरचना को हिला दिया। जब जंगल काटे जाते हैं तो वर्षा का पानी भूमि में समाने के बजाय सीधे तेज धाराओं के रूप में बहने लगता है। यही बाढ़ और भूस्खलन का बड़ा कारण बनता है, इसी से भारी तबाही का मंजर देखने को मिल रहा है, देश के बड़े हिस्से में जन-जीवन अस्त-व्यस्त है, लाखों हेक्टेयर फसलें जनमग्न है, जान-माल का नुकसान भी बड़ा हुआ है, भारी आर्थिक नुकसान ने घना अंधेरा बिखेर दिया है। चारों ओर चिन्ताओं एवं परेशानियों के बादल मंडरा रहे हैं। आज की बाढ़ और जल प्रलय केवल पानी का उफान नहीं, बल्कि हमारी गलतियों का आईना है। यह प्रकृति का प्रतिशोध है, उसकी चेतावनी है कि यदि अब भी नहीं चेते तो भविष्य और भी विकराल होगा। महात्मा गांधी ने कहा था-"प्रकृति हर किसी की आवश्यकता पूरी कर सकती है, लेकिन किसी के लालच को नहीं।"

यही सच्चाई है। यदि हमने संतुलन नहीं सीखा, तो यह विनाशकारी दृश्य आने वाले वर्षों में और भयावह होंगे। लेकिन यदि हमने चेतावनी को अवसर माना, तो प्रकृति फिर से मां की तरह हमें संभाल लेगी। जीवनदायी पानी जब अपने विकराल रूप में सामने आता है तो उसका प्रकोप कितना घातक और विनाशकारी हो सकता है, यह इस वर्ष की मूसलाधार मानसूनी बारिश एवं बादल फटने की घटनाओं ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया है। सामान्यतः जल जीवन का आधार है, लेकिन जब वही जल अपनी मर्यादा तोड़कर प्रलयंकारी रूप में आता है तो घर, खेत, सड़क, पुल, मंदिर-मस्जिद और मानवीय जीवन तक बहाकर ले जाता है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर के पहाड़ी राज्य इस समय प्रकृति के ऐसे ही कहर का दंश झेल रहे हैं। बादल फटने की अप्रत्याशित घटनाएं, पहाड़ों से टूटते हिमखंड, अचानक बहते मलबे और बेकाबू नदियों का सैलाब-ये सब मिलकर भयावह परिदृश्य खड़ा कर रहे हैं।

वनों की कटाई ने न केवल भूमि की जलधारण क्षमता घटाई है, बल्कि स्थानीय जलवायु चक्र को भी प्रभावित किया है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण तापमान बढ़ा है, जिससे पहाड़ी इलाकों में ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं और अप्रत्याशित समय पर अत्यधिक वर्षा हो रही है। यही कारण है कि बादल फटने जैसी घटनाएं पहले की तुलना में कई गुना बढ़ गई हैं। पहाड़ों की बस्तियां, जो कभी प्राकृतिक संतुलन में जीती थीं, अब मानवजनित गतिविधियों की मार झेल रही हैं। दरअसल, समस्या का मूल यह है कि हमने विकास की परिभाषा को केवल कंक्रीट और मशीनों से जोड़ दिया है।

पर्यावरणीय संतुलन और पारिस्थितिकीय संवेदनशीलता को दरकिनार कर योजनाएं बनाई गईं। इसी का परिणाम है कि जब आपदा आती है तो न तो हमारी चेतावनी प्रणाली पर्याप्त साबित होती है और न ही प्रशासन की तैयारियां। सर्वोच्च न्यायालय में हिमाचल सरकार ने यह स्वीकार भी किया है कि अब तक अपनाए गए उपाय अपर्याप्त हैं। यह स्वीकारोक्ति बताती है कि समस्या कितनी गंभीर है। भारत की नदियाँ कभी जीवन का स्रोत मानी जाती थीं। गंगा, यमुना, ब्रह्मपुत्र, नर्मदा, गोदावरी जैसी नदियों के किनारे सभ्यताएँ पली-बढ़ीं। लेकिन आज वही नदियाँ मौत का पैगाम बनकर आती हैं। कारण है उनके प्राकृतिक प्रवाह में मानवीय हस्तक्षेप-बेतरतीब बांध, अतिक्रमण, नालों में बदल चुकी धारा और किनारों पर बसी बस्तियाँ। भारत में हर साल औसतन 1,600 लोग बाढ़ से मारे जाते हैं और लगभग 75 लाख लोग प्रभावित होते हैं। फसलें तबाह होती हैं, पशुधन मरता है और अरबों रुपए की आर्थिक क्षति होती है। केवल 2023 में उत्तराखंड, हिमाचल और दिल्ली में आई बाढ़ से 60,000 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ। पिछले कुछ दशकों में मौसम का पैटर्न पूरी तरह बिगड़ चुका है। मानसून जो पहले जून से सितंबर तक नियमित हुआ करता था, अब अनिश्चित और असमान हो गया है। कभी 24 घंटे में महीनों की बारिश हो जाती है, तो कभी लंबे सूखे का दौर देखने को मिलता है। 2013 की केदारनाथ त्रासदी ने पहाड़ों में अंधाधुंध निर्माण की पोल खोल दी। 2023 में दिल्ली में यमुना का 45 साल का रिकॉर्ड टूटना इस बात का संकेत है कि शहर जलवायु परिवर्तन और अव्यवस्थित शहरीकरण के सामने पूरी तरह असुरक्षित हो चुके हैं। देश के लगभग हर हिस्से में जल प्रलय की कहानियाँ देखी जा सकती हैं।

उत्तराखंड और हिमाचल में पहाड़ टूट रहे हैं, भूस्खलन से गांव उजड़ रहे हैं। बिहार और असम में बाढ़ हर साल लाखों लोगों को बेघर कर देती है। दिल्ली और मुंबई जैसे आधुनिक महानगर भी जलजमाव से पंगु हो जाते हैं। राजस्थान जैसे रेगिस्तानी राज्य में भी अनियंत्रित बारिश और बाढ़ का नया खतरा मंडरा रहा है। सड़कों पर नावें चल रही हैं, पुल बह गए हैं, खेत-खलिहान जलमग्न हैं। यह नजारा केवल विनाश का नहीं, बल्कि हमारी नासमझी का प्रमाण है। प्रकृति बार-बार संकेत देती है कि संतुलन ही जीवन का आधार है, लेकिन हमने उसकी सीमाओं को लांघ दिया है। पहाड़ों को खोखला कर सुरंगें और सड़कें बनाई गईं। जंगलों को काटकर कंक्रीट के जंगल खड़े कर दिए गए। नदियों को उनके मार्ग से हटाकर कृत्रिम रास्तों में बांध दिया गया। आज जब बादल फटते हैं या नदियाँ बेकाबू होती हैं, तो यह केवल आपदा नहीं बल्कि प्रकृति का प्रतिशोध है।

अब सवाल यह है कि इस संकट से निपटें कैसे। केवल राहत और मुआवजा देना समाधान नहीं है। आवश्यकता है दीर्घकालिक और ठोस कदम उठाने की। हमें जंगल बचाने होंगे, नदियों के प्राकृतिक प्रवाह को बहाल करना होगा, शहरी योजनाओं में जलनिकासी और हरियाली को महत्व देना होगा, पर्वतीय विकास में संयम लाना होगा और सबसे बढ़कर जनजागरूकता फैलानी होगी ताकि लोग समझ सकें कि पर्यावरण की रक्षा ही उनके जीवन की रक्षा है। जरूरत है कि आपदाओं को केवल 'प्राकृतिक' न मानकर उन्हें 'मानव निर्मित' एवं सरकार की गलत नीतियों की आपदाएं' भी समझा जाए। इसका अर्थ है कि इनका समाधान केवल राहत और बचाव तक सीमित न रहकर दीर्घकालिक रणनीति से जुड़ा होना चाहिए। विशेषज्ञों की राय, वैज्ञानिक अध्ययन और स्थानीय समुदायों के अनुभवों को मिलाकर ऐसी नीतियां बननी चाहिएं, जो पहाड़ों की प्राकृतिक संरचना और पारिस्थितिकी को ध्यान में रखें।

## इतिहास में आज का दिन

9 सितंबर का दिन विश्व और भारत के इतिहास में कई दृष्टियों से महत्वपूर्ण रहा है। यह तिथि हमें राजनीतिक, सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक बदलावों की गवाही देती है। जब हम इस दिन की घटनाओं पर नज़र डालते हैं, तो स्पष्ट होता है कि यह दिन अलग-अलग कालखंडों में निर्णायक मोड़ों का साक्षी रहा है।1776 का वर्ष अमेरिका के इतिहास में विशेष महत्व रखता है। इसी दिन अमेरिकी कॉन्टिनेंटल कांग्रेस ने "यूनाइटेड कॉलोनीज़" की बजाय नए राष्ट्र को "यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ़ अमेरिका" नाम देने का निर्णय लिया।

यह बदलाव सिर्फ नाम का नहीं था, बल्कि उस राष्ट्रीय चेतना और आत्मगौरव का प्रतीक था जिसने अमेरिका को आगे चलकर विश्व की महाशक्ति बनाया। इसी तरह 1791 में अमेरिका की राजधानी को आधिकारिक तौर पर "वॉशिंगटन" नाम दिया गया, जो तत्कालीन राष्ट्रपति जॉर्ज वॉशिंगटन के सम्मान में रखा गया।9 सितंबर 1850 को कैलिफ़ोर्निया अमेरिका का 31वां राज्य बना। खास बात यह थी कि कैलिफ़ोर्निया सीधे एक राज्य के रूप में संघ में शामिल हुआ, जबकि अधिकांश क्षेत्रों ने पहले लंबी औपनिवेशिक यात्रा तय की थी। यह घटना न केवल अमेरिकी इतिहास में बल्कि वैश्विक राजनीति में भी एक नए युग का संकेत थी, क्योंकि कैलिफ़ोर्निया आगे चलकर वैश्विक तकनीकी और आर्थिक विकास का केंद्र बना।भारत के संदर्भ में भी 9 सितंबर की अपनी ऐतिहासिक अहमियत है। 1920 में मोहम्मडन एंग्लो-ओरिएंटल कॉलेज को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित किया गया। सर सैयद अहमद ख़ान के विचारों से प्रेरित यह संस्थान उच्च शिक्षा और सामाजिक सुधार का केंद्र बना, जिसने आगे चलकर भारत की शिक्षा प्रणाली और मुस्लिम समाज के उत्थान में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अतिरिक्त 1909 में हिंदी सिनेमा की अग्रणी अभिनेत्री लीला चितनिस का जन्म हुआ। वे न सिर्फ़ भारतीय फिल्मों की प्रारंभिक नायिकाओं में शामिल थीं, बल्कि उन्होंने महिला पात्रों की गरिमा और संवेदनशीलता को पर्दे पर मजबूती से प्रस्तुत किया।द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान भी 9 सितंबर एक निर्णायक दिन साबित हुआ। 1940 में इटली ने मिस्र पर हमला किया और उसी दिन टेल अवीव पर बमबारी की गई, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिक मारे गए। यह हमला उस समय के वैश्विक राजनीतिक परिदृश्य और युद्ध की भयावहता का प्रतीक बना। दो साल बाद, 1942 में जापान ने अमेरिका के ओरेगन प्रांत के जंगलों पर पेट्रोल बम गिराए। यह अमेरिकी धरती पर पहला हवाई हमला था, हालांकि इससे अधिक नुकसान नहीं हुआ, लेकिन इस घटना ने यह स्पष्ट कर दिया कि युद्ध अब महाद्वीपों की सीमाओं को भी पार कर चुका है।9 सितंबर 1948 को कोरिया के इतिहास में भी एक नया अध्याय जुड़ा, जब डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ़ कोरिया यानी उत्तर कोरिया की स्थापना की गई। यह घटना विश्व राजनीति के ध्रुवीकरण का प्रतीक बनी और आगे चलकर शीत युद्ध का एक अहम केंद्र भी।1971 में अमेरिका की अटिका जेल में कुख्यात विद्रोह की शुरुआत इसी दिन हुई। इस विद्रोह में कैदियों ने दर्जनों कर्मचारियों को बंधक बना लिया था।

यह घटना अमेरिकी न्याय व्यवस्था और जेल सुधार की बहस का प्रतीक बन गई। 1976 में चीन के महान क्रांतिकारी नेता माओ ज़ेडॉन्ग का निधन भी 9 सितंबर को हुआ। माओ ने चीन को साम्राज्यवाद और औपनिवेशिक दबाव से निकालकर साम्यवादी राष्ट्र बनाया। उनके निधन के बाद चीन ने धीरे-धीरे आर्थिक सुधारों की ओर कदम बढ़ाए और विश्व राजनीति में एक नए अध्याय की शुरुआत हुई।2015 में ब्रिटेन की महारानी एलिज़ाबेथ द्वितीय ने सबसे लंबे समय तक शासन करने वाली रानी का खिताब हासिल किया।

## समसामयिक



ऋषभदेव शर्मा

# रूस-यूक्रेन युद्ध : शांति अभी दूर है?

पिछले दो दिनों में रूस-यूक्रेन संघर्ष में दिखी नई तेजी से शांति की संभावनाएँ धूमिल होती दिखाई दे रही हैं। बताया गया है कि 6 और 7 सितंबर, 2025 को रूस ने यूक्रेन पर अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला किया, जिसमें 810 से अधिक शाहेद-टाइप ड्रोन और 13 क्रूज व बैलिस्टिक मिसाइलें शामिल थीं। इस हमले में कीव की सरकारी इमारतें को निशाना बनाया गया। चार मौतें हुईं और 44 लोग घायल हुए। रूस ने दोनेत्स्क के मार्कोवे गाँव पर कब्जा किया। जवाब में यूक्रेन ने रूस की रियाजान ऑयल रिफाइनरी और लुहान्स्क ऑयल डिपो पर ड्रोन हमले किए।

इस बीच पुतिन की चेतावनी कि नाटो सैनिक वैध निशाने होंगे, युद्ध को और जटिल बनाती है। ये घटनाएँ संकेत देती हैं कि रूस आक्रामक रुख पर कायम है, जबकि यूक्रेन की रक्षा क्षमता मजबूत बनी हुई है, जिससे युद्ध के और लंबा खिंचने की आशंका बढ़ रही है।याद रहे कि फरवरी 2022 में शुरू हुआ यह युद्ध अब अपने चौथे वर्ष में है। 2025 में रूस ने कीव पर अभूतपूर्व ड्रोन हमले किए, जबकि यूक्रेन ने कर्स्क क्षेत्र में घुसपैठ कर रूस को रक्षात्मक बनाया। रूस का गर्मियों का हमला नाकाम रहा। इससे उसकी जीत की अपरिहार्यता का मिथक टूटा! पूर्वी यूक्रेन में रूस को कुछ छोटी छोटी कामयाबियाँ मिली हैं। लेकिन यूक्रेन का प्रतिरोध अडिग है। यूक्रेन के ड्रोन हमलों ने रूस की रिफाइनिंग क्षमता को 20 प्रतिशत घटा दिया। इससे उसकी ऊर्जा आय प्रभावित हुई। कहना न होगा कि यह युद्ध अब ड्रोन और मिसाइलों का युद्ध बन चुका है!कोढ़ में खाज यह कि शांति प्रयास बेअसर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने युद्ध खत्म करने का वादा किया और रूस पर कड़े प्रतिबंधों की धमकी दी। उनके 30-दिवसीय युद्धविराम प्रस्ताव को रूस ने ठुकरा दिया। रूस की शर्तें लगभग अस्वीकार्य हैं। मसलन, वह चाहता है कि यूक्रेन कब्जे वाले क्षेत्रों से हट जाए और नाटो की सदस्यता से बाज आए। जून 2025 में पुतिन ने दावा किया कि यूक्रेन 'हमारा' है। यह उनकी विस्तारवादी मंशा दर्शाता है।इसके अलावा रूस ने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की की उस 10-सूत्रीय शांति योजना को भी नकार दिया,जिसमें रूसी सेनाओं की वापसी और युद्ध अपराधों की जवाबदेही शामिल है। नाटो और यूरोपीय संघ की कोशिशें भी नाकाम रहीं; और इस्तांबुल व अलास्का वार्ताएँ बेनतीजा। यहाँ ठहरकर इस युद्ध के भारत पर असर पर भी विचार ज़रूरी है। भारत ने तटस्थ रुख अपनाया, रूस से 50 अरब डॉलर का तेल आयात जारी रखा, लेकिन शांति की अपील की। लेकिन यह रुख भारत पर बहुत भारी पड़ रहा है। कुम्हारी पर पार न पाकर गधे के कान उमेठने वाले कुम्हार की तरह खीझे हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत पर जिस तरह 50 प्रतिशत टैरिफ ठोक कर भारत को दंडित करने की दादागिरी दिखाई है, उससे भारत के निर्यात पर बुरा असर पड़ना तय है। ऊर्जा कीमतें भी बढ़ेंगी ही। इससे मुद्रास्फीति और आर्थिक दबाव बढ़ेगा। भारत को वैकल्पिक स्रोत तलाशने पड़ेंगे। इससे वैश्विक व्यापार की जटिलता बढ़ सकती है! यानी, इस संघर्ष का बढ़ना भारत के लिए हितकर नहीं।ऐसे में सवाल है कि शांति कितनी पास या दूर है? वर्तमान में तो दूर ही लगती है। रूस ने 2025 में 241 वर्ग मील क्षेत्र हासिल किया, लेकिन यूक्रेन की कर्स्क सफलता ने रूस को कमजोर किया। शांति के लिए मजबूत सुरक्षा गारंटी चाहिए, जैसे यूरोपीय सैनिकों की तैनाती, जिसे रूस अस्वीकार करता है।

ट्रंप का दबाव और रूस की आर्थिक कमजोरी आशा जगाती है, लेकिन रूस की प्रगति संघर्षविराम को कठिन बना रही है। ऐसे में, विश्व बिरादरी को कूटनीति बढ़ानी होगी, जिसमें यूक्रेन की संप्रभुता और रूस की चिंताओं का समाधान हो। शांति दूर भले हो, लेकिन बातचीत से ही रास्ता निकल सकता है। मानवीय तबाही को रोकने के लिए विश्व को एकजुट होकर कार्य करना होगा; लेकिन अफसोस कि फिलहाल ऐसा होता दिख नहीं रहा!

# इतिहास के पन्नों में गुम 1857 की क्रांति का महानायक कानपुर देहात के गंगू मेहतर

प्रशान्त सी बाजपेयी

1857 की आजादी की लड़ाई की शुरुआत में एक ऐसा गुमनाम क्रांतिकारी था जो इतिहास स्वर्णिम पन्नों में उनका नाम केवल इसलिए नहीं लिख पाया कि वह मेहतर यानी वाल्मीकि समाज के थे, जिन्हें लोग गंगू बाबा व गंगूदीन,के नाम से भी जाने जाते थे। वाल्मिकी समाज के इन महान क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी कि 166 वीं पुण्यतिथि पर कोटि कोटि नमन व विनम्र श्रद्धांजलि।

"सभी का ख़ून है शामिल यहाँ की मिट्टी में, किसी की बाप हिन्दुस्तान थोडी है" मशहूर शायर- राहत इंदौरी# की यह पंक्ति बहुत बयान करती हैं। जब देश ने स्वतंत्रता आंदोलन की लड़ाई लड़ी तो उसमें हर धर्म, हर जाति के लोगों ने बराबर योगदान दिया था। लेकिन अगर हम इतिहास उठाकर देखें तो पाएंगे कि अंग्रेज़ों के खिलाफल लड़ने वाले कई वीर शहीदों को उनकी जाति या धर्म के कारण उपयुक्त सम्मान और स्थान नहीं मिला।ऐसे ही वीर शहीदों में से एक हैंःगंगू बाबा मेहतर (वाल्मिकी गंगू बाबा का जन्म कानपुर देहात के अकबरपुर में हुआ था।इतिहासकारों के मुताबिक़,गंगू मेहतर भंगी जाति से थे।उस समय उच्च और निम्न जाति को लेकर समाज में असमानताएं फैली हुई थीं, बाबा गंगू भी उसी का शिकार हुए, तथा निम्न जाति के होने के कारण पढ़ने लिखने के अवसर नहीं प्राप्त हुए। उन्हें अपने सिर पर मैला ढोना पड़ता था, लेकिन वह इस काम से ख़ुश नहीं थे, तथा उच्च जाति के लोगों द्वारा निम्न जातियों पर हो रहे अत्याचार से उनका परिवार अछूता नहीं रहा, इससे बचने के लिये गंगू परिवार संग कानपुर के चुंगीगंज में बस गए। बाबा गंगू जातीय शोषणों के ख़िलाफ़ आंदोलित रहते थे।

गंगू बाबा को पहलवानी का शौक आ चुका था,कानपुर में ही सती चौरा गाँव में इनका पहलवानी का अखाड़ा था।उन्होंने पहलवानी एक मुस्लिम उस्ताद से सीखी थी। जिसकी वजह से इन्हें गंगूदीन कहकर पुकारते थे। 1857 का विद्रोह शुरू हुआ, मुगल के आख़िरी बादशाह बहादुर शाह ज़फ़र के नेतृत्व में पूरे देश के कोने कोने में अंग्रेज़ों के खिलफ क्रांति शुरू हो चुकी थी।कानपुर भी इसका केंद्र बना था। दरअसल, मराठों की हार के बाद अंतिम पेशवा बाजीराव कानपुर के बिठूर में बस गए।कई शादियों के बाद भी संतान की प्राप्ति नहीं हुई तब उन्होंने नाना साहब को गोद ले लिया। बाजीराव पेशवा के देहांत के बाद, ब्रिटिश सरकार ने नाना साहब को बाजीराव पेशवा का दत्तक वारिस मानने से इंकार कर दिया। नाना साहब ने भी अंग्रेज़ों के खिलाफ विद्रोह कर दिया।

नाना साहब पेशवा के सैनिक दस्ते में गंगू बाबा मेहतर का नाम बेहतरीन लड़ाकों में से एक माना जाता था।उन्हें शुरुआत में नगाड़ा बजाने के लिए शामिल किया गया था लेकिन उनके बहादुरी और पहलवानी को देखते हुए सूबेदार का पद मिल गया।वह सैनिकों को पहलवानी के गुर भी सिखाते थे। देश के पहले स्वतंत्रता संग्राम 1857 की लड़ाई में बाबा गंगू मेहतर ने भी नाना साहब पेशवा की तरफ़ से ब्रिटिश शासन के खिलाफ अपनी बहादुरी का प्रदर्शन किया।उन्होंने अकेले दम पर ही लगभग 150-200 ब्रिटिश सैनिकों को मारने में सफलता प्राप्त की, जिससे ब्रिटिश शासन के खलबली मच गई। जिसके चलते वो हर हालत में बाबा गंगू मेहतर को ज़िंदा पकड़ना चाहती थी।उन्हें ब्रिटिश सैनिकों ने गिरफ़्तार कर लिया, और घोड़े से बाँधकर पूरे शहर में घुमाया काफ़ी जुल्म किए।लेकिन उनके हौसले को नहीं तोड़ सके। गंगू बाबा पर महिलाओं और बच्चों के कत्ल का झूठ मुक़दमा चलाया गया और मुक़दमा के नाटक के बाद फाँसी की सज़ा सुनाई गई 8 सितंबर 1859 को आज ही के दिन,कानपुर के चुन्नीगंज में एक नीम के पेड़ पर फाँसी दे दी गई। बाबा गंगू मेहतर ने अपनी फाँसी से पहले कहा था, "भारत की माटी में हमारे पूर्वजों का ख़ून व क़ुर्बानी की गंध है,एक दिन यह मुल्क आज़ाद होगा।"लेकिन दुर्भाग्यवश भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में इनका नामों निशान नहीं है।शायद जातिवाद के कारण ये नाम इतिहास के पन्नों में कहीं खो गया। " लेकिन शहीदों की चिताओं पर तो हर बरस मेला लगता है,इसलिए गंगू बाबा आज भी लोगों की यादों में हैं।उन्हें आज भी एक ऐसे वीर के रूप मे याद किया जाता है।स्वतंत्रता आंदोलन यादगार समिति के सदस्यों. अमर शहीद क्रांतिकारी,बाबा गंगू मेहतर IN को उनकी 166वीं पुण्यतिथि पर कोटि कोटि नमन।





*(अध्यक्ष स्वतंत्रता आंदोलन यादगार समिति नई दिल्ली सिनेमेटोग्राफ़र: फ़िल्म और टेलीविज़न)*

# कैंटीन संचालक पर छेड़खानी का आरोप, अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी से बनाया दबाव

## पुलिस ने नाबालिग पीड़िता की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की



नेशनल एक्सप्रेसए ब्यूरो।

**कानपुर,** नौबस्ता पुलिस ने एक नाबालिग से छेड़खानी के मामले में हॉस्पिटल के कैंटीन संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि एक निजी अस्पताल का कैंटीन संचालक उनकी बेटी का अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर संबंध बनाने का दबाव बना रहा था। परिजनों ने आरोपी युवक को दबोच लिया और पीटने के बाद उसका मोबाइल छीन लिया।

इस दौरान आरोपी मौके से भाग निकला। जांच में उसके मोबाइल से 16 अलग-अलग लड़कियों के साथ संबंध बनाते हुए वीडियो मिला है। नौबस्ता पुलिस ने एफआईआर दर्ज करके आरोपी का मोबाइल कब्जे में लिया है। अब पुलिस आरोपी की तलाश में छापेमारी कर रही है।

आवास विकास नौबस्ता निवासी ने बताया कि उनकी 14 साल की बेटी आठवीं की छात्रा है। वह जिस मकान में किराए पर रहते हैं उसी में एक निजी अस्पताल संचालित होता है। इस हॉस्पिटल के कैंटीन संचालक फतेहपुर जहानाबाद निवासी केशव उत्तम उनकी बेटी को तंग करता था।

लेकिन इसके बाद भी उसकी हरकतें बंद नहीं हुई और बेटी का अपने साथ एक वीडियो बना लिया। वीडियो बनाकर बेटी को ब्लैकमेल करने लगा। इससे छात्रा गुमसुम रहने लगी और मामला परिवार के लोगों तक पहुंचा। लड़की के पिता ने बताया कि उन्होंने दो-तीन बार समझाया, कि मेरी बेटी अभी नाबालिग है, जो कक्षा 8 में पढ़ रही है, जिसकी उम्र 14 साल है। मेरे कहने पर उसने कहा कि आज के बाद मतलब न रखेगें। लेकिन इसके बाद भी नहीं माना और रास्ते में मेरी बेटी को रोक लिया।

मेरी बेटी को खींचकर अपने साथ ले जा रहा था। उसका वीडियो वायरल करने की धमकी देकर संबंध बनाने का दबाव बना रहा था। जानकारी मिलते ही परिवार के लोग पहुंचे और बेटी को छुड़ाने के साथ ही आरोपी को पीटा और उसका मोबाइल छीन लिया। इस दौरान आरोपी भाग निकला। इसके बाद लड़की के पिता ने मामले की जानकारी नौबस्ता पुलिस को दी। नौबस्ता थाना प्रभारी ने बताया कि जांच के दौरान आरोपी के मोबाइल से वीडियो के साथ ही कई कॉल रिकॉर्डिंग वाले ऑडियो भी मिले हैं। इसकी जांच में सामने आया कि आरोपी से कुछ लोग लड़कियों व महिलाओं की डिमांड कर रहे हैं। ये डिमांड के मुताबिक लड़कियों और महिलाओं को भेजने की बात कह रहा है। आरोपी की तलाश में पुलिस की एक टीम को लगाया है। जल्द ही उसे अरेस्ट करके जेल भेजा जाएगा। डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि छात्रा के पिता की तहरीर के आधार पर आरोपी केशव उत्तम के खिलाफ छेड़खानी, मारपीट, बंधक बनाने और पाक्सो एक्ट की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है। जल्द ही उसे अरेस्ट करके जेल भेजा जाएगा।

आरोपी का मोबाइल कब्जे में लेकर जांच की जा रही है। जिन लड़कियों के साथ उसके अश्लील वीडियो हैं। उनसे संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है। अगर कोई तहरीर देगा और भी एफआईआर दर्ज की जाएगी।

# डीएम ने नगरीय स्वास्थ्य केंद्र, अनवरगंज का किया औचक निरीक्षण, 8 स्वास्थ्यकर्मी अनुपस्थित, हुई कार्रवाई



**कानपुर नगर,** जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने आज प्रातः 9:30 बजे नगरीय स्वास्थ्य केंद्र, अनवरगंज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही सामने आई। उपस्थिति पंजिका की जांच में एक स्थायी कर्मचारी और सात संविदा स्वास्थ्यकर्मी अनुपस्थित पाए गए।

जिलाधिकारी ने सभी अनुपस्थित स्वास्थ्यकर्मियों का एक दिन का वेतन काटने तथा संविदा कार्मिकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

अनुपस्थित पाए गए स्वास्थ्यकर्मियों में बीएचडब्ल्यू शिल्पी सक्सेना, स्टाफ नर्स अंजलि, एएनएम रेनू पांडे, मीना देवी, पुष्पा देवी, अरविंद कुमार, अभिनव तिवारी और मोहित शुक्ला शामिल हैं। इस दौरान एमओआईसी डॉ. दीप्ति गुप्ता ने अवगत कराया कि सहायक शोध अधिकारी नम्रता वर्मा वर्तमान में सीएमओ कार्यालय में संबद्ध हैं। इस पर जिलाधिकारी ने संबद्धिकरण के औचित्य की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने लैब की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की। लैब टेक्नीशियन अनुज ने जानकारी दी कि सितंबर माह में अब तक मात्र 14 लोगों ने जांच कराई है। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और जांच संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए।

साथ ही उन्होंने उपलब्ध दवाओं का भी अवलोकन किया और मरीजों को निर्बाध रूप से दवा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों का मुख्य उद्देश्य आमजन को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। इस कार्य में किसी प्रकार की ढिलाई स्वीकार्य नहीं होगी।

# दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण हेतु विशेष शिविर का आयोजन




नेशनल एक्सप्रेसए ब्यूरो।

**कानपुर,** 8 सितंबर 2025 को सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील घाटमपुर, कानपुर नगर में जिलाधिकारी श्री जितेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशानुसार दिव्यांगजनों के लिए एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य दिव्यांगजनों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान कर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना रहा।

आज शिविर में निम्नलिखित कार्य संपन्न हुएः

77 दिव्यांगजनों का चिकित्सकीय परीक्षण दिव्यांग बोर्ड के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा किया गया, जिनमें से 59 दिव्यांगजनों को तत्काल दिव्यांग प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।15 दिव्यांगजनों को जाँच हेतु रेफर किया गया। 3 दिव्यागजनों के आवेदन निरस्त किए गए।

**8 दिव्यांगजनों को दिव्यांग पेंशन हेतु पंजीकृत किया गया।**

12 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण एवं 1 दिव्यागजन को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल हेतु पंजीकृत किया गया। 13 दिव्यांगजनों के राशन कार्ड के आवेदन भरवाए गए। 20 दिव्यागजनों के आय /जाति/निवास प्रमाण पत्र हेतु आवेदन किए गए। आज के शिविर में जे एल रोहतगी अस्पताल, सर्वोदय नगर के सहयोग से 55 दिव्यागजनों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी कानपुर नगर, डीसीपी दक्षिण , मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप जिलाधिकारी घाटमपुर, एसीपी घाटमपुर तथा जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी , तहसीलदार घाटमपुर द्वारा दिव्यांग प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।

शिविर में चिकित्सा विभाग, पूर्ति विभाग, राजस्व विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, समाज कल्याण विभाग सहित विभिन्न विभागों ने सहभागिता की। यह विशेष शिविर दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण और कल्याण की दिशा में एक सराहनीय प्रयास सिद्ध हुआ।

# विकसित भारत–विकसित उत्तर प्रदेश @2047 विषय पर गोष्ठी सम्पन्न

नेशनल एक्सप्रेसए ब्यूरो।

कानपुर देहात आज "विकसित भारत – विकसित उत्तर प्रदेश, आत्मनिर्भर भारत – आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश, शताब्दी संकल्प @ २०४7 (समृद्धि का शताब्दी पर्व)" विषय पर प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय, कानपुर देहात में सेवानिवृत्त आई०एफ०एस रजनीकांत दीक्षित की अध्यक्षता में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में बताया गया कि प्रधानमंत्री जी की परिकल्पना "विकसित भारत २०४7" केवल एक लक्ष्य नहीं बल्कि राष्ट्र की सामूहिक यात्रा है, जिसमें उत्तर प्रदेश अग्रणी भूमिका निभा रहा है। वर्ष २017 से २०२5 के बीच सुरक्षा, सुशासन और विकास की ठोस नींव रखी गई है तथा "विजन यूपी@२०४7" के अंतर्गत व्यापक कार्ययोजना तैयार की जा रही है। गोष्ठी में "अर्थशक्ति, सृजन शक्ति व जीवन शक्ति" तीन प्रमुख थीम और १२ चिन्हित सेक्टरों पर चर्चा की गई। पिछले 8 वर्षों में उत्तर प्रदेश की आर्थिक वृद्धि दर 15.9% रही, प्रति व्यक्ति आय दोगुनी से अधिक बढ़ी तथा निर्यात 84 हजार करोड़ से बढ़कर 1.86 लाख करोड़ रुपये तक पहुँचा। भविष्य की दिशा में प्रदेश को वर्ष २०२९-30 तक 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था तथा २०४7 तक 6 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही कृषि, पशुधन, उद्योग, आईटी, पर्यटन, शहरी विकास, शिक्षा व स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में दीर्घकालिक योजनाओं की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। गोष्ठी में ए.के. पाण्डेय प्रभागीय वनाधिकारी, अपूर्वा पाण्डेय उप प्रभागीय वनाधिकारी, सर्वेश कुमार क्षेत्रीय वन अधिकारी अकबरपुर, स्वामीदीन क्षेत्रीय वन अधिकारी भोगनीपुर, इस्तखार अहमद क्षेत्रीय वन अधिकारी डेरापुर, तौसीफ अहमद क्षेत्रीय वन अधिकारी रसूलाबाद, विवेक सैनी, जिला परियोजना अधिकारी, दीपिका सेंगर पर्यावरणविद् तथा सभी रेंज कार्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम में यह संदेश दिया गया कि उत्तर प्रदेश, भारत की सांस्कृतिक आत्मा ही नहीं बल्कि राष्ट्र की आर्थिक शक्ति बनकर "विकसित भारत २०४7" के संकल्प को साकार करेगा। प्रवीण प्रताप सिंह, कुलदीप कुमार , जगत सिंह और करीब 70 किसानों की उपस्थिति में आज का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान POS मशीन से पंजीकृत किसान भाइयों को अंगूठा लगवा करके बाजरा १ kg पैकेट का 45 कृषकों को, रागी ३ kg का पैकेट 10 कृषकों को वितरण भी किया गया। कुल 55 किसान भाइयों को मिनीकिट दी गई। इस दौरान घनश्याम तिवारी, बलजीत सिंह, अनिल कुमार, कृषि सखी आरती, किरण उपस्थित रही।

# आईआईए भवन कानपुर में 'उद्यम संवाद' कार्यशाला का आयोजन

नेशनल एक्सप्रेसए ब्यूरो।

**कानपुर नगर,** आईआईए भवन कानपुर में आज "उद्यम संवाद" कार्यशाला का आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता एमएसएमई, निर्यात प्रोत्साहन, खादी एवं ग्रामोद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग तथा रेशम विभाग मंत्री राकेश सचान ने की। कार्यक्रम में उद्योग जगत के प्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी एवं आईआईए पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

इस अवसर पर एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने उद्यमियों से सीधे संवाद करते हुए कहा कि उद्यमियों की प्रत्येक समस्या का समाधान करना सरकार की प्राथमिकता है। विभाग की पूरी टीम उद्यमियों के बीच मौजूद है और भविष्य में भी किसी भी समस्या पर त्वरित कार्यवाही सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कि प्रदेश सरकार उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। एमएसएमई को ऐसा सक्षम वातावरण प्रदान किया जाएगा जिससे यह क्षेत्र प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर की दिशा में आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सके। उद्योगों से प्राप्त सुझावों को नीतिगत स्तर पर शामिल किया जाएगा। समाधान-प्रधान संवाद कार्यसंस्कृति का हिस्सा है और इसे संस्थागत रूप से लागू किया जाएगा जिससे किसी भी उद्यमी को अकेले संघर्ष न करना पड़े। उन्होंने कहा कि प्रदेश की एमएसएमई इकाइयों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के स्तर तक ले जाना दीर्घकालिक योजना का हिस्सा है।

इसके लिए आधारभूत संरचना सुधार, बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता और कर प्रणाली को और सरल बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। संस्था के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील वैश्य ने उद्यमियों की प्रमुख समस्याओं को सामने रखते हुए कहा कि नगर निगम द्वारा पूर्व भुगतान के बाद भी गृहकर की मांग, विद्युत आपूर्ति में बार-बार ट्रिपिंग और बिलों में त्रुटियाँ, इस्पात नगर व व्यापार नगर की आधारभूत संरचना की कमी तथा भूमि उपयोग परिवर्तन की अड़चनें उद्योगों के सुचारू संचालन में बड़ी बाधा बन रही हैं। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव एमएसएमई आलोक कुमार ने संस्था द्वारा प्रस्तुत सर्वेक्षण रिपोर्ट का संज्ञान लेते हुए कहा कि यह गहन अध्ययन है और शीघ्र ही इस पर ठोस कार्ययोजना बनाई जाएगी। आयुक्त एवं निदेशक उद्योग तथा मंडलायुक्त कानपुर के. विजयेन्द्र पांडियन ने कहा कि उद्योगों की समस्याओं पर तेजी से काम हो रहा है और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुँचाना साझा लक्ष्य है।

बैठक में आईआईए के प्रतिनिधियों ने नगर निगम के गृहकर, विद्युत आपूर्ति, औद्योगिक क्षेत्रों की आधारभूत संरचना और भूमि उपयोग परिवर्तन जैसी समस्याओं को रखा। मंत्री राकेश सचान ने इन बिंदुओं पर तुरंत संज्ञान लेते हुए सकारात्मक समाधान का भरोसा दिलाया।

संस्था के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक अग्रवाल ने बताया कि एमएसएमई उद्योगों की संचालन संबंधी कठिनाइयों पर संस्था द्वारा प्रदेशव्यापी सर्वेक्षण कराया गया है।

# ग्राम पंचायत रमईपुर की अनोखी पहल; कचरे से कमाई, गांव में बढ़ी सफाई

## जिलाधिकारी ने किया प्लास्टिक वेस्ट प्रबंधन केंद्र का निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश



नेशनल एक्सप्रेसए ब्यूरो।

**कानपुर नगर** की विधनू ब्लॉक की रमईपुर ग्राम पंचायत अब सिर्फ स्वच्छता का नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता का भी उदाहरण बन चुकी है। यहां एक ऐसा मॉडल तैयार हुआ है, जहां कूड़े-कचरे को न केवल ठिकाने लगाया जा रहा है, बल्कि उसे आय के साधन में बदल दिया गया है। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने आज प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट एवं आरआरसी सेंटर का जायजा लिया और इसे अधिक प्रभावी बनाने के संबन्ध में आवश्यक निर्देश दिए।

गांव में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज–2 योजना के अंतर्गत प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट और रिसोर्स रिकवरी सेंटर स्थापित किए गए हैं। यह दोनों केंद्र अब ग्राम पंचायत के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। डीपीआरओ मनोज कुमार ने डीएम को अवगत कराया कि ग्राम पंचायत द्वारा 16 लाख रुपये की लागत से यूनिट का निर्माण हुआ और मशीनें खरीदी गईं। इसके बाद से प्लास्टिक और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का काम सुचारू रूप से शुरू हो गया।

पिछले कुछ महीनों में ही यूनिट पर 9.5 टन प्लास्टिक अपशिष्ट एकत्र कर बैलिंग और श्रेडिंग की प्रक्रिया से गुजारा गया। ग्राम पंचायत ने नेचर नेक्स्ट फाउंडेशन और स्थानीय कबाड़ियों से समझौता किया है, जिससे प्लास्टिक की बिक्री हो सके। अब तक केवल प्लास्टिक से 6,000 रुपये की आमदनी पंचायत को हो चुकी है। साथ ही कचरे से तैयार वर्मी कम्पोस्ट ने भी आय का नया रास्ता दिखाया है। लगभग 2,000 किलो वर्मी कम्पोस्ट बेचकर पंचायत ने 25,000 रुपये से अधिक अर्जित किए हैं।

गांव में स्वच्छता की तस्वीर भी तेजी से बदली है। करीब 425 घरों से नियमित कूड़ा उठान की व्यवस्था की गई है। ग्रामीण गाड़ियों में कचरा डालते हैं, जिसे सीधे आरआरसी सेंटर ले जाया जाता है। खास बात यह है कि लगभग 350 ग्रामीण परिवार स्वेच्छा से 30 रुपये का मासिक यूजर चार्ज भी जमा कर रहे हैं। इससे पंचायत के ओएसआर खाते में डेढ़ लाख रुपये से अधिक राशि संरक्षित हुई है। गांव के बुजुर्ग बताते हैं कि पहले प्लास्टिक नालियों में भर जाता था, जिससे पानी रुकता और गंदगी फैलती थी। अब यह समस्या लगभग खत्म हो चुकी है। बच्चे भी अब गलियों में साफ-सुथरे माहौल में खेलते नजर आते हैं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि रमईपुर का यह मॉडल अन्य पंचायतों के लिए प्रेरणादायी है। यह न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा, बल्कि पंचायतों की आमदनी भी बढ़ाएगा।

# बाल कल्याण व संरक्षण समिति एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ टास्कफोर्स की त्रैमासिक बैठक आयोजित

नेशनल एक्सप्रेसए ब्यूरो।

**कानपुर देहात** जिलाधिकारी कपिल सिंह के निर्देश के क्रम में एवं मुख्य विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में, जिला प्रोबेशन अधिकारी के नेतृत्व में आज मा0 ब्लॉक प्रमुख आशीष कुमार की अध्यक्षता, मुख्य अतिथि के रूप मे मा0 राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला जी की गरिमामयी उपस्थिति में ब्लॉक अकबरपुर के सभागार में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की बैठक का आयोजन किया गया साथ ही ब्लॉक अमरौधा के सभागार में प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी सम्मानित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

ब्लाक अकबरपुर सभागार में सर्वप्रथम धर्मेन्द्र कुमार ओझा संरक्षण अधिकारी द्वारा मिशन वात्सल्य योजनान्तर्गत ब्लाक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की त्रैमासिक बैठक के उद्देश्य की जानकारी दी गई ,सभागार मे उपस्थित समिति के अध्यक्ष/सदस्य/समस्त आंगनवाडी कार्यकत्रियो/समूह की महिलाओं को बताया गया कि जनपद में 0 से लेकर 18 वर्ष से कम आयु के शिशु/बालक/बालिका हेतु बाल संरक्षण के सशक्त संरक्षणात्मक परिवेश का निर्माण, उचित पालन-पोषण करने, परिवार की देखरेख पाने, प्रतिष्ठा के साथ रहने, बच्चों को हिंसा एवं दुर्व्यवहार से बचाने के उद्देश्य एवं मुख्य चार बिन्दुओं स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं सुरक्षा हेतु समस्त ग्राम/वार्ड/ब्लाक में बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति का गठन किया गया है साथ ही केन्द्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण तथा पाक्सो यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण करने संबंधी अधिनियम 2012 के अंतर्गत बच्चों के प्रति यौन उत्पीड़न और यौन शोषण जैसे जघन्य अपराधों, गुड टच का मतलब ऐसा स्पर्श जो सुरक्षित, प्यार वाला और सहमति से हो।




यह स्पर्श बच्चे को अच्छा और सुरक्षित महसूस कराता है ,किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण अधिनियम) 2015 नियमावली 2016 के अन्तर्गत बाल कल्याण समिति व किशोर न्याय बोर्ड द्वारा बच्चों को सुरक्षात्मक वातावरण के विषय में तथा ग्राम सभा स्तर पर गठित ग्राम बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति के माध्यम से समस्त ग्राम सभाओं के परिवारों को जागरूक किये जाना व समितियों द्वारा बाल अपराध को रोकने, मानव तस्करी, प्रवर्तकता कार्यक्रम-जिसके अन्तर्गत ऐसे परिवारों का चयन किये जाने व बैठक में उपस्थित सभी को प्रवर्तकता कार्यक्रम व फॉस्टर केयर योजना की विस्तृत जानकारी दी गयी।

''संकल्प'' हब फॉर इम्पॉवरमेंट ऑफ वूमेन योजनान्तर्गत 12 दिवसीय कार्यक्रम की थीम '' विधिक जागरूकता '' हेतु प्रतिमा श्रीवास्तव जिला मिशन समन्वयक द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ हेतु शपथ दिलाई गई तथा महिलाओं के खिलाफ सभी प्रकार की हिंसा और भेदभाव के उन्मूलन के बारें में जागरूकता बढाने हेतु प्रेरित किया गया साथ ही बाल विवाह रोकथाम, नारी सुरक्षा सम्मान स्वावलंबन में कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया एवं महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित मु0 कन्या सुमंगला योजना, उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना आदि के बारे में जानकारी दी गयी साथ ही टोल फ्री नं0 1098, 112, 181, 1090 के बारे में जागरूक किया गया तथा योजनाओं से सम्बन्धित पम्पलेट का वितरण भी किया गया,

बैठक में आई0 आर0एस0 अमरेश चन्द्र शुक्ला, आई0एफ0एस0 रजनीकान्त दीक्षित, पूर्व मुख्य अभियन्ता के0बी0लाल, खण्ड विकास अधिकारी प्रदीप कुमार, सहायक विकास अधिकारी प्रवीर सिंह, बाल विकास परियोजना अधिकारी राकेश यादव, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी जिला प्रोबेशन कार्यालय से बाल संरक्षण अधिकारी, जिला मिशन समन्वयक, सहायक लेखकार, सामाजिक कार्यकर्ता, सुपरवाईजर, आंगनवाडी कार्यकत्री, समूह की महिलायें, आउटरीच वर्कर आदि लोग उपस्थित रहे।

# विश्वविद्यालय, मोती झील, बड़ा चौराहा और कानपुर सेंट्रल में सजा पुस्तकों का बाजार

### एनसीएमसी गोस्मार्ट कार्डधारकों को मिल रहा विशेष डिस्काउंट

### शहर की लाइफलाइन मेट्रोः विस्तार के बाद 25 लाख यात्रियों का सफर, सांस्कृतिक आयोजनों से बढ़ा जुड़ाव और राइडरशिप

नेशनल एक्सप्रेसए ब्यूरो।

कानपुर मेट्रो के मोतीझील से कानपुर सेंट्रल तक सेवा विस्तार के प्रथम 100 दिनों में यात्रियों का उत्साह और विश्वास लगातार बना हुआ है। इस अवधि में मेट्रो ने 25 लाख से अधिक यात्रियों की सफलतापूर्वक सेवा की है, और प्रतिदिन औसतन लगभग 25,000 यात्री मेट्रो से सफर कर रहे हैं। यात्रा अनुभव को और समृद्ध बनाने की दिशा में उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (यूपीएमआरसी) द्वारा लगातार सांस्कृतिक और साहित्यिक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इन आयोजनों में पुस्तक मेले, संगीत संध्याएं, शैक्षिक भ्रमण, जन्मदिन समारोह और विभिन्न सामाजिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल हैं, जो न केवल यात्रियों के लिए यात्रा को आनंददायक बनाते हैं बल्कि उन्हें मेट्रो से गहरे स्तर पर जोड़ते भी हैं।



इसी क्रम में कानपुर मेट्रो के चार प्रमुख स्टेशनों; मोतीझील, बड़ा चौराहा, कानपुर सेंट्रल और विश्वविद्यालय स्टेशन पर पुस्तक मेलों का आयोजन किया गया है। मोती झील, बड़ा चौराहा और कानपुर सेंट्रल में आयोजित पुस्तक मेले की अवधि डेढ़ माह की है वहीं विश्वविद्यालय स्टेशन पर आयोजित पुस्तक मेले की अवधि एक माह की है। मेट्रो के एनसीएमसी गोस्मार्ट कार्डधारकों को इन पुस्तक मेलों में 10 प्रतिशत अतिरिक्त डिस्काउंट का लाभ भी मिल रहा है।

पुस्तक मेले में साहित्य, कला, विज्ञान, वित्तीय प्रबंधन, प्रेरणादायक साहित्य, सामान्य ज्ञान, जीवनियाँ, बच्चों की शिक्षापरक पुस्तकें, किशोरों हेतु कॉमिक्स, मंगा सीरीज़, हैरी पॉटर व सुपरहीरो आधारित पुस्तकें उपलब्ध हैं। साथ ही, मोटिवेशनल पोस्टर, लैंडस्केप आर्ट और आकर्षक स्टेशनरी भी पाठकों को लुभा रही हैं।

विश्वविद्यालय स्टेशन पर यह मेला विशेष रूप से छात्रों की पसंद और आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पहली बार आयोजित किया गया है। यह आयोजन साहित्य प्रेमियों के लिए एक अनोखा अनुभव बन रहा है, जिसमें वे देश-विदेश के प्रतिष्ठित लेखकों और विचारकों की रचनाएं एक ही स्थान पर प्राप्त कर पा रहे हैं।

**यात्रियों का भरोसा, हमारी असली पूंजीः एमडी सुशील कुमार**

यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कहा कि "मेट्रो की बेहतरीन सुरक्षा और सुविधाओं के कारण महिलाएं और छात्र बड़ी संख्या में मेट्रो को अपना रहे हैं। वर्षा के दिनों में जब सड़कों पर यातायात बाधित होता है, मेट्रो यात्रियों के लिए सबसे विश्वसनीय विकल्प बनकर उभरी है। मई-जून की गर्मी में लोगों ने वातानुकूलित कोच में आरामदायक यात्रा का लाभ उठाया और प्रदूषण व ट्रैफिक जाम से भी बचे।" उन्होंने 4 स्टेशनों पर आयोजित पुस्तक मेलों के संदर्भ में आगे कहा कि, "मेट्रो स्टेशनों पर पुस्तक मेलों के आयोजन का उद्देश्य पढ़ने-लिखने की संस्कृति को बढ़ावा देना है। ये मेले न केवल साहित्यप्रेमियों के लिए उपहार हैं, बल्कि मेट्रो यात्रा को एक समृद्ध सांस्कृतिक अनुभव में भी बदलते हैं। यात्रियों से मिल रहा समर्थन हमें आगे भी ऐसे आयोजनों के लिए प्रेरित करता है।

# केसीसी का लाभ न मिलने की शिकायत पर सभापति नाराज

## एलडीएम को लंबित प्रकरणों के निस्तारण के निर्देश

## मत्स्य विभाग के अधिकारी गांवों आयोजित कराएंगे कैंप, योजनाओं की देंगे जानकारी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



मुरादाबाद। सभापति उत्तर प्रदेश मत्स्य जीवी सहकारी संघ लिमिटेड वीरू साहनी ने विकास भवन स्थित बापू सभागार में मत्स्य विभाग के अधिकारियों तथा मत्स्य पालकों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने मत्स्य पालन को प्रोत्साहित करने तथा मत्स्य पालकों को स्वावलंबी बनाने के लिए केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की प्रगति को लेकर विस्तृत समीक्षा बैठक की।

समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने प्रत्येक योजना के अंतर्गत प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप प्रगति को लेकर अधिकारियों से जानकारी ली तथा बैठक में मौजूद मत्स्य पालकों से जमीनी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में भी बातचीत की। मत्स्य पालकों को किसान क्रेडिट कार्ड के अंतर्गत आच्छादित करने की योजना के क्रियान्वयन में बैंक स्तर से लापरवाही किए जाने के मामले पर सभापति ने नाराजगी जताई तथा बैठक में मौजूद लीड बैंक मैनेजर को निर्देश दिए कि वे बैंक स्तर पर लंबित प्रकरणों का नियम संगत तरीके से समाधान कराएं।

उन्होंने मत्स्य पालन विभाग से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण स्तर पर कैंप आयोजित करें तथा मछुआ समुदाय के लोगों को सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दें साथ ही लाभार्थियों को भी चिन्हित कर उन्हें लाभ दिलाएं। तहसील बिलारी में मत्स्य पालन के लिए तालाबों के आवंटन को लेकर दिक्कतों के बारे में मत्स्य पालकों ने सभापति के समक्ष मुद्दा उठाया।

सभापति ने उप निदेशक मत्स्य को निर्देश दिए कि वह पट्टा आवंटन को लेकर उत्पन्न हो रही दिक्कतों का प्राथमिकता से समाधान कराएं।

उन्होंने कहा कि दो हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल वाले तालाबों में मत्स्य पालकों की समिति के माध्यम से मत्स्य पालन कराए जाने का प्रावधान है इसलिए विभागीय अधिकारी समितियों के गठन को लेकर भी संवेदनशीलता दिखाएं।

उन्होंने निषाद राज बोट योजना, मछुआ दुर्घटना बीमा योजना, उत्तर प्रदेश मत्स्य पालक कल्याण कोष, प्रधानमंत्री मत्स्य किसान सह-समृद्धि योजना आदि के बारे में भी समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने मत्स्य पालकों को मछुआ दुर्घटना बीमा और एनएफडीपी के तहत पंजीकरण पत्र प्रदान किया।

# शिक्षा विदों के साथ कार्यशाला आयोजित

नेशनल एक्सप्रेस

मुरादाबाद। शासन द्वारा नामित प्रबुद्ध जनों के साथ मुरादाबाद शहर स्थित पंचायत भवन के सभागार में जनपद के इंजीनियरिंग कॉलेज, महाविद्यालय एवं अन्य विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के प्राध्यापक और शिक्षाविदों के साथ कार्यशाला आयोजित हुई। पंचायत भवन के सभागार में आयोजित कार्यशाला में शासन द्वारा नामित प्रबुद्ध जनों में सेवानिवृत आईएएस श्री दिलीप गुप्ता, सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष कृषि प्रसार कॉलेज डॉ. ओके तिवारी, सह निदेशक सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ डॉ. रविंद्र कुमार और सेवानिवृत्त प्रोफेसर आईसीएआर डॉ. रणवीर सिंह की उपस्थिति में वर्ष 2047 तक मा. प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत और मा. मुख्यमंत्री जी के विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प को साकार करने के लिए नागरिकों की सक्रिय भागीदारी और विभिन्न क्षेत्रों में सुधार को लेकर विस्तृत कार्यशाला आयोजित हुई। मंडलायुक्त आञ्जनेय कुमार सिंह, जिलाधिकारी अनुज सिंह और मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी ने भी इस कार्यशाला में सम्मिलित होकर छात्र-छात्राओं के साथ संवाद किया। सेवानिवृत आईएएस दिलीप गुप्ता ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री द्वारा देश को वर्ष 2047 तक विकसित देश बनाने का संकल्प लिया गया है।उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए कम से कम 10 लाख रुपए प्रति व्यक्ति आय होनी चाहिए, उत्तर प्रदेश के परिप्रेक्ष्य में उन्होंने कहा कि प्रति व्यक्ति आय करीब 10 गुना बढ़ानी होगी।

# तहसील सभागार में समाधान दिवस आयोजित



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

शाहबाद। शाहबाद तहसील के सभागार में सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शाहबाद नगर की तहसील मे सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता एसडीएम हिमांशु उपाध्याय ने की।

एसडीएम हिमांशु उपाध्याय ने सम्पूर्ण समाधान दिवस मे फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनके तुरंत निस्तारण के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 10 शिकायतें आई, जिनमें से एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। बाकी बची हुई शिकायतों को निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया गया। एसडीएम हिमांशु उपाध्याय ने कहा कि शिकायत से सम्बंधित अधिकारी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनका तुरंत निस्तारण करे, लोगों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं लेने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसीलदार अमित कुमार, नायब तहसीलदार हरीश जोशी, नायब तहसीलदार राजेश कुमार, एआरओ किशोर कुमार जेई विधूत नौशाद अहमद, नगर पंचायत लिपिक रिजवान खान, लिपिक वीर सिह,कृषि विभाग से वीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# मजलिस के प्रदेश अध्यक्ष ने मुरादाबाद में कार्यक्रम में हिस्सा लिया

## शौकत अली बोले हमला हुआ तो बचाव में करेंगे वार

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता




मुरादाबाद। शौकत अली ने कहा कि हम डिफेंस में अपने बचाव के लिए हमला कर सकते हैं। अगर आप मेरे ऊपर हमला करेंगे तो मैं बचाव में आपके ऊपर हमला करूंगा।पाकिस्तान ने जब हमारे ऊपर हमला किया था तो हमारी फौज ने डिफेंस में उस पर हमला किया था या नहीं किया था। आप बताइए। हमारा देश का कानून हमें इस बात की इजाजत देता है। कोई हमें नहीं छेड़े और अगर कोई हमें छेड़ेगा तो हम उसे छोड़ेंगे नहीं, संवैधानिक तरीके से हम उसका जवाब देंगे। सहारनपुर घटना पर जताया दुख, कार्रवाई की मांग

सहारनपुर की घटना पर शौकत अली ने जमकर निशाना साधा। हज कर वापस लौट रहे लोगों के साथ घटी घटना को लेकर उन्होंने कहा कि हाजियों को मंदिर में ले जाकर आरती करवाई गई है। सहारनपुर के परिवार के साथ जो घटना हुई है, उस पर मैं दुख जाहिर करता हूं। सिद्धार्थ शर्मा के खिलाफ FIR की मांग की गई है। मुझे सनातन का मतलब समझाएं? शौकत अली ने कहा कि धीरेंद्र शास्त्री मुझे सनातन का मतलब समझा दें। सनातन का मायना हिंदू होता है या हिंदू का मायना सनातन होता है। यह मुझे वे बताएं। सनातनी बोलते कैसे हैं? सनातन धर्म उसे कहते हैं जो सीधा आसमान से उतरा हुआ धर्म हो। अगर धीरेंद्र शास्त्री को चारों वेदों का ज्ञान है तो उन वेदों में अल्लाह और मुहम्मद साहब का जिक्र है या नहीं, यह वह बताएं। गुरुकुल के वेद बनाम समाज में पढ़े जाने वाले वेद गुरुकुल में जो वेद पढ़ाए जाते हैं और बाहर जो मिलते हैं। उनमें अंतर है पहले उनकी जानकारी ले लें। धीरेंद्र शास्त्री को वेदों की जानकारी नहीं है? एक बार वे वेद जरूर पढ़ लें। सरकार ने उन्हें छोड़ा है और आज वे हिंदू राष्ट्र की मांग करते हैं। मैं उनसे पूछना चाहता हूं किस तरीके से वे हिंदू राष्ट्र बनाएंगे। अगर मैं कह दूं कि मैं मुस्लिम राष्ट्र बनाऊंगा तो आप मुझ पर मुकदमा कर देंगे, पर ये लोग हिंदू राष्ट्र की बात करते हैं। अगर कोई मुस्लिम राष्ट्र कहेगा तो यह देश के अंदर लोगों की भावनाओं को भड़काने का काम होगा। ऐसे लोगों को जेल में डाल देना चाहिए।

# किसान यूनियन ने आठ सूत्रीय मांगों का ज्ञापन समाधान दिवस अधिकारी को सौंपा

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



ठाकुरद्वारा। भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने सोमवार को आठ सूत्रीय मांगों को लेकर एक ज्ञापन संपूर्ण समाधान दिवस अधिकारी को सौंप कर कहा कि डा. स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार सभी फसलों पर एमएसपी लागू की जाए ताकि किसानों का हित हो सके।प्रधानमंत्री राहत कोर से पंजाब प्रांत के बाढ़ पीड़ितों को शीघ्र आर्थिक सहायता प्रदान कराई जाए। एनपी के खाद पर की गई वृद्धि को किसान हित में तत्काल प्रभाव से वापस करवाया जाए। गन्ने का मूल्य 450 रूपए आगामी सन 2025 - 26 का अति शीघ्र घोषित करें। लालापुर पीपलसाना में रामगंगा किसानों के खेत काटकर लालापुर में घुस रही है उस पर पत्थर का पिचिंग लगवाया जाए। करनपुर चौराहे पर अतिक्रमण है उसे तुरंत हटाया जाए। सरकड़ा करीम से सुल्तानपुर तक सड़क उधारी पड़ी है उसे तुरंत ठीक कराया जाए और गंझेड़ा आलम से सरकड़ा करीम तक नहर की पटरी पर सड़क बनवा जाए। करनपुर से सूरजन नगर तक रोड टूटी है उसे बनवाया जाए। साथ ही चेतावनी दी है कि उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो भाकियू आंदोलन करने पर उतारू होगी। इस दौरान जिला अध्यक्ष घनेंद्र शर्मा, चौधरी राजेंद्र सिंह, चौधरी अय्यूब अली, हरीराज सिंह, सुमित चौहान हरकेश सिंह, मंसाराम यादव आदि मौजूद रहे।

# साइबर अपराध के विरुद्ध सशक्त कदम

## एनजीओ द्वारा साइबर सुरक्षा जागरूकता गोष्ठी

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता




मुरादाबाद। डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आओं हाथ बढ़ायें एनजीओ द्वारा एक विशेष साइबर सुरक्षा अभियान के तहत जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में एसपी सिटी श्री रणविजय सिंह अपनी साइबर सुरक्षा टीम के साथ उपस्थित रहे। साथ ही साइबर क्राइम थाना प्रभारी मनोज परमार भी विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में पुलिस की साइबर सेल टीम द्वारा समाज के विभिन्न वर्गों से आए बच्चों, अभिभावकों और समाजसेवियों को ऑनलाइन धोखाधड़ी, सोशल मीडिया सुरक्षा, डिजिटल फ्रॉड, फिशिंग, साइबर बुलिंग जैसे अहम विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि साइबर अपराध से पीड़ित होने की स्थिति में तत्काल क्या कदम उठाने चाहिए और पुलिस से किस प्रकार संपर्क किया जा सकता है।

# ताश के पत्तों से लाखों रुपए की बाजी लगा रहे 06 जुआरी गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



मूंढापांडे। थाना मूंढापांडे पुलिस ने सोमवार सुबह बड़ी कार्रवाही को अंजाम देते हुए ताश के पत्तों से जुआ खेल रहे छह जुआरियों को धर दबोचा। पुलिस ने छापेमारी कर दलपतपुर बाजार में तड़के की जहां लाखों रुपए की हार-जीत का खेल चल रहा था। पुलिस की घेराबंदी में आए आरोपियों के कब्जे से रुपए नगद ताश की गड्डियां, दो तमंचे मय कारतूस, चार चाकू और दो कारें बरामद की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक मूंढापांडे ने बताया कि पकड़े गए जुआरियों ने पूछताछ में अपने नाम भोजपुर थाना क्षेत्र के बीजना निवासी सोनू और राजू, मिलक पीपलसना निवासी राहुल, कटघर थाना क्षेत्र के भैसिया निवासी फईम, एकता विहार निवासी नवी अहमद तथा रामपुर के स्वार थाना क्षेत्र वार्ड नंबर 4 चक स्वार निवासी नबाव शामिल हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की और उसके बाद अदालत में पेश कर जेल भेज दिया।

# बाइक सवार बदमाशों ने कमल को मारी गोली, क्षेत्र में फैली सनसनी

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



मुरादाबाद। संभल रोड करूला थाना कटघर क्षेत्र में हुई हत्या की घटना,संभल रोड पर हमलावरों ने दो गोलियां मारी घटना के पीछे पुरानी रंजिश बताई जा रही है। पुलिस को दिए बयान में कहा है की हत्या सनी उर्फ सोनू दिवाकर नाम की युवक ने की है। मुरादाबाद में रविवार देर शाम कमल चौहान नाम की युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

कमल चौहान नाम के युवक को दो गोलियां मारी। घटना की जानकारी मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल मौके पर पहुंचे। घायल कमल चौहान को निजी अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पिछले दिनों मृतक अपराधी कई बार जेल जा चुका है। उसके खिलाफ अलग-अलग थानों में कई मामले दर्ज है। मिली जानकारी के अनुसार कमल चौहान थाना कटघर क्षेत्र में डबल फाटक संजय नगर का रहने वाला था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने शनि और सोनू दिवाकर को अरेस्टिंग के लिए तीन टीमों का गठन किया है। वही एसपी सिटी ने कुमार रणविजय सिंह ने घटना की हर पहलू से जांच कर रही है, आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की जायेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### बुनकरों द्वारा बनाये जा रहे उत्कृष्ट उत्पादों के चयन हेतु आवेदन 20 तक

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/मुरादाबाद। सहायक आयुक्त हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मुरादाबाद परिक्षेत्र ने बताया कि संत कबीर राज्य हथकरघा पुरस्कार योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 हेतु व्यक्तिगत बुनकर,बुनकर सहकारी समितियां मास्टर बुनकर संयुक्त रुप से डिजाइनर एवं बुनकर संयुक्त रुप से उत्पादित उत्कृष्ट श्रेणी के वस्त्रों के चयन हेतु मुरादाबाद परिक्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले जनपद मुरादाबाद, रामपुर, अमरोहा, बिजनौर एवं सम्भल के हथकरघा बुनकरों द्वारा बनाये जा रहे उत्कृष्ट उत्पादों के चयन हेतु आवेदन पत्र सैम्पुल 20 सितंबर 2025 तक कार्यालय सहायक आयुक्त हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विकास भवन में आमंत्रित किए जा रहे हैं।

### सड़क दुर्घटना में महिला की मौत, पति घायल, परिजनों में मचा कोहराम

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/ठाकुरद्वारा। कुत्ते से टकराकर बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। दुर्घटना में बाइक सवार महिला की मृत्यु हो गई। जबकि उसका पति मामूली रूप से घायल हो गया। सोमवार की दोपहर उत्तराखंड के जनपद उधम सिंह नगर के थाना जसपुर के मोहल्ला छिपियांन निवासी मनोज यादव अपनी पत्नी मंजू उम्र 40 वर्ष के साथ बाइक से डिलारी जा रहा था जैसे ही उनकी बाइक रतूपुरा से आगे निकली तभी अचानक उनकी बाइक से कुत्ता टकरा जाने पर बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई और मंजू का सिर सड़क से टकराने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस द्वारा उसे नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर आगाज खान ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन,17 फरियादियों ने पहुंचकर की शिकायतें

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/ठाकुरद्वारा। तहसील परिसर स्थित सभागार में सोमवार को उपजिलाधिकारी प्रीती सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें 17 फरियादियों ने पहुंचकर अपनी शिकायतें दर्ज कराई। मौके पर किसी भी शिकायत का निस्तार नहीं हो सका ।उपजिलाधिकारी ने सभी शिकायतों का गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है। इस दौरान संपूर्ण समाधान दिवस में तहसीलदार प्रवीन कुमार,उप निरीक्षक तेजपाल सिंह व सभी विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# नवचयनित 44 कनिष्ठ सहायकों को मिला नियुक्ति पत्र

नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी



मुरादाबाद। प्रदेश स्तर पर लोकभवन में आयोजित मुख्यमंत्री जी द्वारा कनिष्ठ सहायक और एक्सरे टेक्नीशियन को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट सभागार में महापौर नगर निगम मुरादाबाद विनोद अग्रवाल, एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त और एमएलसी गोपाल अंजान और जिलाधिकारी अनुज सिंह की उपस्थिति में सजीव प्रसारण कराया गया।इसके बाद महापौर और एमएलसी द्वारा सरकार की निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से नवयुवक और नवयुवतियों को सरकारी सेवाओं से जोड़ने की प्रतिबद्धता के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान जिले के चयनित 44 कनिष्ठ सहायकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

## ग्राम वासियों ने फुंके हुए ट्रांसफार्मर की बिजली घर पर की शिकायत

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/शाहबाद। क्षेत्र के ग्राम-महेवा के लोगो ने बिजली घर शाहबाद पहुंचकर खराब पड़े ट्रांसफार्मर की शिकायत की गांव के लोगों ने बताया हमारे गांब में एक मोहल्ले 25 ङश का ट्रांसफार्मर लगा हुआ था। जिस पर लगभग 80 कनेक्शन है। ट्रासफार्मर ओवर लोड की वजह से बार बार फुक जाता है। पिछले एक सप्ताह से ट्रासफार्मर खराब हुआ है। अभी तक ट्रांसफार्मर बदला नही गया है। कि ओवर लोड की वजह से 25120 के स्थान पर 631ङश का ट्रांसफार्मर लगाने को लेकर बिजली घर पर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर महेन्द्र, प्रमोद, हरपाल, पवन, धर्मवीर आदि लोग मौजूद रहे।



# सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों की मान्यता व प्रवेश प्रक्रिया की होगी जांच



लखनऊ, (भाषा) उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में संचालित पाठ्यक्रमों की मान्यता और प्रवेश प्रक्रिया की गहन जांच के आदेश दिए हैं।

योगी के आदेश के बाद अब प्रत्येक मंडलायुक्त अपने-अपने मंडल के तहत आने वाले सभी जनपदों में विशेष जांच टीम गठित करेंगे। इन टीमों में एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, एक पुलिस विभाग का अधिकारी और एक शिक्षा विभाग का अधिकारी अनिवार्य रूप से शामिल होगा। यह टीम जमीनी स्तर पर जांच कर संस्थानों की मान्यता और प्रवेश प्रक्रिया की वास्तविकता को सामने लाएगी।

एक बयान के मुताबिक जांच के दौरान प्रत्येक शैक्षणिक संस्था से शपथ पत्र लिया जाएगा। इसमें यह स्पष्ट करना होगा कि संस्थान केवल उन्हीं पाठ्यक्रमों का संचालन कर रहा है, जिन्हें नियामक निकाय, विश्वविद्यालय अथवा बोर्ड से मान्यता प्राप्त है।

इसके साथ ही, शैक्षणिक संस्थानों में संचालित सभी पाठ्यक्रमों की सूची और उनके मान्यता-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि किसी भी छात्र का दाखिला बिना मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रम में नहीं होना चाहिए।

अगर जांच में किसी संस्थान में अवैध प्रवेश या बिना मान्यता के पाठ्यक्रम संचालित पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इतना ही नहीं, ऐसे संस्थानों को छात्रों से लिया गया संपूर्ण शुल्क ब्याज सहित वापस करना होगा। सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि छात्रों का भविष्य किसी भी हाल में दांव पर नहीं लगाया जाएगा।

जांच प्रक्रिया तत्काल शुरू करने के आदेश दिए गए हैं। प्रत्येक जनपद स्तर पर जांच पूरी कर 15 दिनों के भीतर शासन को समेकित रिपोर्ट भेजना अनिवार्य होगा। मुख्यमंत्री ने कहा है कि यह कार्रवाई सिर्फ औपचारिकता नहीं, बल्कि छात्रों के भविष्य और शिक्षा की गुणवत्ता से जुड़ा संवेदनशील मुद्दा है। जांच की पूरी प्रक्रिया पर मंडलायुक्त प्रत्यक्ष निगरानी रखेंगे। योगी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उत्तर प्रदेश सरकार का यह कदम अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा लखनऊ में रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के एक दिन बाद आया है। इससे कुछ दिन पहले बाराबंकी के एक निजी विश्वविद्यालय में विधि पाठ्यक्रम में कथित अनियमितताओं को लेकर अभाविप के सदस्यों की राज्य पुलिस के साथ झड़प हुई थी।

बैठक के बाद, अभाविप की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि मुख्यमंत्री ने 'शैक्षणिक अराजकता से संबंधित सभी मुद्दों पर व्यापक चर्चा की और प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि उनकी मांगें पूरी की जाएंगी।

# अभाविप का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री योगी से मिला, मांगों को पूरा करने का भरोसा



लखनऊ, (भाषा) अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के एक प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर शैक्षणिक अराजकता का समाधान करते हुए शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार के विषयों पर चर्चा की।

योगी आदित्यनाथ के साथ मुलाकात के बाद अभाविप के केंद्रीय मीडिया टोली के सदस्य अभिनव मिश्र की ओर से जारी बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया कि मुख्यमंत्री ने सभी विषयों पर वार्ता करते हुए मांगों को पूर्ण करने का आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री से मिलने के दौरान संगठन के राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ल, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय संगठन मंत्री मनोज नीखरा, पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम शाही व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सृष्टि सिंह की उपस्थिति रहीं।

बयान में कहा गया कि मुख्यमंत्री ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों की बिंदुवार एवं तथ्यात्मक जांच करते हुए बड़ी एवं निर्णायक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। इस क्रम में सभी बिंदुओं पर चरणबद्ध रूप से प्रक्रिया तेज कर दी गई है।

अंकित शुक्ल के हवाले से जारी बयान में कहा गया है कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं पर बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज करने वाले कुछ पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया है और इसमें अन्य जो भी दोषी पाए जाएंगे, उन पर भी कार्रवाई की जाएगी।

बयान के अनुसार, उच्च शिक्षा परिषद द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी के अलावा श्री रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय के अन्य अभिलेखों एवं पाठ्यक्रमों की मान्यताओं की जांच कराई जा रही है। अगर उनकी भी मान्यता नहीं पाई जाती है, तो उस पर भी निर्णायक कार्रवाई की जाएगी।

बयान में कहा गया है कि श्री रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय द्वारा कब्जाई गई जमीन को कब्जामुक्त किया जाएगा, जिस पर बुलडोजर की कार्रवाई की शुरुआत हो गई है। यह बैठक बाराबंकी के श्री रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय में अभाविप सदस्यों से जुड़े हालिया विवाद के बाद हो रही है।

आरोप है कि पुलिस ने विधि पाठ्यक्रम में कथित अनियमितताओं का विरोध कर रहे अभाविप सदस्यों के साथ धक्का-मुक्की और बल प्रयोग किया था। छात्रों ने विश्वविद्यालय पर आरोप लगाया कि उसने उन्हें ऐसे कार्यक्रम में दाखिला देकर उनके भविष्य को खतरे में डाला है जिसे बार काउंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता नहीं मिली है।

इस घटना के बाद, चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया और विश्वविद्यालय के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई।

# खेती करने वाले लोग 'पीडीए' के हैं इसलिए सरकार 'डीएपी' नहीं दे रही : अखिलेश यादव



लखनऊ, (भाषा) समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर किसानों को खाद नहीं देने का आरोप लगाते हुए रविवार को कहा कि सरकार खेती को बर्बाद कर रही है।

रविवार को इटावा में पत्रकारों से बातचीत में यादव ने दावा किया कि खेती करने वाले गांव, गरीब पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के लोग हैं, इसीलिए सरकार डीएपी (डाई अमोनियम फॉस्फेट) नहीं दे रही है।

सपा मुख्यालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार उन्होंने कहा, "यूरिया नहीं हैं, कीटनाशक महंगा है, किसान खाद के लिए भटक रहा है और भाजपा सरकार में किसानों का हर स्तर पर शोषण हो रहा है। इस सरकार के रहते किसानों की आय दोगुनी नहीं होगी।"

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया कि केंद्र सरकार ने कहा था कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू होने से कारोबार आसान होगा लेकिन जीएसटी दुनिया का इकलौता ऐसा कानून है जिसमें सबसे ज्यादा संशोधन हुए हैं। जीएसटी में तमाम संशोधनों के बाद फिर बदलाव करना पड़ा।

सपा प्रमुख ने दावा किया कि जीएसटी की दरें कम होने से भी महंगाई कम नहीं होगी, क्योंकि जिनको मुनाफाखोरी की आदत पड़ गयी है वे कीमतें कम नहीं करेंगे।

यादव ने कहा कि भाजपा के नेता अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ पर नहीं बोल रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि भाजपा नेताओं के मुंह पर भी अमेरिका का टैरिफ लग गया है।

उन्होंने कहा कि अमेरिका के टैरिफ लगाने से भदोही का कालीन, मुरादाबाद का पीतल, मेरठ, सहारनपुर और अन्य जगहों से जो सामान निर्यात होता था उसका नुकसान होना शुरू हो गया है। इससे कारीगर बेरोजगार होंगे, अर्थव्यवस्था पर असर पड़ेगा।

## नोएडा में कार के डिवाइडर से टकराने के कारण चालक की मौत



नोएडा (उप्र), (भाषा) नोएडा में एक कार के डिवाइडर से टकराने के कारण उसके चालक की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना रविवार शाम सेक्टर-39 थाना क्षेत्र में गांव छलेरा के पास हुई, जब एक कार चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया और डिवाइडर से टकरा गया। थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि हादसे में गंभीर रूप से घायल चालक को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान सेक्टर-135 निवासी सत्यपाल सिंह (56) के रूप में हुई है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## बालगृह में बालिकाओं को दी गयी कानूनी/विधिक जानकारी

# पोर्टरगंज स्थित बालगृह (बालिका) संस्था में आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो




गोण्डा।महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित 10 दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत पोर्टरगंज स्थित बालगृह (बालिका) कार्यालय पर छठवें दिन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर संस्था में आवासित बालिकाओं को कानूनी सहायता एवं विधिक अधिकारों से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। बालिकाओं को टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर 1090, 181, 1098, 112, 102 व 108 की जानकारी प्रदान करते हुए इनके महत्व पर प्रकाश डाला गया। साथ ही उन्हें आत्मरक्षा व व्यक्तिगत सुरक्षा के बिंदुओं से भी अवगत कराया गया।

डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर शिवेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि महिला एवं बालिकाओं को कानूनी प्रावधानों की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है, ताकि वे विपरीत परिस्थितियों में अपने अधिकारों का प्रयोग कर सकें। उन्होंने बच्चों को गुड टच-बैड टच के बारे में भी जानकारी दी।

इसी क्रम में जेंडर स्पेशलिस्ट ज्योत्सना सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा महिला और बालिकाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ सभी तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। कार्यक्रम के दौरान सुधा तिवारी ने बालिकाओं को जागरूक करने हेतु महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं।

इस अवसर पर चीफ कोऑर्डिनेटर उपेन्द्र श्रीवास्तव, अधीक्षिकाएं अर्चना श्रीवास्तव एवं सपना श्रीवास्तव, प्रशिक्षक सुधा श्रीवास्तव, अध्यापिकाएं दामिनी जोशी व ऋचा सिंह, पराविधिक स्वयंसेवक रंजना देवी, केयरटेकर रूबी पाण्डेय व सरस्वती, बाल कल्याण अधिकारी सोहनलाल, वालंटियर मानसी श्रीवास्तव एवं तान्या श्रीवास्तव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# महिला का धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

नोएडा (उप्र), (भाषा) नोएडा में एक महिला का, प्रलोभन और धमकी देकर धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई महिला के पति शिवम शर्मा द्वारा उच्च न्यायालय में दायर एक रिट याचिका के बाद की गई जिसमें उसने अपनी गुमशुदा पत्नी की तलाश किए जाने का अनुरोध किया था। इसके बाद मामले की जांच गढ़ी चौखंडी चौकी के प्रभारी योगेंद्र सिंह द्वारा की जा रही थी। पुलिस ने बताया कि गावं गढ़ी चौखंडी निवासी शर्मा की पत्नी मई में लापता हो गई थी, जिसे बाद में पुलिस ने चेन्नई (तमिलनाडु) से बरामद कर लिया।

थाना फेज-तीन के प्रभारी निरीक्षक ध्रुव भूषण दुबे ने बताया, ''महिला ने खुलासा किया कि बहरामपुर गांव में किराए पर रहने वाला बिहार के सिवान का मूल निवासी राजा उर्फ एहसान उसे प्रेमजाल में फंसाकर भगा ले गया था। महिला ने धर्म परिवर्तन कर एक मई 2025 को राजा से निकाह कर लिया।'' उन्होंने कहा, ''राजा, उसके पिता बिस्मिल्लाह मियां, मां अनीशा बेगम और भाई इरशाद ने प्रलोभन और धमकी देकर महिला का धर्म परिवर्तन कराया और निकाह करवाया। निकाहनामा की छायाप्रति देखने पर यह पाया गया कि महिला के पिता का नाम फर्जी लिखा गया, साथ ही राजा ने अपनी मां को महिला की फूफी और अपने भाई को महिला का भाई बताया था।'' थाना प्रभारी ने बताया कि जांच अधिकारी (उप निरीक्षक) की शिकायत पर राजा, इरशाद, बिस्मिल्लाह, अनीशा बेगम तथा काजी मोहम्मद अजीमुद्दीन के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 की प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## शराब न मिलने पर होमगार्ड ने ठेके में लगाई आग, गिरफ्तार

मेरठ (उप्र), (भाषा) मेरठ जिले में शराब न मिलने पर अंग्रेजी शराब के ठेके में कथित रूप से आग लगाने को लेकर एक होमगार्ड को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार घटना शनिवार देर रात दौराला थाना क्षेत्र में हुई। आरोपी होमगार्ड की पहचान कपिल के रूप में हुई है, जो पुलिस के 'डायल-112' पर तैनात था। आरोप है कि उसने शराब उधार न मिलने पर गुस्से में ठेके में आग लगा दी।

सीसीटीवी फुटेज में आरोपी खाकी रंग की पैंट और काली बनियान पहने, सिर पर गमछा बांधे ठेके पर पहुंचता दिखाई दे रहा है। वीडियो में नजर आ रहा है कि वह बोतल से पेट्रोल निकालकर दुकान के बाहर छिड़कता है और माचिस जलाकर आग लगा देता है। इसके बाद वह अपनी मोटरसाइकिल से भाग जाता है। उसी दौरान वहां मौजूद एक साइकिल सवार भी बाद में चला गया। सूचना मिलने पर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

# पोस्टमार्टम हाउस जाने वाली सड़क का आयुक्त ने किया निरीक्षण, रोड जल्द होगी दुरुस्त



*गोण्डा। शहर के बीचों बीच स्थित पुलिस लाइन में पोस्टमार्टम हाउस की ओर जाने वाली सड़क का आयुक्त देवीपाटन शशि भूषण लाल सुशील ने औचक निरीक्षण किया। न

रीक्षण के दौरान सड़क काफी खराब मिली एवं सड़क पर पानी भरा मिला। इस सड़क से होकर आए दिन आने-जाने वाले सैकड़ों पुलिस कर्मियों और अन्य लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने पीडब्ल्यूडी विभाग को निर्देश दिए कि

- *टूटी सड़क और जलभराव देख भड़के आयुक्त, पीडब्ल्यूडी को दिए कड़े निर्देश

जल्द से जल्द इस रोड की मरम्मत कराकर रोड को सही किया जाये जिससे कि पोस्टमार्टम कराने आने वाले वाहन सुरक्षित तरीके से पोस्टमार्टम हाउस पहुंच सके। इस दौरान संयुक्त विकास आयुक्त संबंधित अधिकारी का उपस्थित रहे।

# नेपाल के आंदोलन के मद्देनजर उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में सुरक्षा और सतर्कता बढ़ी



बलरामपुर/बहराइच (उप्र), (भाषा) पड़ोसी देश नेपाल में शुरू हुए युवाओं के हिंसक प्रदर्शन को देखते हुए उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है और विशेष सतर्कता बरती जा रही है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

उत्तर प्रदेश के महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी और पीलीभीत जिलों की सीमा नेपाल सीमा लगती है, जहां सशस्त्र सीमा बल और स्थानीय पुलिस सुरक्षा निगरानी करती हैं।

बलरामपुर जिले में नेपाल में चल रहे आंदोलन को देखते हुए सीमा की सुरक्षा बढ़ा दी गई है और उधर से आने जाने वालों की कड़ी नजर रखी जा रही है। बलरामपुर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) विकास कुमार ने सोमवार को बताया कि नेपाल में चल रहे आंदोलन को देखते हुए सीमा की सुरक्षा बढ़ा दी गई है तथा खुफिया एजेंसियों को विशेष निगरानी के निर्देश दिए गए हैं एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में ड्रोन के जरिए निगरानी की जा रही है। उन्होंने बताया कि नेपाल सीमा से लगे क्षेत्रों में सभी पुलिसकर्मियों को सतर्कता बरतने के विशेष निर्देश दिए गए हैं। कुमार ने बताया कि सीमा से लगे सभी थानों पर अतिरिक्त बल तैनात कर दिया गया है।

पड़ोसी राष्ट्र नेपाल में सोशल मीडिया मंचों पर लगे प्रतिबंध के बाद फैले बवाल के चलते बहराइच में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने भारत नेपाल सीमा पर सतर्कता बढ़ा दी है। नेपाल में लगे प्रतिबंध से सीमावर्ती भारतीय क्षेत्र में रह रहे भारतीयों में भी भारी निराशा है।

नेपाल सरकार ने तीन सितंबर को फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब समेत 26 सोशल मीडिया मंचों पर प्रतिबंध लगाया था। इस प्रतिबंध के बाद 18 से 30 साल के युवाओं की अगुआई में नेपाल के विभिन्न इलाकों में प्रदर्शन शुरू हो गये, जिसने बाद में हिंसक रूख अख्तियार कर लिया।

सशस्त्र सीमा बल 42 वीं वाहिनी के सेनानायक गंगा सिंह उदावत ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''बहराइच जनपद से सटे नेपाली इलाकों में विशेष अशांति की खबर नहीं थी। रूपईडीहा बार्डर से सटे नेपाल राष्ट्र के नेपालगंज कस्बे में हल्के-फुल्के विरोध प्रदर्शन की जानकारी मिली थी। यहां से काफी दूर स्थित नेपाली क्षेत्रों में बड़ी अशांति की खबरें मिली हैं। इसके मद्देनजर हमने अपने इलाके में एहतियातन सीमा पर गश्ती बढ़ा दी है।'' उन्होंने बताया, "नेपाल से आने जाने वाले मुख्य मार्गों के अतिरिक्त गांवों एवं जंगल से नेपाल को जोड़ने वाली पगडंडियों पर नाकों की संख्या बढ़ाई गयी है। एसएसबी के जवानों को सीमा पर 24 घंटे गश्ती के निर्देश दिए गये हैं। सीमा पर तैनात श्वान दस्ते, 'फेस रिकाग्निशन डिवाइस' तथा 'आटोमेटिक नंबर प्लेट रीडर डिवाइस' पर तैनात तकनीकी विशेषज्ञ जवानों को खास सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।''

# आमजन से व्यवहार ठीक रखें जनसेवक दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं : आदित्यनाथ



**लखनऊ**, (भाषा) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' के दौरान राज्य भर से आये लोगों की शिकायतें सुनीं और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। यह जानकारी उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से जारी एक बयान से मिली।

बयान के अनुसार 'जनता दर्शन' में 50 से अधिक व्यक्ति पहुंचे थे। सहारनपुर से आई महिला ने बताया कि उनके पास राशन कार्ड नहीं है और जब वह राशन लेने जाती हैं तो राशन डीलर अभद्रता करता है। इस पर मुख्यमंत्री ने कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके अनुसार मुख्यमंत्री ने कहा कि हर जनसेवक आमजन से व्यवहार ठीक रखें, किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं होगा।

बयान के अनुसार सोमवार को 'जनता दर्शन' में सर्वाधिक मामले जमीनी विवाद से जुड़े आए। प्रयागराज से आए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान ने भी जमीन से जुड़े मामले को लेकर मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी बात रखी। इस पर मुख्यमंत्री ने स्थानीय प्रशासन को इस प्रकरण के शीघ्र निस्तारण का निर्देश दिया। शामली से भी एक महिला अपनी शिकायत लेकर आयी थी। महिला ने बताया कि उनके पति असम में तैनात हैं। उन्होंने भी बताया कि प्रयागराज में जमीन ली है, लेकिन कब्जा लेने में परेशानी आ रही है।ॉ

मुख्यमंत्री ने पत्र लेकर कार्रवाई का निर्देश दिया। बयान के अनुसार 'जनता दर्शन' में दिव्यांग भी पहुंचे थे। गाजीपुर से आये दिव्यांग उधम यादव ने पेंशन बढ़ाने, आयुष्मान कार्ड, हैंडपंप व आवास दिलाने को लेकर मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र दिया। मुख्यमंत्री ने उनकी समस्या के समाधान और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने उधम यादव को इलेक्ट्रॉनिक वॉकिंग स्टिक भी प्रदान की।

## कुंठित कांग्रेसियों के अनर्गल प्रलापों से परेशान है पूरा देश : केशव प्रसाद मौर्य



लखनऊ, (भाषा) उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि कुंठित कांग्रेसियों के अनर्गल प्रलापों से पूरा देश परेशान है।

मौर्य ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से राहुल गांधी ख़ासे परेशान हैं।"

उन्होंने लिखा, "और इन गांधी की हरकतों से अंदर से कांग्रेसी परेशान हैं । लंबे समय से सत्ता से बेदखल होने के कारण इन कुंठित कांग्रेसियों के अनर्गल प्रलापों से पूरा देश परेशान है।"

# उत्तर प्रदेश में बाढ़ से आम जनजीवन संकट में है, इस संकट में सरकार कहीं दिखाई नहीं दे रही है: अखिलेश



लखनऊ, (भाषा) समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव ने सोमवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में दर्जनों जिलों के सैकड़ों गांव और कई नगरीय क्षेत्र बाढ़ की चपेट में हैं तथा लाखों की आबादी और एवं संकट में हैं।

उन्होंने कहा कि मथुरा, आगरा, अलीगढ़, शाहजहांपुर, पीलीभीत, कानपुर देहात, औरैया, इटावा, कन्नौज, फर्रूखाबाद, सीतापुर, हरदोई, वाराणसी समेत कई जिलों में बाढ़ से स्थिति खराब है।

पार्टी द्वारा जारी एक बयान में उन्होंने आरोप लगाया, ''बाढ़ से आम जनजीवन संकट में है। लोगों को खाना-पानी, दवा-इलाज नहीं मिल रहा है। संकट की इस घड़ी में सरकार कहीं दिखाई नहीं दे रही है। लोगों के घर-खेतीबाड़ी सब बर्बाद हो गये हैं।''

उन्होंने कहा,'' बाढ़ राहत के लिए बनी मुख्यमंत्री की 'टीम इलेवन' का कुछ पता नहीं है। जनता को सरकार की थोथी घोषणाओं से कोई राहत नहीं मिल रही है। सरकार संकट में फंसी जनता को बचाने के बजाय लफ्फाजी करने को ही अपनी उपलब्धि मान रही है।''

यादव ने मुख्यमंत्री के हवाई सर्वेक्षण को सिर्फ बाढ़ पर्यटन बन जाने का दावा करते हुए कहा कि दर्जनों जिलों के सैकड़ों गांव टापू बन गये हैं, लोग अपना घर छोडकर इधर-उधर शरण लेने पर मजबूर हैं।

उन्होंने कहा कि आगरा की दर्जनों कालोनियों में पानी भर गया है तथा मथुरा में यमुना किनारे बाजारों की दुकानें डूब गयी हैं, ऐसे में लोग छतों पर शरण लेने और रहने को मजबूर है।

उन्होंने कहा, ''फिरोजाबाद में दर्जनों गांवों में पानी भर गया है। फसलें डूब गयी हैं। हरदोई में बाढ़ से करीब सौ गांव प्रभावित हैं। कानपुर देहात, फतेहपुर, गाजीपुर, बलिया में बड़ी संख्या में लोग प्रभावित हैं। इन जिलों के कई गांव बाढ़ में डूबे हुए हैं।''

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने इस मुसीबत के समय में जनता को भगवान भरोसे छोड़ दिया है तथा बाढ़ राहत के नाम पर कागजों में खानापूर्ति हो रही है, ऐसे में आमजन अभाव और भय में जीवन जीने को मजबूत है।

# समस्याओं को लेकर जनसत्ता दल लोकतांत्रिक ने सौंपा ज्ञापन

## उर्वरक की कमी, सिंचाई के लिए बिजली, बाढ़ मुआवजा, आवारा पशुओं से फसल बचाव और भ्रष्टाचार पर कड़ी कार्रवाई की मांग

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**

फिरोजाबाद/टूंडला। किसानों की समस्याओं को लेकर जनसत्ता दल लोकतांत्रिक ने सोमवार को टूंडला तहसील में जोरदार पहल करते हुए उपजिलाधिकारी अंकित वर्मा को एक ज्ञापन सौंपा। पार्टी के जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह जादौन के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में खाद की कमी, सिंचाई के लिए बिजली आपूर्ति, फसल सुरक्षा, बाढ़ से हुए नुकसान का मुआवजा और प्रशासनिक भ्रष्टाचार जैसे अहम मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई की मांग की गई।

ज्ञापन में सबसे बड़ा मुद्दा उर्वरक (खाद) की कमी का रहा। पार्टी ने कहा


एडीएम टूंडला को ज्ञापन देते जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के पदाधिकारी ।

कि पर्याप्त खाद न मिलने से किसानों की फसल उत्पादन पर सीधा असर पड़ रहा है। इसके साथ ही किसानों को सिंचाई के लिए बिजली आपूर्ति 8 घंटे से बढ़ाकर 16 घंटे करने की मांग की गई।इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह, युवा जिलाध्यक्ष वरुण प्रताप सिंह, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सरिता जादौन, अभिषेक चौहान, योगेंद्र सिंह, रमेश सिंह, गौरव सिंह, गोपाल ठाकरे समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे। पार्टी ने प्रशासन से सभी मुद्दों पर गंभीरता से विचार कर किसानों के हित में ठोस कदम उठाने की उम्मीद जताई।

**भ्रष्टाचार पर लगाम की मांग:** ज्ञापन में तहसील और बैंकों में किसानों से हो रही अवैध वसूली और किसान क्रेडिट कार्ड (ङउउ) बनवाने में हो रहे भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की बात कही गई। साथ ही सरकारी चकरोडों पर हुए अतिक्रमण को हटाने और किसानों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने की भी मांग उठाई गई।

### फसल सुरक्षा और बाढ़ मुआवजा

पार्टी ने बताया कि यमुना नहर का जलस्तर बढ़ने से तहसील टूंडला के कई गांवों–बजैरा, नगला काले, कुतुबपुर साहब, पिपरिया, गुवारी, नगला राजपथ, भीखनपुर, सब की घड़ी, रामगढ़ और नगला गार्डन–में सैकड़ों बीघा बाजरे की फसल बर्बाद हो गई। प्रभावित किसानों को जल्द से जल्द उचित मुआवजा देने और आवारा पशुओं से फसलों की सुरक्षा के लिए ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध कराने की भी मांग की गई।

# 11 सितंबर को होगा व्यापारी सम्मेलन व शपथ ग्रहण समारोह



**नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।**

फिरोजाबाद। जनपद में व्यापार मंडल की ओर से 11 सितंबर को भव्य व्यापारी सम्मेलन एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में क्षीर रेस्टोरेंट पर हुई प्रेस वार्ता में महानगर अध्यक्ष रविंद्र लाल तिवारी और सुनील अग्रवाल ने जानकारी दी कि कार्यक्रम सुबह 11 बजे फिरोजाबाद क्लब, जलेसर रोड पर होगा।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सुनील कुमार सिंधी (अध्यक्ष, व्यापारी कल्याण बोर्ड, भारत सरकार) मौजूद रहेंगे । व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने बताया कि इस सम्मेलन का उद्देश्य व्यापारी वर्ग को संगठित करना और उनके हितों के लिए सशक्त मंच तैयार करना है।

# मुठभेड़ में 15 हजार का इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार, गोली लगने से हुआ घायल

### सिरसागंज पुलिस ने एनकाउंटर के बाद दबोचा 20 मुकदमों में वांछित शातिर अपराधी

### कब्जे से तमंचा, कारतूस, लूटी हुई बाइक, नकदी और चोरी के मोबाइल बरामद

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**

फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण में थाना सिरसागंज पुलिस ने राधे मोड़ धरमई तिराहे पर चेकिंग के दौरान बड़ी सफलता हासिल की। बीती रात्रि संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने एक काले


घायल आरोपी को ले जाते पुलिसकर्मी ।

रंग की बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर सवार युवक को रोकने का प्रयास किया। युवक ने पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की और हड़बड़ाहट में गिर पड़ा।

उक्त व्यक्ति ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी, जिस पर पुलिस ने आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई की। मुठभेड़ में गोली लगने से आरोपी के पैर में चोट लगी। घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।

पकड़ा गया आरोपी लखन पुत्र महेंद्र गिहार, निवासी गिहार कॉलोनी थाना सिरसागंज, 15 हजार रुपये का इनामी बदमाश है। आरोपी पर करीब 20 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें हत्या, लूट और चोरी जैसे गंभीर अपराध शामिल हैं।

इसके खिलाफ न्यायालय ने एनबीडब्ल्यू वारंट भी जारी किया था।लखन थाना सिरसागंज के दो मामलों में वांछित था।

घटनास्थल से पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस, लूटी हुई मोटरसाइकिल, 5200 रुपये नकद और तीन चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

# पुलिस ने जुआ खेलते तीन अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**

फिरोजाबाद। अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना लाइनपार पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए तीन अभियुक्तों को जुआ खेलते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान रविन्द्र पुत्र रामनरेश निवासी दतौजी खुर्द नई आबादी थाना लाइनपार फिरोजाबाद, सत्यप्रकाश पुत्र अमृतलाल निवासी नगला देवहंस थाना डोकी जनपद आगरा तथा विनय पुत्र शिवशंकर निवासी ग्राम ढोलपुरा थाना लाइनपार जनपद फिरोजाबाद के रूप में की है।

पुलिस टीम ने इनके कब्जे से कुल



?1,87,220 की नगदी बरामद की, जिसमें ?62,220 जामातलाशी से तथा ?1,25,000 मालफड़ से प्राप्त हुए। आरोपियों को 07 सितंबर 2025 को थाना क्षेत्र लाइनपार के नया बांस बीहड़ पगडंडी से पकड़ा गया।

गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध मु.अ.सं. 229/25 धारा 13 जी एक्ट (जुआ अधिनियम) व 112 बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### पुराने विवाद को लेकर युवक को लहूलुहान किया

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद। थाना नारखी क्षेत्र के गांव गांगिनी में सोमवार शाम पुरानी रंजिश को लेकर हुए विवाद में एक युवक को लहूलुहान कर दिया गया। पीड़ित रानू पुत्र स्व. रामगोपाल ने बताया कि वह शाम करीब 5 बजे भैंसें चराने खेतों की ओर गया था। इसी दौरान गांव के ही विवेक पुत्र धर्मेंद्र सिंह, विकास पुत्र धर्मेंद्र सिंह, अरुण पुत्र शैलेंद्र सिंह सहित अन्य लोग पहले से मौजूद थे। आरोप है कि आरोपियों ने पुराने विवाद को लेकर रानू से कहा कि वह उनके खेत में भैंस क्यों चराता है। जब रानू ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने दरांती, डंडों, सरिया और लात-घूंसों से उसके सिर और छाती पर हमला कर दिया। जान बचाने आए धर्मवीर को भी आरोपियों ने गंभीर रूप से घायल कर दिया। जाते-जाते उन्होंने धमकी दी कि घटना की जानकारी पुलिस को दी तो जान से मार देंगे। पीड़ित ने थाना नारखी में तहरीर देकर आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी नारखी राकेश गिरी ने बताया कि तहरीर के आधार पर विधिवत कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस ने 16 जुआ-सट्टा मामलों की जब्त धनराशि का किया निस्तारण

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद। जनपद में चलाए जा रहे माल निस्तारण अभियान के तहत थाना नगला सिंघी पुलिस ने जुआ एवं सट्टेबाजी से संबंधित कुल 16 अभियोगों में जब्त धनराशि ?55,210 का नियमानुसार निस्तारण कराया। यह कार्रवाई क्षेत्राधिकारी टूंडला के नेतृत्व में की गई। अदालत से आदेश प्राप्त होने के बाद पुलिस टीम ने फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी के साथ पूरी प्रक्रिया का पालन किया।

### कोर्ट के आदेश पर रानी वाला मार्केट की शिवहरे एंड संस दुकान खाली

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर। फिरोजाबाद। थाना उत्तर क्षेत्र के रानी वाला मार्केट में रविवार को प्रशासन और पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर बड़ी कार्रवाई की। विवादित शिवहरे एंड संस की दुकान को खाली कराया गया। कार्रवाई के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए भारी पुलिस बल



मौजूद रहा। कार्रवाई का नेतृत्व तहसील सदर फिरोजाबाद के अमीन दीपक कुलश्रेष्ठ ने किया। थाना उत्तर पुलिस फोर्स भी पूरी सतर्कता के साथ मौके पर रही।बताया गया कि दुकान को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था, जो कोर्ट में विचाराधीन था। कोर्ट के आदेश के बाद प्रशासन और पुलिस ने दुकान को कब्जा मुक्त कराया। अचानक हुई कार्रवाई से मार्केट में अफरा-तफरी का माहौल बन गया, हालांकि पुलिस ने पूरी स्थिति पर नियंत्रण बनाए रखा। प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि कोर्ट के आदेश का पालन करना जरूरी है और आगे भी ऐसे मामलों में सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### शिक्षा के महत्व से छात्र एवं छात्राओं को कराया गया अवगत



नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर। जसराना। अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के मौके पर प्राथमिक विद्यालय जसराना द्वितीय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों एवं छात्र-छात्राओं को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाध्यापक प्रेमपाल सिंह ने मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं ने गीत, कहानी, चुटकले एवं नाटक के माध्यम से शिक्ष के प्रति जागरुक करते हुए सभी से पढ़ने का आहवान किया। प्रधानाध्यापक प्रेम पाल सिंह ने उपस्थित सभी बालक, बालिकाओं और गणमान्यों को शिक्षा का महत्व और उपयोगिता के बारे में अवगत कराते हुए समाज को जागरूक किया। उपस्थित सभी लोगों ने समाज में शिक्षा की अलख जगाने का संकल्प लिया। प्रधानाध्यापक प्रेम पाल सिंह ने शिक्षिका रिचा, संध्या, मीना शर्मा, सुमन कुमारी, शिवांगी, रीना का सहयोग के लिए धन्यवाद और उपस्थित गणमान्यों का आभार व्यक्त किया।

### 19 सितंबर को निर्वाचक अधिकारियों की बैठक

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो । फिरोजाबाद। आगामी विधानसभा निर्वाचन एवं मतदाता सूची पुनरीक्षण की तैयारियों को लेकर 19 सितंबर 2025 को अपराह्न 3 बजे कलक्ट्रेट सभागार, सिविल लाइन में बैठक होगी। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक अधिकारी भाग लेंगे। बैठक में तैयारियों की समीक्षा व दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।

# सपा के पूर्व विधायक के घर देर रात पहुंची पुलिस, सुबह थाने में भी की गई पूछताछ



- पुलिस ने रात 10 बजे की थी कार्रवाई, सुबह पूर्व विधायक को थाने बुलाया, सपा कार्यकर्ताओं ने जताया विरोध

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**

फिरोजाबाद। रविवार देर रात को दो थानों की पुलिस टीम सपा के पूर्व विधायक अजीम भाई के आवास पर पहुंची। यह कार्रवाई रात करीब 10 बजे की गई। उस समय अजीम भाई घर पर मौजूद नहीं थे। पुलिस ने उनकी पत्नी से कहा कि वे सुबह थाने आएं। इस बीच, पूर्व विधायक ने थाना प्रभारी उत्तर से फोन पर बात की। प्रभारी ने उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया। सोमवार सुबह अजीम भाई थाने पहुंचे, जहां पुलिस और खुफिया विभाग के अधिकारियों ने उनसे पूछताछ की। पूछताछ के दौरान पुलिस ने उन्हें एक नोटिस दिया, लेकिन अजीम भाई ने नोटिस लेने से इनकार कर दिया।

अजीम भाई का कहना है कि फिरोजाबाद पुलिस उनकी छवि धूमिल करना चाहती है। उन्होंने कहा कि अगर पुलिस के पास कोई सबूत है कि उन्होंने कानून-व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास किया है, तो वे हर कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार हैं। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद थाने के बाहर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता जमा हो गए। उन्होंने पुलिस प्रशासन के रवैये का विरोध किया। कार्यकताओं का कहना है कि यह कार्रवाई राजनीतिक दबाव में की गई है। वहीं, अजीम भाई ने कहा कि रात के समय उनके घर पर पुलिस पहुंचने से मोहल्ले में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं।

# भाकियू औनू ने अलावलपुर मार्ग जर्जर होने पर दिया ज्ञापन



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

टूंडला। भारतीय किसान यूनियन औनू ने एटारोड से सटे गांव में विभिन्न समस्याओं को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। साथ ही समस्याओं का समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

यूनियन के युवा जिलाध्यक्ष शुभम पोनियां ने एटारोड स्थित गांव अलावलपुर की समस्याओं को लेकर एसडीएम अंकित वर्मा को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उन्होंने बताया कि एटारोड से गांव अलावलपुर तक पांच सौ मीटर व यूनियन बैंक से अलावलपुर तक सात सौ मीटर मार्ग जर्जर पड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि मार्ग जर्जर होने की जानकारी कई बार खंड विकास अधिकारी को अवगत करा दी है।

बावजूद इसके जर्जर मार्ग को सही नहीं कराया गया है। यूनियन के पदाधिकारियों ने एक महीने में मार्ग को सही कराए जाने की चेतावनी दी है। चेतावनी देने वालों में वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनय चौधरी, जिलामहामंत्री ऋतिक उपाध्याय, जिला उपाध्यक्ष हिमांशु पाराशर, जिला सचिव भोला पोनियां, यश, अभय पोनियां, कृष्णकांत बघेल आदि हैं।

# गाजेबाजे के साथ निकाली गई श्रीरामकथा की कलश यात्रा



**नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।**

शिकोहाबाद । नगर में मंगलवार 9 सितंबर से शुरू हो रही श्री रामकथा के लिए सोमवार को गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा बड़ा बाजार से शुरू होकर मेला बाग स्थित श्री मानस सेवा भवन पर जाकर सम्पन्न हुई । मंगलवार से श्री मानस सेवा समिति के तत्वावधान में श्री रामकथा का आयोजन मंगलवार से शुरू किया जा रहा है। जिसमें कथा व्यास जनप्रिया दीदी बरसाना रामकथा सुनाएगी। इस अवसर पर सोमवार को गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा बड़ा बाजार तिदरी से शुरू होकर स्टेट बैंक तिराहा, नारायण होटल, पालीवाल चौराहा होते हुए मेला बाग कथा स्थल पहुंची। जहां कथा स्थल पर वैदिक मंत्रों के साथ कलश की स्थापना की। महिलाएं पीतवस्त्र धारण कर सिर पर कलश लेकर चल रही थी । कलश यात्रा के पीछे श्रीराम भगवान का डोला चल रहा था। वही कलश यात्रा के आगे आगे बैंड बाजे भजन गाते हुए चल रहे थे। व्यापारी वर्ग के लोगों ने कलश यात्रा में शामिल लोगों पर पुष्प वर्षा कर जगह जगह स्वागत किया। इस दौरान रमेश बंसल, किशनबाबू अग्रवाल, डॉ राज पचौरी ( ब्लूमिंग स्कूल ), ठाकुर अश्वनी सिंह कुमार डेयरी, केशवदेव शर्मा, अतुल गुप्ता, सतेंद्र चौहान, डॉ संजीव माथुर, राजवीर सिंह, सुखवीर सिंह सिसौदिया आदि थे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने दिए त्वरित निस्तारण के आदेश, लापरवाह राजस्व निरीक्षक पर गाज

- कुल 48 शिकायतें दर्ज, 5 का तत्काल निस्तारण, जमीन कब्जे से लेकर आवास और अस्पताल में अनियमितताओं तक मामलों की सुनवाई

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**

फिरोजाबाद। तहसील सिरसागंज में सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित की उपस्थिति में किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जन समस्याओं के निस्तारण में तत्परता और गंभीरता दिखाएं ताकि शिकायतों का समाधान प्रारंभिक स्तर पर ही किया जा सके। इस दौरान कानून-व्यवस्था, राजस्व, पंचायती राज, नगर पंचायत से जुड़े सर्वाधिक मामले सामने आए।

**जमीन कब्जे का मामला:** ग्राम निवासी प्रेमचंद ने शिकायत की कि उसकी पुश्तैनी जमीन पर दबंगों ने कब्जा कर


तहसील में फरियादियों की समस्या सुनते अधिकारी

लिया है। इस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार और थाना प्रभारी की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर तत्काल निस्तारण के आदेश दिए।

**आवास की मांग:** ग्राम वीरई जहानाबाद के सुनील कुमार ने बताया कि उसका कच्चा मकान बारिश में ढह गया है, इसलिए उसे आवास उपलब्ध कराया जाए। इस पर जिलाधिकारी ने एसडीएम और बीडीओ की टीम गठित कर जांच कर संपूर्ण मदद दिलाने के निर्देश दिए।

**अस्पताल में लापरवाही:** महिला उषा देवी ने शिकायत की कि मां वैष्णो देवी हॉस्पिटल में इलाज के नाम पर अधिक पैसे वसूले गए और बार-बार कहने के बावजूद इलाज की फाइल नहीं दी जा रही। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को तत्काल जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए ताकि फरियादी को न्याय मिल सके।

कार्यक्रम में कुल 48 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 5 मामलों का तत्काल निस्तारण किया गया, जबकि शेष शिकायतों को समयबद्ध तरीके से निपटाने के निर्देश दिए गए। इसी दौरान जिलाधिकारी ने राजस्व निरीक्षक मुकेश कुमार को अपने कार्यों में लापरवाही और शिथिलता बरतने पर चार्जशीट जारी करने के आदेश दिए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक संगीता गौतम सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# विकसित भारत 2047 की अवधारणा को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का हुआ आयोजन

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

फिरोजाबाद । विकसित भारत 2047 की अवधारणा को साकार करने हेतु सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, जिला स्तरीय अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में जिला हेतु नामित प्रबुद्धजनों एवं सेवा निवृत अधिकारियों के साथ एक कार्यशाला का आयोजन किया गया । इन प्रबुद्धजनों एवं सेवानिवृत अधिकारियों में सेवानिवृत्ति आईपीएस सतीश कुमार माथुर, सेवानिवृत्ति आई एफ एस डॉ राजीव मिश्रा, सेवानिवृत्ति पूर्व विभाग अध्यक्ष रसायन विभाग आगरा डॉ एस सी अग्रवाल, सेवानिवृत प्रोफेसर कृषि वैज्ञानिक डॉ आशा यादव, सेवानिवृत्ति



मुख्य अभियंता यूपीपीसीएलए रवि प्रकाश दुबे उपस्थित रहे, इस कार्यशाला में उपस्थित महिलाओं, स्कूली बच्चों एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किये, साथ ही साथ इन प्रबुद्ध जनों ने भी अपने महत्वपूर्ण सुझावों एवं सलाहों से विकसित भारत के संकल्प को मूर्ति रूप देने की ठोस नीव तैयार की। इस अवसर पर पुलिस विभाग, नगर निगम एनआरएलएम, पंचायती राज ने इन प्रबुद्ध जनों के समक्ष अपने भविष्य की योजनाएं प्रस्तुत की, जिसमें उन्होंने आने वाले समय में विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में मददगार अपनी योजनाएं विस्तार से बताइ । कार्यशाला में उपस्थित नागरिकों ने भी साइबर सुरक्षा के प्रति अपने अनुभव साझा किया तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने शासन द्वारा स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं के जीवन में आ रहे परिवर्तन को विस्तार पूर्वक बताया । उपस्थित प्रबुद्ध जनों ने उपायुक्त उद्योग से कहा कि ऐसी महिलाओं की आप हर स्तर पर मदद करें । स्वय सहायता समूह महिलाओं की समस्याओं को स्वयं जानने का प्रयास करें, क्योंकि सशक्तिकरण और विकास का रास्ता महिलाओं के सशक्त होने में निहित है । साथ ही उपस्थित प्रबुद्धजनों ने कहा कि जब आम आदमी विकसित होगा तभी भारत 2047 में विकसित बन पाएगा। हम सबको इसके लिए अभी से प्रयासरत रहना होगा सबसे बड़ी बात है यह प्रयास एकल ना हो सामूहिक हो तभी प्रयास सार्थकता की तरफ प्रयास अग्रसर होगा, उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी तथा आ ये अधिकारियों को भी निर्देशित किया । इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, नगर आयुक्त, सिटी मजिस्ट्रेट,परियोजना निदेशक, एएलसी आदि समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**वैधानिक सूचना**

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि मेरी हाई स्कूल यूपी बोर्ड वर्ष 2023 अनुक्रमांक 1230078225 की अंक तालिका व सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गई है । विक्रांत पुत्र अजय पाल सिंह निवासी ग्राम कलंदरपुर थाना बरनाहल जिला मैनपुरी ।

# नेपाल सोशल मीडिया प्रतिबंध : युवा प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प में 14 लोगों की मौत

**काठमांडू, (भाषा)** नेपाल में सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाए जाने के विरोध में राजधानी काठमांडू और कुछ अन्य इलाकों में सोमवार को युवाओं ने हिंसक प्रदर्शन किया, जिसके दौरान कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।




काठमांडू में हालात को नियंत्रित करने के लिए अधिकारियों को सेना को तैनात करना पड़ा। काठमांडू में 'जेन ज़ी' के बैनर तले स्कूली छात्रों समेत हजारों युवा संसद भवन के सामने इकट्ठा हुए और प्रतिबंध को तुरंत हटाने की मांग करते हुए सरकार विरोधी नारे लगाए। नेपाली मीडिया के अनुसार इस हिंसक प्रदर्शन में 14 लोगों की मौत हुई है। हालांकि, मौतों की आधिकारिक संख्या के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवाओं का प्रदर्शन उस समय हिंसक हो गया जब कुछ प्रदर्शनकारी संसद परिसर में घुस गए, जिसके बाद पुलिस को भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज, आंसू गैस के गोले और रबर की गोलियों का इस्तेमाल करना पड़ा। अस्पताल की रिपोर्ट का हवाला देते हुए 'हिमालयन टाइम्स' अखबार ने बताया कि काठमांडू में हुए प्रदर्शन में 14 लोगों की मौत हो गई।

'हिमालयन टाइम्स' की रिपोर्ट के मुताबिक मृतकों में छह लोग ट्रॉमा सेंटर, तीन सिविल अस्पताल, तीन एवरेस्ट अस्पताल, एक काठमांडू मेडिकल कॉलेज (केएमसी) और एक त्रिभुवन यूनिवर्सिटी टीचिंग अस्पताल में है। न्यूज पोर्टल खबरहब ने स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों के हवाले से बताया कि 'जेन ज़ी' आंदोलन में अब तक 14 लोगों की मौत हो चुकी है। नेपाल पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा कि दो सुरक्षाकर्मियों समेत 42 लोग घायल हुए हैं और उनका इलाज वर्तमान में काठमांडू के सिविल अस्पताल में चल रहा है।

सैन्य अधिकारियों ने कहा कि स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सेना को तैनात किया गया है। हिंसा के बाद स्थानीय प्रशासन ने राजधानी के कई हिस्सों में कर्फ्यू लगा दिया। यह विरोध प्रदर्शन दूसरे शहरों में भी फैल गया है। काठमांडू जिला प्रशासन ने संसद भवन के आसपास के क्षेत्रों में अशांति को रोकने के लिए अपराह्न 12:30 बजे से रात 10:00 बजे तक निषेधाज्ञा लागू की।



## रूस के साथ सौदा करने वाले देशों पर टैरिफ लगाना 'सही विचार' : जेलेंस्की

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, (भाषा)** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने भारत का नाम लिए बिना कहा है कि रूस के साथ सौदा करने वाले देशों पर टैरिफ (शुल्क) लगाना ''सही विचार'' है। जेलेंस्की ने रविवार को एबीसी न्यूज के ''दिस वीक'' कार्यक्रम में प्रसारित एक साक्षात्कार में कहा, ''मुझे लगता है कि उन देशों पर टैरिफ लगाने का विचार सही है जो रूस के साथ सौदे करना जारी रखे हुए हैं...मुझे लगता है कि यह सही विचार है।''

# यरुशलम में गोलीबारी में पांच लोगों की मौत

### हमलावर एक भीड़ भरी बस में चढ़ गए और अंदर गोलीबारी शुरू कर दी।

**यरुशलम, (एपी)** उत्तरी यरुशलम में भीड़भाड़ वाले एक चौराहे पर एक बस स्टॉप पर हमलावरों द्वारा की गयी गोलीबारी में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गयी और 12 अन्य घायल हो गये। इजराइली पुलिस और आपातकालीन बचाव सेवा की तरफ से यह जानकारी दी गयी।



पुलिस ने बताया कि हमलावरों ने बस स्टॉप पर इंतजार कर रहे लोगों पर गोलियां चलाईं, जबकि इजराइली मीडिया के अनुसार हमलावर एक भीड़ भरी बस में चढ़ गए और अंदर गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल पर मौजूद एक सुरक्षा अधिकारी और एक आम नागरिक ने हमलावरों को मार गिराया। गोलीबारी यरूशलम के उत्तरी प्रवेश बिंदु के निकट एक प्रमुख चौराहे पर हुई, जो पूर्वी यरूशलम में स्थित यहूदी बस्तियों की ओर जाने वाली सड़क पर स्थित है।

हमले के फुटेज में सुबह के व्यस्त समय में भीड़भाड़ वाले चौराहे पर स्थित एक बस स्टॉप से कई लोग भागते हुए दिखाई दे रहे हैं। घटनास्थल पर पहुंचे पैरा चिकित्सकों ने बताया कि इलाके में अफरा-तफरी मची हुई थी और टूटे हुए शीशे बिखरे पड़े थे, सड़क पर और बस स्टॉप के पास फुटपाथ पर लोग घायल और बेहोश पड़े थे। सैकड़ों सुरक्षा बल अतिरिक्त हमलावरों या क्षेत्र के आसपास लगाए गए विस्फोटकों की तलाश के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। इजराइली सेना ने कहा कि वह हमले के जवाब में सुरक्षा बढ़ाते हुए पश्चिमी तट के निकटवर्ती शहर रामल्ला के बाहरी इलाके में फलस्तीनी गांवों की घेराबंदी कर रही है। हमास ने जिम्मेदारी लिए बिना हमले की सराहना की और इसे "हमारे लोगों के खिलाफ कब्जे वाले अपराधों के प्रति स्वाभाविक प्रतिक्रिया" बताया।

## ह्यूस्टन में जेएलएफ का भव्य आयोजन; सांस्कृतिक संवाद और साहित्यिक विविधता का उत्सव




**ह्यूस्टन, (भाषा)** जयपुर साहित्य महोत्सव (जेएलएफ) ने इस सप्ताह अमेरिका में अपने जोशीले अंदाज में वापसी की और इसकी शुरुआत ह्यूस्टन से हुई। यहां तीन दिवसीय आयोजन के साथ जेएलएफ 2025 का 8वां संस्करण रविवार को संपन्न हुआ, जिसमें साहित्यिक चर्चाओं, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और संवाद की बहुरंगी झलक देखने को मिली।

पांच से सात सितंबर तक हुए इस कार्यक्रम का आयोजन एशिया सोसायटी टेक्सास, रोथको चैपल, इटरनल गांधी म्यूज़ियम ह्यूस्टन और म्यूज़ियम ऑफ फाइन आर्ट्स के सहयोग से किया गया। इस वर्ष का उत्सव ह्यूस्टन की सांस्कृतिक विविधता और गौरवशाली विरासत को समर्पित था।

ह्यूस्टन में भारत के महावाणिज्यदूत डी सी मंजूनाथ ने शुक्रवार को म्यूज़ियम ऑफ फाइन आर्ट्स में कार्यक्रम का उद्घाटन किया और भारत-अमेरिका के बीच सांस्कृतिक संबंधों को साहित्य के माध्यम से प्रगाढ़ बनाने की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने शनिवार को उत्सव के आठवें संस्करण के उपलक्ष्य में स्वागत रात्रिभोज का भी आयोजन किया।प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक शेखर कपूर ने उद्घाटन सत्र में राजनीतिक विश्लेषक और स्तंभकार सुनंदा वशिष्ठ के साथ रचनात्मकता और जीवन पर संवाद किया।

## लिपुलेख व्यापार समझौते को वापस लेने का आग्रह किया

**काठमांडू, (भाषा)** नेपाल की सत्तारूढ़ सीपीएन-यूएमएल ने लिपुलेख दर्रे के माध्यम से सीमा व्यापार फिर से शुरू करने के लिए भारत और चीन के बीच हुए समझौते पर आपत्ति जताई है और दोनों देशों से इस व्यवस्था से हटने का आग्रह किया है। भारत और चीन पिछले महीने लिपुलेख दर्रे और दो अन्य व्यापारिक बिंदुओं के माध्यम से सीमा व्यापार फिर से शुरू करने पर सहमत हुए थे।

नेपाल लिपुलेख को अपना क्षेत्र बताता है, जिसे भारत ने स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया है और कहा है कि यह "न तो उचित है और न ही ऐतिहासिक तथ्यों पर आधारित है"। नेपाल सरकार से उच्च स्तरीय कूटनीतिक पहल के माध्यम से इस मुद्दे को सुलझाने का आग्रह किया है और कालापानी, लिम्पियाधुरा और लिपुलेख सहित काली नदी के पूर्व के क्षेत्र पर नेपाल के अधिकार होने की बात फिर दोहरायी है। इसे ललितपुर जिले के गोदावरी नगर पालिका में 5-7 सितंबर को आयोजितके.पी. शर्मा ओली के नेतृत्व वाले सीपीएन-यूएमएल के दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन में पारित 28 सूत्री समकालीन प्रस्ताव में शामिल किया गया था।

### नौसेना की कार्रवाई में मारे गए 11 लोग वेनेजुएला के कुख्यात 'त्रेन दे अरागुआ' गिरोह से जुड़े थे

# कैरेबियाई नाव को अमेरिका द्वारा नष्ट करना अंतरराष्ट्रीय 'जीवन अधिकार' कानूनों का स्पष्ट उल्लंघन

**नोत्रे दम, (द कन्वरसेशन)** कैरेबियाई सागर में संदिग्ध तौर पर मादक पदार्थ की तस्करी कर रही एक नाव पर अमेरिका के जानलेवा हमले को "नार्को-आतंकवादियों" के खिलाफ कार्रवाई बताने के सरकारी दावे को अंतरराष्ट्रीय कानून के एक विशेषज्ञ ने खारिज कर दिया है।



विशेषज्ञ ने कहा कि भले ही अमेरिका का यह दावा मान लिया जाए कि 2 सितंबर, 2025 को नौसेना की कार्रवाई में मारे गए 11 लोग वेनेजुएला के कुख्यात 'त्रेन दे अरागुआ' गिरोह से जुड़े थे, तब भी अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत राज्य की हिंसात्मक कार्रवाई को वैध नहीं ठहराया जा सकता।

उन्होंने कहा कि किसी अन्य देश द्वारा विरोध न करना कानून की वैधता साबित नहीं करता। उन्होंने कहा "अवैध हत्या, चाहे कोई भी करे, किसी भी उद्देश्य से करे और उस पर कैसी भी प्रतिक्रिया हो — हमेशा अवैध होती है।" विशेषज्ञ ने कहा कि अमेरिकी घरेलू कानूनों के तहत भी इस कार्रवाई पर सवाल उठाए गए हैं, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह हमला मानव जीवन के अधिकार का उल्लंघन है, जो कि मानवाधिकार संधियों में स्पष्ट रूप से दर्ज है। अंतरराष्ट्रीय नागरिक और राजनीतिक अधिकारों पर समझौते (आईसीसीपीआर) का एक पक्षकार अमेरिका भी है। समझौते के अनुच्छेद 6 में कहा गया हैः ₹हर व्यक्ति को जीवन के अंतर्निहित अधिकार का संरक्षण प्राप्त है।

इस अधिकार की कानून द्वारा रक्षा की जाएगी। किसी को भी मनमाने ढंग से जीवन से वंचित नहीं किया जाएगा। विशेषज्ञ के अनुसार, यह स्थापित है कि किसी हत्या को 'मनमाना' माना जाए या नहीं, यह इस बात पर निर्भर करता है कि क्या वह शांति के समय हुई या सशस्त्र संघर्ष के दौरान।

उन्होंने कहा, "शांति की स्थिति में सरकारें केवल उसी स्थिति में घातक बल का प्रयोग कर सकती हैं, जब किसी जीवन की तत्काल रक्षा के लिए यह एकमात्र उपाय हो।"

विशेषज्ञ ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के कानून प्रवर्तन अधिकारियों के लिए मूल सिद्धांत भी यही बात दोहराते हैं: "जानबूझकर घातक बल का उपयोग केवल तब किया जा सकता है जब यह जीवन की रक्षा के लिए पूर्णतः अपरिहार्य हो।"

विशेषज्ञ ने बताया कि अमेरिका और कैरेबियाई देशों के बीच मादक पदार्थ रोकथाम को लेकर द्विपक्षीय संधियाँ मौजूद हैं। 'शिपराइडर समझौते' के तहत अमेरिकी एजेंसियों को संदिग्धों के मौलिक अधिकारों का सम्मान करना होता है। उन्होंने कहा कि ऐसी द्विपक्षीय और अंतरराष्ट्रीय संधियों को दरकिनार कर संदिग्धों की समरूप हत्या करना, न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि यह अमेरिका की संधियों पर आधारित विश्वसनीयता को भी नुकसान पहुंचाता है।

## खेल एक्सप्रेस

### संक्षिप्त खबरें



## अनन्या और दिव्यांशी को डब्ल्यूटीटी युवा स्टार कंटेंडर में अंडर-15 युगल खिताब

**स्कोपिया (मैसेडोनिया),(भाषा)** अनन्या मुरलीधरन और दिव्यांशी भौमिक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में झाओ वैंगकी और ल्यु झिलिंग की चीन की जोड़ी को हराकर डब्ल्यूटीटी युवा स्टार कंटेंडर टेबल टेनिस टूर्नामेंट में अंडर-15 लड़कियों के युगल वर्ग का खिताब जीता। कड़े मुकाबले में अनन्या और दिव्यांशी ने अपना धैर्य बरकरार रखते हुए चीन की जोड़ी के खिलाफ 11-8, 7-11, 11-8, 6-11, 14-12 से जीत दर्ज की। दबाव को झेलने और तनावपूर्ण क्षणों में आक्रामक जवाब देने की क्षमता भारतीय जोड़ी को पोडियम पर शीर्ष स्थान दिलाने में निर्णायक साबित हुई। इससे पहले सेमीफाइनल में इस जोड़ी ने हमवतन रियाना भूटा और अंकोलिका चक्रवर्ती को 3-1 (11-2, 10-12, 11-3, 11-6) से हराया था। रियाना और अंकोलिका को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारत के लिए पीबी अभिनंद और ऋत्विक गुप्ता ने क्रमशः अंडर-19 और अंडर-15 बालक एकल वर्ग में रजत पदक जीते। अभिनंद जापान के इवैडा शुंटो के खिलाफ सीधे गेम में 0-3 (6-11, 7-11, 8-11) से हार गए जबकि ऋत्विक को भी खिताबी मुकाबले में कोरिया के ली सेयुंगसू के खिलाफ 0-3 (8-11, 5-11, 8-11) से शिकस्त झेलनी पड़ी। अंडर-19 मिश्रित युगल में अभिनंद और सिंड्रेला दास की जोड़ी जबकि अंडर-15 बालक युगल में ऋत्विक और साहिल रावत की जोड़ी ने कांस्य पदक जीते। टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों ने कुल छह पदक जीते।

## मध्य क्षेत्र ने दलीप ट्रॉफी फाइनल के लिए टीम में चार बदलाव किए

**मुंबई, (भाषा)** मध्य क्षेत्र ने दक्षिण क्षेत्र के खिलाफ दलीप ट्रॉफी फाइनल के लिए टीम में चार बदलाव करते हुए विदर्भ के तेज गेंदबाज नचिकेत भूटे और मध्य प्रदेश के कुमार कार्तिकेय सिंह को टीम में शामिल किया है। भूटे विदर्भ टीम के अपने साथी यश ठाकुर की जगह लेंगे जबकि बाएं हाथ के स्पिनर कार्तिकेय को हर्ष दुबे की जगह चुना गया है। मध्य क्षेत्र के चयनकर्ताओं ने मध्य प्रदेश के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज कुलदीप सेन और राजस्थान के बाएं हाथ के स्पिनर अजय सिंह कुकना को खलील अहमद और मानव सुथार की जगह टीम में शामिल किया है। ठाकुर, दुबे, खलील और सुथार को भारत ए टीम में शामिल किए जाने के बाद टीम में बदलावों की घोषणा की गई। भारत ए की टीम ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ लखनऊ में चार दिवसीय दो मैच खेलेगी जो 16 से 19 सितंबर और 23 से 26 सितंबर तक खेले जाएंगे। मध्य क्षेत्र की टीम पांच दिवसीय दलीप ट्रॉफी फाइनल में 11 से 15 सितंबर तक बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मैदान पर दक्षिण क्षेत्र से भिड़ेगी। दोनों टीम ने अपने सेमीफाइनल मुकाबले ड्रॉ खेलकर पहली पारी की बढ़त के आधार पर फाइनल में जगह बनाई। मध्य क्षेत्र ने पश्चिम क्षेत्र के साथ ड्रॉ खेला जबकि दक्षिण क्षेत्र और उत्तर क्षेत्र के बीच सेमीफाइनल भी बराबरी पर छूटा। मध्य क्षेत्र टीमः रजत पाटीदार (कप्तान), आयुष पांडे, दानिश मालेवार, शुभम शर्मा, संचित देसाई, यश राठौड़, नचिकेत भूटे, कुमार कार्तिकेय सिंह, आदित्य ठाकरे, उपेंद्र यादव, अजय सिंह कुकना, अक्षय वाडकर, दीपक चाहर, कुलदीप सेन और सारांश जैन।

### भारत अपना अगला मैच पूल ए में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से खेलेगा।

# महिला एशिया कप में भारत ने सिंगापुर को हराया

**हांगझोउ (चीन) (भाषा)** नवनीत कौर और मुमताज खान की हैट्रिक की बदौलत भारतीय महिला हॉकी टीम ने सोमवार को एशिया कप के पूल बी मैच में सिंगापुर को 12-0 से रौंदा। नवनीत (14वां, 18वां, 28वां मिनट) और मुमताज खान (दूसरा, 32वां और 38वां मिनट) के अलावा, नेहा (11वां मिनट, 38वां मिनट) ने दो जबकि लालरेम्सियामी (13वां मिनट), शर्मिला देवी (45वां मिनट) और रुतुजा पिसल (52वां मिनट) ने भी भारत के लिए गोल दागे।



विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज भारत ने अपने पहले मैच में थाईलैंड को 11-0 से हराया था, जबकि गत चैंपियन जापान के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला था। भारत अपना अगला मैच सुपर चार चरण में पूल ए में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से खेलेगा।

विश्व रैंकिंग में 34वें स्थान पर काबिज सिंगापुर के खिलाफ भारतीय टीम ने दो मिनट के अंदर ही गोल कर शानदार शुरुआत की। मुमताज के सर्कल के कोने से लगाये जोरदार रिवर्स शॉट का सिंगापुर की रक्षापंक्ति के पास कोई जवाब नहीं था। भारतीय खिलाड़ियों ने मैच पर अपना दबदबा कम नहीं होने दिया और आठवें मिनट में टीम ने पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन यह प्रयास जाया हो गया। टीम ने 11वें से 14 वें मिनट के अंदर तीन गोल कर पहले क्वार्टर में ही सिंगापुर को बैकफुट पर धकेल दिया।

इसकी शुरुआत नेहा ने रिबाउंड पर गोल कर की। मैच के 13वें मिनट में लालरेम्सियामी के गोल से टीम की बढ़त 3-0 हो गयी। नवनीत ने इसके एक मिनट के बाद पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर स्कोर 4-0 कर दिया।

सिंगापुर ने दूसरे क्वार्टर में भारतीय टीम को कुछ समय तक रोके रखा लेकिन नवनीत ने एक और दमदार प्रयास करके 20वें मिनट में स्कोर 5-0 कर दिया। भारत ने लगातार पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर दबाव बनाए रखा और उनमें से तीसरे पेनल्टी कॉर्नर पर नवनीत ने गोलकीपर को चकमा देकर अपनी हैट्रिक पूरी की। उदिता ने इसके तुरंत बाद एक और पेनल्टी कॉर्नर पर शानदार गोल किया जिससे मध्यांतर तक भारत को 7-0 की शानदार बढ़त मिल गई। लालरेम्सियामी ने 32वें मिनट में मुमताज को एक शानदार पास दिया, जिससे स्कोर 8-0 हो गया।

भारत को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले और 38वें मिनट में नेहा ने एक बार फिर गेंद को गोल में डालकर स्कोर 9-0 कर दिया। इसके बाद मुमताज ने मैच में हैट्रिक लगाने वाली दूसरी भारतीय खिलाड़ी बनी।

इस क्वार्टर के अंत में भारत को मैच का 12वां पेनल्टी कॉर्नर मिला। नेहा की जोरदार हिट को सिंगापुर के गोलकीपर ने बचा लिया, लेकिन रिबाउंड पर शर्मिला ने गोल कर बढ़त को 11-0 कर दिया। भारत ने मैच के आखिरी क्वार्टर में दबाव बनाए रखा और 53वें मिनट में एक शानदार डिफ्लेक्शन के साथ रुतुजा पिसल ने अपना नाम स्कोरशीट में दर्ज कराया।

सिंगापुर ने सांत्वना गोल के लिए कड़ी मेहनत की लेकिन भारत के दबदबे के सामने उनकी एक नहीं चली। इस टूर्नामेंट में आठ टीमें भाग ले रही हैं और दोनों पूल से शीर्ष दो टीमें सुपर चार चरण के लिए क्वालीफाई करेंगी। सुपर चार की शीर्ष दो टीमें 14 सितंबर को होने वाले फाइनल में खेलेंगी। एशिया कप विजेता टीमें बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले 2026 महिला विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी।



## युवा तेज गेंदबाज कैलम विडलर ऑस्ट्रेलिया ए के भारत दौरे से बाहर

**मेलबर्न, (भाषा)** क्वींसलैंड के तेज गेंदबाज कैलम विडलर सोमवार को आंशिक 'स्ट्रेस फ्रैक्चर' के कारण ऑस्ट्रेलिया ए के आगामी भारत दौरे से बाहर हो गए जिससे ऑस्ट्रेलिया के चोटिल तेज गेंदबाजों की बढ़ती सूची में एक और नाम जुड़ गया। इस 19 वर्षीय खिलाड़ी से पहले टेस्ट कप्तान पैट कमिंस, लान्स मौरिस और ब्रॉडी काउच भी चोटिल होने के कारण चयन की दौड़ से बाहर हैं। दोनों देशों की ए टीम के बीच श्रृंखला 30 सितंबर से शुरू होगी। विडलर ने पेशेवर क्रिकेट में पिछला मुकाबला मार्च में दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शेफील्ड शील्ड 2024-25 के फाइनल के रूप में खेला था और तब उन्होंने अपनी टीम की हार के दौरान पांच विकेट चटकाए थे। क्वींसलैंड के हाई परफोर्मेंस महाप्रबंधक जो डावेस ने 'ईएसपीएनक्रिकइन्फो' को बताया, ''कैलम को ट्रेनिंग के दौरान पीठ में दर्द हुआ और उन्होंने तुरंत इसकी सूचना दी। दुर्भाग्य से स्कैन में स्ट्रेस फ्रैक्चर की पुष्टि हुई है इसलिए उन्हें कुछ समय ठीक होने में लगेगा और फिर रिहैबिलिटेशन की योजना शुरू करनी होगी।''उन्होंने कहा, ''वह स्वाभाविक रूप से बहुत निराश हैं लेकिन मानते हैं कि चोटें खेल का हिस्सा हैं। हम उनके साथ मिलकर काम करेंगे जिससे कि यह सुनिश्चित हो सके कि वह क्रिकेट में वापसी के लिए पूरी तरह तैयार हो सकें।''

## गावस्कर, शास्त्री, सहवाग एशिया कप के लिए कमेंट्री पैनल में

**नयी दिल्ली, (भाषा)** भारत के दिग्गज खिलाड़ी सुनील गावस्कर, रवि शास्त्री और वीरेंद्र सहवाग के साथ-साथ पूर्व गेंदबाजी कोच भरत अरुण मंगलवार से यूएई में शुरू हो रहे एशिया कप टी20 टूर्नामेंट के लिए सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के बहुभाषी कमेंट्री पैनल का हिस्सा होंगे। भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, यूएई, ओमान और हांगकांग अगले साल होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप से पहले महाद्वीपीय वर्चस्व के लिए संघर्ष करेंगे। भारत अपने अभियान की शुरुआत बुधवार को यूएई के खिलाफ करेगा। भारत के पूर्व मुख्य कोच शास्त्री, गावस्कर, संजय मांजरेकर, रॉबिन उथप्पा, बाजिद खान, वकार यूनिस, वसीम अकरम, रसेल अर्नोल्ड और साइमन डूल उन कमेंटेटरों में शामिल हैं।

### सिराज के साथ न्यूज़ीलैंड के मैट हेनरी और वेस्टइंडीज के जेडन सील्स भी इस सूची में शामिल है।

# मोहम्मद सिराज आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए नामित हुए

**दुबई, (भाषा)** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को सोमवार को इंग्लैंड दौरे के पांचवें और अंतिम टेस्ट में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए आईसीसी के अगस्त महीने के 'सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया। सिराज के साथ न्यूजीलैंड के मैट हेनरी और वेस्टइंडीज के जेडन सील्स भी इस सूची में शामिल है।



सिराज ने इंग्लैंड में पांच मैचों की श्रृंखला के सभी मैचों को खेला और 23 विकेट चटकाये। जून के अंत में शुरू यह श्रृंखला अगस्त की शुरुआत में खत्म हुई । सिराज ने पांचों टेस्ट में 185.3 ओवर डाले और अपनी रफ्तार कम किए बिना युवा और कम अनुभव वाले भारतीय टीम को 2-2 से ड्रॉ करने में मदद की। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर कहा, ''मोहम्मद सिराज ने अगस्त में सिर्फ एक मैच खेला, लेकिन उस मैच में उनकी शानदार गेंदबाजी उन्हें नामांकन दिलाने के लिए काफी थी। इंग्लैंड के खिलाफ 'द ओवल' में एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी श्रृंखला के अंतिम टेस्ट में इस भारतीय तेज गेंदबाज ने 21.11 की औसत से नौ विकेट लेकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।'' उन्होंने कहा, ''जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में सिराज ने बहुत दृढ़ संकल्प के साथ आक्रमण का नेतृत्व किया। श्रृंखला के शुरुआती चार मैच खेलने के बावजूद उन्होंने दो पारियों में 46 से अधिक ओवर डाले।'' आईसीसी ने कहा, ''उन्होंने पहली पारी में चार विकेट लिए और उसके बाद दूसरी पारी में शानदार पांच विकेट लिए। दूसरी पारी में उनके निर्णायक स्पैल ने भारत को जीत दिलाई, जिससे श्रृंखला 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुआ। इस शानदार प्रयास के लिए सिराज को इस मैच का 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।''न्यूजीलैंड के हेनरी को जिम्बाब्वे में टेस्ट श्रृंखला में जीत के दौरान उनके शानदार प्रदर्शन के लिए नामांकित किया गया है। इस दायें हाथ के गेंदबाज ने इस श्रृंखला में 16 विकेट लिये।

हेनरी ने पहले टेस्ट में नौ (39 रन देकर छह विकेट) और (51 रन देकर तीन विकेट) तथा दूसरे टेस्ट में सात विकेट (40 रन देकर पांच और 16 रन देकर दो विकेट) लेकर अपनी टीम को 2-0 से जीत दिलाई।

सील्स के शानदार प्रदर्शन से वेस्टइंडीज ने 34 साल में पहली पर एकदिवसीय श्रृंखला में पाकिस्तान को शिकस्त दी। सील्स ने तीन मैचों की इस श्रृंखला में 10 विकेट लिये। इसमें आखिरी मैच में उन्होंने 18 रन देकर छह विकेट लिये जिससे पाकिस्तान की टीम 295 रन का पीछा करते हुए महज 92 रन पर सिमट गयी।

नई दिल्ली, मंगलवार 9 सितंबर 2025

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

FRONT PAGE 2



''पहले त्योहारों से पहले दंगे शुरू हो जाते थे, लेकिन पिछले आठ सालों में हर ज़िला, समुदाय और व्यक्ति पूरे जोश और उत्साह के साथ त्योहारों में हिस्सा लेता है।''

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.



दयाशंकर सिंह ने लखनऊ स्थित आवास पर आए हुए आगंतुकों से भेंट करते कर उनकी समस्याओं को सुना और निराकरण का आश्वासन दिया।




# सपा शासनकाल में हुई कई सरकारी भर्तियों को जांच के लिए सीबीआई को सौंपा : आदित्यनाथ

लखनऊ, (भाषा) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी (सपा) की पिछली सरकार के शासनकाल के दौरान हुई सरकारी भर्तियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि गड़बड़ियों की वजह से उनकी सरकार ने बहुत सारी भर्तियों की जांच केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी थी।

मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित 1112 कनिष्ठ सहायक और 22 एक्सरे तकनीशियन को नियुक्ति पत्र वितरण के लिए आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राज्य की पूर्ववर्ती सपा सरकार पर भर्तियों में धांधली किये जाने का आरोप लगाया।

मुख्यमंत्री ने कहा, ''किस प्रकार की भर्तियां होती थीं। हमें बहुत सारी भर्तियों की जांच उस समय सीबीआई को देनी पड़ी थी।'' उन्होंने स्वास्थ्य विभाग में वर्ष 2016 से एक व्यक्ति के नियुक्ति पत्र पर कई जिलों में छह अलग-अलग लोगों द्वारा नौकरी किये जाने के एक प्रकरण का उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने कहा, ''आपने देखा होगा कि एक व्यक्ति आठ-आठ जगह पर नाम लिखाकर पैसा लेता जा रहा था। वो तो जब जांच में सामने आया तब पता लगा।''

आदित्यनाथ ने किसी का नाम लिये बगैर कहा, ''ये कौन लोग हैं...ये वो ही लोग हैं जिनसे एक परिवार



के लोग पैसा लेकर ये भर्ती करते थे और उत्तर प्रदेश की जनता को इस प्रकार से लूटते थे। वह भर्ती 2016 की है। अभी वह जांच चल रही है। वह जांच समय पर हो जाएगी तो ऐसे महाभारत के रिश्ते सामने आयेंगे। अब वे बाकी का जीवन जेल में ही बिताने पर मजबूर होंगे।" उन्होंने कहा, ''पहले त्योहारों से पहले दंगे शुरू हो जाते थे, लेकिन पिछले आठ सालों में हर ज़िला, समुदाय और व्यक्ति पूरे जोश और उत्साह के साथ त्योहारों में हिस्सा लेता है।'' आदित्यनाथ ने कहा, ''जब व्यक्ति स्वयं स्वस्थ नहीं होगा, तो व्यवस्था कैसे स्वस्थ रहेगी? जब व्यवस्था ही अस्वस्थ हो जाएगी, तो उसके सभी स्तंभ ध्वस्त होते दिखाई देंगे। वर्ष 2017 से पहले ही इस व्यवस्था में घुन लग चुका था, जो इसे अंदर से खोखला कर रहा था।''

मुख्यमंत्री ने नकारात्मकता फैलाने वालों पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों के पास काम नहीं है, उन्हें केवल अपने स्मार्टफोन के माध्यम से नकारात्मकता दिखाई देती है।

वे अलग-अलग जगहों की तस्वीरें डालकर नकारात्मकता फैलाएंगे और सरकार, विभाग और आपकी छवि खराब करेंगे। इनसे सावधान रहना होगा। उन्होंने कहा कि पहले उप्र में 17 मेडिकल कॉलेज थे। पिछले साढ़े आठ वर्षों में हम प्रदेश में सरकारी और निजी क्षेत्र के मेडिकल कॉलेज की संख्या 80 से ऊपर पहुंचाने में सफल हुए हैं।

योगी ने कहा कि एक जिला, एक मेडिकल कॉलेज उप्र की पहचान बन रहा है।उन्होंने पिछली सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि पहले अस्पताल बंद मिलते थे तथा चिकित्सक होते थे तो दवा नहीं मिलती थी, दवा होती थी तो चिकित्सक नहीं होते थे। उन्होंने कहा कि दवा और चिकित्सक दोनों होते थे तो बिजली नहीं होती थी, लेकिन अब लोगों को जिले में ही सारी सुविधाएं मिल रही हैं। मुख्यमंत्री ने 2017 से पहले और पिछले आठ साल में अपने नेतृत्व की सरकार का तुलनात्मक ब्योरा देते हुए विस्तार से अपनी उपलब्धियां गिनाई।

## स्वदेशी मेला आयोजित करें राजग के सांसद, भारत के उत्थान के लिए आत्मनिर्भरता जरूरी: प्रधानमंत्री मोदी

नयी दिल्ली, (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सांसदों से भारत में निर्मित उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए 'स्वदेशी मेला' आयोजित करने का आग्रह किया और कहा कि आत्मनिर्भरता ही भारत के उत्थान का मार्ग है।

सूत्रों ने बताया कि उपराष्ट्रपति चुनाव से एक दिन पहले सांसदों को संबोधित करते हुए मोदी ने भारत में निर्मित उत्पादों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया और लोगों को जीएसटी दरों में कटौती के व्यापक प्रभाव के बारे में बताने का आग्रह किया।

सूत्रों ने बताया कि इसके अलावा उन्होंने सांसदों से खासकर त्योहारी सीजन में अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में लोगों एवं व्यापारियों के साथ बैठकें करने का आग्रह किया।

# डी एम मिश्र को मिला अजमल सुलतानपुरी स्मृति सम्मान

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

सुलतानपुर रेलवे के यूनियन सभागार में उद्गार मंच, कौंडिन्य साहित्य सेवा समिति कादीपुर के सौजन्य से कवि मथुरा प्रसाद सिंह '' जटायु '' का 74 वॉं जन्मदिन साहित्य दिवस के रूप में मनाया गया। यहॉं कवि डॉ डी एम मिश्र को ग़ज़ल लेखन के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं महत्वपूर्ण योगदान करने के लिए अजमल सुलतानपुरी स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया।

कतिपय कारणों से वह सम्मान लेने कार्यक्रम स्थल तक नहीं पहुँच सके। तब संस्था के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ सुशील कुमार पाण्डेय '' साहित्येन्दु '' कवि मथुरा प्रसाद सिंह '' जटायु '', व राणा प्रताप पीजी कॉलेज सुलतानपुर के हिन्दी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर ज्ञानेंद्र विक्रम सिंह रवि ने उन्हें आवास पर जाकर सम्मानित किया।





# शांतनु मिश्रा को 'प्रगतिशील कृषक पुरस्कार 2025' से सम्मानित किया गया



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान, कानपुर में दिनांक 05 सितंबर, 2025 को पारंपरिक शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर 32वां स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय प्रो. विनय कुमार पाठककुलपति, सीएसजेएम विश्वविद्यालय कानपुर के द्वारा उन्नत दलहन उत्पादन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए कानपुर देहात अमरौधा ब्लॉक के श्री शांतनु मिश्रा (डायरेक्टर श्याम कुंवर सिनर्जी एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड) पुत्र श्री सतीश चंद्र मिश्रा जी को ''प्रगतिशील कृषक पुरस्कार 2025'' से सम्मानित किया गया।

संस्थान के द्वारा उनको कानपुर देहात जिले का नाम रोशन करने एवं भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित की गईं।

## सोनोवाल, अन्य सांसदों ने भूपेन हजारिका को 100वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की

नयी दिल्ली, (भाषा) केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, कई सांसदों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने सोमवार को यहां असम हाउस में संगीत सम्राट भूपेन हजारिका की 100वीं जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

असम सरकार ने हजारिका की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में वर्ष भर जारी रहने वाले कार्यक्रमों की शुरुआत की है। हजारिका का 2011 में निधन हो गया था। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी असम की अपनी दो-दिवसीय यात्रा के दौरान शनिवार को गुवाहाटी में भारत रत्न से सम्मानित हजारिका के जन्म शताब्दी समारोह में शामिल होंगे।

सोनोवाल ने इस अवसर पर कहा कि भूपेन हजारिका ने ''मिट्टी, लोगों, असम की संस्कृति और शेष पूर्वोत्तर'' के गीत गाए तथा उन्हें वैश्विक मंच पर ले गए।

विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने 'ब्रह्मपुत्र के कवि' को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि हजारिका के गीत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित और प्रोत्साहित करते रहेंगे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में 'चित्र प्रदर्शनी': डॉ. विजय जौली

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**नई दिल्ली,** : दिल्ली स्ट्डी ग्रुप (गैर सरकारी संगठन) अध्यक्ष डॉ. विजय जौली ने आज एक प्रैस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में एक ''चित्र प्रदर्शनी'' दिल्ली में आयोजित की जा रही है।डॉ. जौली ने बताया कि इस फोटो प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री मोदी के ऐतिहासिक (भाजपा शासित) 11 वर्षों के सुशासन और उसकी उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जायेगा। डॉ जौली ने बताया कि वर्ष 2014 से 2025 तक प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार द्वारा देश के नागरिकों के लिए शुरू की गई सभी जन-कल्याणकारी योजनाओं को रंगीन कैनवस स्टैंडियों पर हिन्दी व अंग्रेजी भाषा में प्रदर्शित किया जायेगा। यह चित्र प्रदर्शनी कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया, डिप्टी स्पीकर हॉल, रफि मार्ग, नई दिल्ली-01 पर आगामी वृहस्पतिवार, 11 सितंबर 2025 को दोपहर 12.30 बजे से सायं 5.00 बजे तक चलेगी। डॉ. जौली ने आगे बताया कि इस अवसर पर सूरीनाम के विश्व विख्यात भोजपुरी गायक श्री कृष रामखेलावन द्वारा रचित विशेष विडियो गीत मोदी जी के नेतृत्व का गुणगान करते, सेल्फी विद मोदी के संग दिल्ली स्ट्डी ग्रुप द्वारा निर्मित व निर्देशित लघु फिल्म भी दिखाई जायेगी। इस अवसर पर कई देशों के विदेशी राजनयिकों ने भाग लेने के लिए अपनी सहमति भी दे दी है।



# असुरक्षा और अवसर की कमी रोक रही है बिहार की बेटियों की राह : राहुल

नयी दिल्ली, (भाषा) कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को दावा किया कि बिहार की बेटियां प्रतिभावान हैं, लेकिन असुरक्षा, असुविधा और अवसर की कमी उनकी राह रोक रही है।

उन्होंने बिहार में निकाली गई 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान कुछ छात्राओं से मुलाकात का एक वीडियो सोमवार को अपने यूट्यूब चैनल पर साझा किया।

राहुल गांधी ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो पोस्ट किया और कहा, ''वोटर अधिकार यात्रा के दौरान मुझे बिहार की उन बेटियों से मिलने का अवसर मिला, जो पहली बार वोट डालने जा रही हैं। बातचीत में एक बात बिल्कुल साफ़ दिखी कि बिहार की बेटियां प्रतिभा से भरी हैं, उनके इरादे बुलंद हैं और सपने बड़े। लेकिन असुरक्षा, असुविधा और अवसर की कमी उनकी राह रोक देती है।'' उन्होंने दावा किया, ''स्कूल और कॉलेज दूर हैं। बस और ट्रेन में छेड़छाड़ आम है। रास्तों में अंधेरा और असुरक्षा है। सरकारी शिक्षा और



स्वास्थ्य व्यवस्था जर्जर हालत में है। अंधाधुंध निजीकरण ने ग़रीब और आम परिवारों की बेटियों को और पीछे धकेल दिया है।''

कांग्रेस नेता ने कहा, '' इन हालात से जूझकर भी जब वे अपने हक़ के लिए आवाज़ उठाती हैं, तो उन्हें ताना सुनना पड़ता है कि तुम बहुत बड़ी नेता हो क्या? लेकिन यही सच्चाई है।'' उन्होंने कहा कि बिहार की बेटियां बदलाव की सबसे बड़ी ताक़त हैं और उनकी आवाज़ दबाई नहीं जा सकती। राहुल गांधी ने कहा, ''हम मिलकर उन्हें हक़ और आज़ादी दिलाएंगे, ताकि हर बेटी बेख़ौफ़ होकर अपने सपनों की उड़ान भर सके।''

# जम्मू-कश्मीर : आम आदमी पार्टी के विधायक मेहराज मलिक को हिरासत में लिया गया

जम्मू, (भाषा) आम आदमी पार्टी (आप) की जम्मू-कश्मीर इकाई के प्रमुख एवं विधायक मेहराज मलिक को सोमवार को डोडा जिले में सार्वजनिक व्यवस्था में खलल डालने के आरोप में कठोर जन सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत हिरासत में ले लिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों के मुताबिक, यह पहली बार है जब किसी मौजूदा विधायक को पीएसए के तहत हिरासत में लिया गया है। पीएसए एक प्रशासनिक कानून है जो कुछ मामलों में बिना किसी आरोप या मुकदमे के दो साल तक हिरासत में रखने की अनुमति देता है।

मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि मलिक जन सुरक्षा के लिए कोई खतरा नहीं हैं और उन पर यह कानून लागू करना गलत है।

अधिकारियों ने बताया कि इससे पहले दिन में 37 वर्षीय आप विधायक को डाक बंगले पर पुलिस ने हिरासत में ले लिया था, जब वह अपने क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करने की योजना बना रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस द्वारा मलिक के खिलाफ एक मामला दर्ज किए जाने के बाद डोडा के उपायुक्त हरविंदर सिंह के



आदेश पर उन्हें बाद में पीएसए के तहत भद्रवाह जिला जेल में स्थानांतरित कर दिया गया।

मलिक के खिलाफ यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई है जब सरकारी कर्मचारियों ने बड़े पैमाने पर उनके खिलाफ प्रदर्शन किया। दरअसल, मलिक ने सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर उपायुक्त के खिलाफ अपमानजनक अभियान चलाया था, जिसके बाद सरकारी कर्मचारी उपायुक्त के समर्थन में सामने आए थे।

प्रदर्शन कर रहे सरकारी कर्मचारियों ने आप विधायक पर आरोप लगाया कि वह अकसर चिकित्सकों समेत सरकारी अधिकारियों के साथ अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हैं और युवाओं को सरकारी मशीनरी के खिलाफ भड़काते हैं। अधिकारियों ने बताया कि पिछले एक साल में पहाड़ी जिले में मलिक के 'अशिष्ट' व्यवहार और सरकारी अधिकारियों से उनकी लड़ाई के कारण उनके खिलाफ दर्जनों मामले और शिकायतें दर्ज की गई हैं। उन्होंने कहा कि आप नेता के कई करीबी सहयोगियों को भी पीएसए के तहत हिरासत में लिया गया है, साथ ही कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। विपक्षी दल पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) और पीपुल्स कॉन्फ्रेंस ने मलिक की पीएसए के तहत गिरफ्तारी की निंदा की और इसे असहमति को दबाने और लोकतंत्र पर हमला करार दिया है।

## प्रधानमंत्री 15 सितंबर को कोलकाता में सशस्त्र बलों के संयुक्त कमांडर सम्मेलन का उद्‌घाटन करेंगे

कोलकाता, (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 सितंबर को कोलकाता में सशस्त्र बलों के तीन-दिवसीय संयुक्त कमांडर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। एक रक्षा अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि 15 से 17 सितंबर तक आयोजित होने वाले इस सम्मेलन में सुधार, परिवर्तन और अभियानगत तैयारियों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इस वर्ष के सम्मेलन का विषय 'सुधारों का वर्ष - भविष्य के लिए परिवर्तन' है। सम्मेलन का उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी करेंगे। बयान में कहा गया, ''सम्मेलन का फोकस संस्थागत सुधारों, गहन एकीकरण और तकनीकी आधुनिकीकरण के प्रति सशस्त्र बलों की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। साथ ही बहु-क्षेत्रीय अभियानगत तैयारी के उच्च स्तर को बनाए रखना है।'' सम्मेलन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह सहित अन्य शामिल होंगे।

# "सोक्रेट्स सोशल रिसर्च यूनिवर्सिटी" ने अपने 21 वे दीक्षांत समारोह के दौरान "ऑनरेरी डॉक्टरेट" की उपाधि प्रदान की

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

दिनांक 6 सितंबर को दिल्ली के विश्व युवा केंद्र चाणक्यपुरी में ''सोक्रेट्स सोशल रिसर्च यूनिवर्सिटी'' ने अपने 21 वे दीक्षांत समारोह के दौरान लगभग 40 विशिष्ट व्यक्तियों को जिन्होंने समाज सेवा, साक्षरता, सामाजिक सुरक्षा और आंतरिक सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया हुआ है। उनके कार्यों को देखते हुए सोक्रेट्स सोशल रिसर्च यूनिवर्सिटी ने उनको एक भव्य समारोह के दौरान ''ऑनरेरी डॉक्टरेट'' की उपाधि प्रदान की, यह एक सम्मान मात्रा नहीं था बल्कि इसके लिए उन विशिष्ट लोगों का चुनाव एक विशिष्ट प्रक्रिया के द्वारा, माप डंडों पर आधारित नियमों का पालन करते हुए हुआ। जिन-जिन व्यक्तियों ने अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय और विशेष कार्य किया हुआ है और अभी कर रहे है उनके आवेदनों पर विचार करके और उनके उल्लेखनीय कार्य को देखते हुए सोक्रेट्स सोशल रिसर्च यूनिवर्सिटी ने उन्हें ''ऑनरेरी डॉक्टरेट'' की एक मानक उपाधि प्रदान की जो की एक बहुत ही उल्लेखनीय कार्य है।




विशेष रूप से उन लोगों के लिए जो कि अपने-अपने क्षेत्र में काफी सालों से कार्य कर रहे हैं, लेकिन उन्हें वह सम्मान नहीं मिला था जिसके वह हकदार हैं। इस तरह से न केवल उनके हौसला को बढ़ाया गया बल्कि भविष्य में इस तरह के और अधिक कार्य करने की प्रेरणा के साथ उनका उत्साह वर्धन भी किया गया। संस्था के अध्यक्ष के. योगेश जी ने विशेष रूप से अपनी संस्था का परिचय देते हुए अपने कार्य क्षेत्र और ऐसी प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए उनका जो मिशन है, उसकी जानकारी दी और भविष्य में न केवल भारत बल्कि विदेशों से भी उन प्रतिभाओं को सम्मानित करने का निर्णय लिया जो कि अच्छा और उल्लेखनीय काम समाज के हित में, राष्ट्र के हित में और मानवता के हित में कर रहे हैं।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि और विशेष अतिथि के तौर पर श्री पी के मिश्रा जी, आईपीएस,पूर्व अतिरिक्त अतिरिक्त महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल, प्रोफेसर के पी सिंह जी, निदेशक गाँधी भवन, दिल्ली विश्वविद्यालय, डॉ. दीना सुनील जी, विभागध्यक्ष गणित विभाग, दिल्ली तकनीकी विश्वविद्यालय, डॉ. राकेश राही जी, पूर्व उपनिदेशक शिक्षा, दिल्ली सरकार, जस्टिस राजेश टंडन जी, पूर्व न्यायधीश उत्तराखंड उच्च न्यायलय, नैनीताल शाखा के अतिरिक्त सोक्रेट्स रिसर्च यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष के. योगेश जी, लीगल एडवाइजर, एडवोकेट श्री आर बाग जी, फाइनेंस एडवाइजर श्री रामबाबू शर्मा जी, मेंबर का एडवाइजरी कमेटी के डॉक्टर आलोक कुमार और सभी एडवाइजरी कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम और दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व न्यायाधीश उत्तराखंड हाई कोर्ट जस्टिस राजेश टंडन जी द्वारा किया गया।

संस्था के अध्यक्ष श्री के. योगेश जी द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव, कार्यक्रम की समाप्ति राष्ट्रीय गान के द्वारा किया गया। कार्यक्रम अपने आप में बहुत ही भव्य और ऊर्जा से भरा हुआ था। सम्मान पाने वाले विशेष व्यक्तियों के साथ उनके परिवार के सदस्य भी आए हुए थे जिन्होंने इस कार्यक्रम की भव्यता और भावुकता को और अधिक बढ़ा दिया। ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिए जिससे कि व्यक्तियों में और विशेष रूप से जो व्यक्ति समाज सेवा, राष्ट्र सेवा की कर्तव्य में लगे हुए हैं। उनमें एक नई ऊर्जा का संचार होता रहेगा।

स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक : विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048, ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.-011 49066569। प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।